“Mudrarakshasa” Natakam

Of

Mahakavee

Shree Vishakhadutt

विषयानुक्रमणिका

(क) भूमिका

(ख) मूलग्रंथ तथा टीका

परिशिष्ट

मुद्राराक्षसम्

भूमिका

१. पूर्व कथा

प्राचीन काल मे मगध राज्य एक बडा भारी जनस्थान था। इस देश की राजधानी पाटलिपुत्र अथवा पुष्पपुर थी। यहाँ जरासध आदि अनेक पुरुवशी राजा हो गये है। कालान्तर मे नन्दवश ने पौरवो को निकाल कर वहाँ अपनी जयपताका फहराई। नन्दवश का प्रताप सारे भारतवष मे व्याप्त हो गया। इसी वश मे महानन्द का जन्म हुआ। वह बडा वीर और प्रतापी था।

महानन्द के दो मत्री थे। मुख्य मत्री का नाम शकटार और दूसरे का राक्षस था। शकटार शूद्र था और राक्षस ब्राह्मण। दोनो बडे प्रतिभा-सपन्न थे। किन्तु शकटार उद्धत था। इसी से उससे अप्रसन्न होकर महानन्द ने उसे कैदी बना दिया।

शकटार यद्यपि कारागार से छट गया तथापि अपनी प्रतिष्ठा की हानि और परिवार का नाश उसके मन मे सदा खटकता रहा। प्रतिहिसा की अग्नि सदा उसके हृदय मे धधकती रही। एक दिन वह बाहर भ्रमण करने गया। मार्ग मे उसने एक काले ब्राह्मण को देखा कि वह कुशो को खन खन कर उनकी जडो मे मट्ठा डाल रहा है। शकटार ने उस ब्राह्मण से ऐसा करने का कारण पूछा। उस ब्राह्मण ने अपना परिचय देते हुए कहा कि मै ब्राह्मण हूँ। मेरा नाम विष्णुगुप्त चाणक्य है। मै किसी कार्य से बाहर जा रहा था। ये कुश मेरे पैर मे गड गये जिससे मेरा काम रुक गया। अत मै इन कुशो को उखाड कर इनकी जड मे मट्ठा दे रहा हूँ ताकि इनका सर्वनाश हो जाय।

यह बात सुनकर शकटार ने सोचा कि अगर यह ब्राह्मण किसी प्रकार महानन्द से रुष्ट हो जाय तो उसका सर्वनाश कर सकता है। वह अवसर की प्रतीक्षा करने लगा। महानन्द के यहाँ एक श्राद्ध था। शकटार ने चाणक्य को श्राद्ध मे निमन्त्रित

किया और स्वय कही चला गया। क्योकि वह जानता था कि महानन्द काले ब्राह्मण को देखकर नाराज हो जायगा और उसे श्राद्ध के आसन से हटा देगा और ऐसा ही हुआ भी। जब राजा ने श्राद्धभवन मे एक अनिमन्त्रित काले ब्राह्मण को देखा तो क्रोध से आगबबूला हो गया और उसको वहाँ से निकाल देने की आज्ञा दे दी। इस अपमान से रुष्ट होकर चाणक्य ने नन्द वश का नाश करने की प्रतिज्ञा की और राजभवन से चल दिया।

महानन्द के नव पुत्र थे। उनमे एक चन्द्रगुप्त भी था जो एक शूद्रा से पैदा हुआ था। उस शूद्रा का नाम मुरा था। इसी से चन्द्रगुप्त को मौर्य और वृषल भी कहते है। चन्द्रगुप्त बडा बुद्धिमान् था। एक तो यह शूद्रा-पुत्र था दूसरे यह प्रतिभाशाली भी था। इसी कारण उसके आठो भाई उससे भीतर ही भीतर जलते थे और महानन्द भी पुत्रो का पक्ष लेकर चन्द्रगुप्त से कुढता था। ज्येष्ठ होने के कारण चन्द्रगुप्त अपने को राज्य का अधिकारी समझता था और इसी से राज-परिवार से उसका पूरा वैमनस्य था। चाणक्य और शकटार ने निश्चय किया कि राज्य का लोभ देकर चन्द्रगुप्त को अपनी ओर मिला ले और नन्दो का नाश करके इसी को राजा बनावे।

जब यह बात निश्चय हो गई तो चाणक्य अपनी कुटी मे जाकर रहने लगा और शकटार महानन्द की एक दासी विचक्षणा और चन्द्रगुप्त को मिलाकर अपनी ओर फोडने लग गया। इधर चाणक्य ने कुछ ऐसे विषैले पकवान तैयार किये जो परीक्षा करने मे न पकडे जायँ पर उनके खाते ही प्राणान्त हो जाय। विचक्षणा ने किसी प्रकार महानन्द को पुत्रो समेत यह विष भरा पकवान खिला दिया जिससे वे सबके सब एक साथ परलोकगामी हो गये। शकटार तो कुछ दिनो बाद मर गया और चाणक्य चन्द्रगुप्त को राजा बनाने का उपाय सोचने लगा। वह पर्वतक नामक एक राजा को आधा राज देने का लालच दिलाकर पटने पर चढाई करने के लिए ले आया। पर्वतक का पुत्र मलयकेतु और भाई वैरोचक था। पर्वतक अपनी सहायता के लिये पाँच और म्लेच्छ राजाओ को साथ ले आया।

इधर राक्षस मत्री राजा के मरने से दु खी होकर उसके भाई सर्वार्थसिद्धि को सिंहसान पर बैठाकर राजकाज चलाने लगा। सर्वार्थसिद्धि कुछ दिनो बाद वन मे चला गया और वहाँ चाणक्य ने उसे मरवा डाला। यह देखकर राक्षस मत्री बहुत दु खी हुआ और पर्वतक को मिलाने का प्रयत्न करने लगा। उसको

मिलाकर उसने चन्द्रगुप्त को मारना चाहा। चाणक्य को यह बात मालूम हो गई। उसने एक विषकन्या भेजी। कामी पर्वतक उससे ससर्ग करते ही मर गया और उसका पुत्र मलयकेतु भी भयवश अपने देश को चला गया। अब राक्षस चन्द्रगुप्त का अनिष्ट करने मे पूर्णरूपे से उद्यत हो गया। इसके पीछे की घटना का इस नाटक मे वर्णन है। नाटक का आरम्भ तब होता है जब मलयकेतु और राक्षस के आक्रमण का शोर मच रहा था।

२ कथावस्तु का मूलाधार

विष्णुपुराण, भागवत और अन्य पुराणो मे यह कथा मिलती है। इनमे यही कहा गया है कि कौटिल्य (चाणक्य) द्वारा नन्द का वध किया गया और उसके स्थान पर चन्द्रगुप्त राजा बनाया गया। यह भी लिखा मिलता है कि कामन्दक चाणक्य के एक शिष्य ने अभिचार के द्वारा नन्द का नाश किया। दशरूपक मे जो दशवी शताब्दी ई० मे लिखा गया है, यह कहा गया है कि मुद्राराक्षस का कथानक मूलरूप से बृहत्कथा पर आधारित है। बृहत्कथा मे लिखा है—

तत्र बृहत्कथामूल मुद्राराक्षसम्
चाणक्यनाम्ना तेनाथ शकटारगृहे रह ।
कृत्या विधाय सहसा सपुत्रो निहितो नृप
योगानन्दे यश शेषे पूर्वनन्दसुतस्तत ।
चन्द्रगुप्त कृतो राज्ये चाणक्येन महौजसा ।।

यह ग्रथ (बृहत्कथा) अब उपलब्ध नही है। कहा जाता है कि कथासरित्सागर उसका अनुवाद है परन्तु कथासरित्सागर मे भी इतना बृहत् वर्णन नही है। इसमे तो मत्री राक्षस की भी चर्चा नही है। अत यह कहा जा सकता है कि नाटक की घटनाएँ कवि के दिमाग की सूझ है।

३. संक्षिप्त कथावस्तु

मुद्राराक्षस मे सात अङ्क है। नाटक की कथावस्तु बडी सफलता तथा बुद्धिमानी से सगठित की गई है। चाणक्य इसका नायक है और उसका विपक्षी राक्षस प्रतिनायक है। इसमे जो सघर्ष वर्णन है वह विचित्र ही है। राक्षस तो हत्या का बदला लेने का उपाय करता है परन्तु चाणक्य अपनी सारी बुद्धि इसमे लगाता है कि वह किस प्रकार राक्षस को चन्द्रगुप्त का समर्थक बनावे। चाणक्य हृदय से

चाहता है कि यदि राक्षस चन्द्रगुप्त का मत्री बन जाय तो बडा उत्तम हो। चाणक्य की सारी कार्यवाही इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये है।

प्रथम अङ्क

नान्दी के बाद सूत्रधार आकर सूचना देता है कि सामत बटेश्वर दत्त के पौत्र और महाराज पृथु के पुत्र विशाखदत्त कवि का बनाया हुआ नाटक अभिनीत किया जायगा। ऐसा कहकर वह नाटक मे भाग लेने के लिए अपनी पत्नी को बुलाने के लिये अपने घर जाता है। वहाँ उसे पता चलता है कि चन्द्रग्रहण के उपलक्ष्य मे उसकी स्त्री ने ब्राह्मण-भोजन का आयोजन किया है। इतने मे नेपथ्य मे शब्द होता है कि मेरे रहते चन्द्र को कौन बल से ग्रस सकता है। यह शब्द चाणक्य का है। प्रस्तावना के बाद नट और नटी चले जाते हैं। और अपनी खुली हुई शिखा को फटकारता हुआ चाणक्य रगमच पर प्रवेश करता है। वह राक्षस मत्री को धन्यवाद देता है कि नन्दवशियो के समाप्त हो जाने पर भी वह उनका भक्त बना है। इसी से वह राक्षस को अपनी ओर मिलाना चाहता है। लोगो मे यह किंवदन्ती फैला दी गई है कि पर्वतक को राक्षस ने मरवाया है। भागुरायण के द्वारा मलयकेतु को यह समझा दिया गया है कि तुम्हारे पिता को चाणक्य ने मरवाया है अत वह भाग जाता है। चाणक्य ने विष्णुशर्मा नामक ब्राह्मण को जैन सन्यासी बनाकर कुसुमपुर मे भेज दिया है जो राक्षस का विश्वासपात्र बनकर उसके सारे कार्यो का भेद ले रहा है।

इसके बाद यम का चित्र हाथ मे लिये योगी के वेश मे चाणक्य का गुप्तचर निपुणक प्रवेश करता है। वह चाणक्य को बताता है कि चन्द्रगुप्त के विरोधी तथा राक्षस के सहायक तीन व्यक्ति हैं, वे हैं—जीवसिद्धि क्षपणक, अमात्य राक्षस का मित्र शकटदास और तीसरा सेठ चन्दनदास जो राक्षस के परिवार को अपने यहाँ शरण दे रहा है। इसके प्रमाणस्वरूप वह राक्षस की अँगूठी चाणक्य को देता है जिसे पाकर चाणक्य प्रसन्न होता है।

इसी बीच चाणक्य को यह सूचना मिलती है कि चन्द्रगुप्त पर्वतक का श्राद्ध करना चाहता है और ब्राह्मणो को दक्षिणा देना चाहता है। यह सूचना पाकर चाणक्य तीन ब्राह्मणो को दान लेने के लिये नियुक्त करता है।

इसके बाद चाणक्य चन्दनदास को बुलवाता है और उससे कहता है कि राक्षस

के परिवार को तुमने अपने यहाँ टिकाया है उसे हमे सौंप दो। चन्दनदास कहता है कि राक्षस का परिवार हमारे यहाँ नही है और अगर होता भी तो मैं न सौंपता। यह उत्तर पाकर चाणक्य बडा अप्रसन्न होता है और उसे कैद करने की आज्ञा देता है और यह भी आदेश देता है कि चन्दनदास की सम्पत्ति जब्त कर ली जाय।

इतने मे नेपथ्य के कोलाहल से सूचना मिलती है कि शकटदास को वधस्थान से सिद्धार्थक भगा ले गया है। चाणक्य यह सुन कर बडा प्रसन्न होता है। क्योंकि उसी के कहने से सिद्धार्थक ऐसा करता है ताकि वह शकटदास को राक्षस के पास ले जाकर यह सिद्ध करे कि उसी ने शकटदास को बचाया है और राक्षस का विश्वासपात्र बनकर उसका भेद लेता रहे।

द्वितीय अङ्क

सर्वप्रथम इस अङ्क मे एक सँपेरा रगमच पर आता है। इसका नाम जीर्णविष है। यह राक्षस का गुप्तचर विराधगुप्त है। यह राक्षस से मिलना चाहता है।

इसके बाद अपने भवन मे चारपाई पर आसीन चिन्ताग्रस्त राक्षस दिखाई पडता है। वह अनेक बातो को सोच रहा है। इसी बीच मलयकेतु का कञ्चुकी जाजलि राक्षस के पास आता है। वह कहता है कि कुमार मलयकेतु ने अपने आभूषण आपके पहनने के लिये भेजा है, आप उसे पहन ले। राक्षस आभूषणो को स्वीकार करता है। जाजलि चला जाता है।

इसके बाद सँपेरा आकर अपना परिचय देकर कुसुमपुर का सारा समाचार राक्षस को बताता है। उसके द्वारा यह पता चलता है कि चन्द्रगुप्त को मारने के लिये जो विषकन्या भेजी गई थी उससे पर्वतक मारा गया और चन्द्रगुप्त के धोखे मे बेचारा वैरोचक मारा गया। दारुवर्मा भी मारा गया। फिर राक्षस पूछता है कि वैद्य अभयदत्त का क्या हुआ। विराधगुप्त कहता है उसने ओषधि मे विष तो मिला दिया पर चाणक्य को कुछ सदेह हुआ। इससे उसने वह ओषधि चन्द्रगुप्त को नही पीने दी, प्रत्युत वही ओषधि पिलाकर अभयदत्त को मार डाला। विराधगुप्त ने यह भी बताया कि प्रमोदक और बीभत्सादिक आपके गुप्तचर सभी मारे गये। वह चन्दनदास का पकडा जाना और शकटदास का वध-स्थान मे भेजा जाना तथा जीवसिद्धि क्षपणक का देश से निकाला जाना सब कुछ बताता है।

इसी बीच शकटदास को लेकर सिद्धार्थक आता है। शकटदास बताता है कि

सिद्धार्थक की ही कृपा से मेरे प्राण बचे। अब सिद्धार्थक राक्षस का विश्वासपात्र बन कर उसके पास रहने लगता है। राक्षस विराधगुप्त को इसी वेश मे कुसुमपुर भेजता है और आदेश देता है कि तुम किसी प्रकार चाणक्य और चन्द्रगुप्त मे फूट पैदा कर दो। तदनन्तर तीन आभूषण खरीदे जाते हैं और राक्षस करभक को कुछ आदेश देकर कुसुमपुर भेजता है।

तृतीय अङ्क

कचुकी आकर घोषणा करता है कि महाराज चन्द्रगुप्त ने कौमुदी-महोत्सव पर कुसुमपुर को सजाने की आज्ञा दी हे। चन्द्रगुप्त अपने महल की छत पर से नगर की शोभा देखना चाहता है पर नगर मे कोई चहलपहल नही। वह चाणक्य को बुलवाता है और चाणक्य से कौमुदी-महोत्सव न मनाने का कारण पूछता है। इसी प्रश्न को लेकर पूर्व निश्चय के अनुसार दोनो मे बनावटी झगडा हो जाता है। राक्षस का गुप्तचर स्तनकलश उसको सच्चा झगडा समझता है। चन्द्रगुप्त भी अपने कञ्चुकी वैहीनरि से कहता है कि जाकर यह घोषणा कर दो कि आज से चन्द्रगुप्त अपना राजकाज स्वय देखेगा। कञ्चुकी भी नही समझ पाता कि यह झगडा बनावटी है।

चतुर्थ अङ्क

घबडाया हुआ करभक आता है। वह मत्री राक्षस से मिलना चाहता है। द्वारपाल कहता है कि "स्वामी, राक्षस रात को ज्यादा जगे थे अत उनका सर दर्द कर रहा है। कुछ समय तक रुको" मौका पाकर द्वारपाल करभक के आने की सूचना राक्षस को देता है। राक्षस करभक को भीतर बुलाता हे। उसी समय राक्षस की सिर की पीडा का हाल सुनकर कञ्चुकी, भागुरायण तथा मलयकेतु भी आ जाते हैं। यह भागुरायण चाणक्य का गुप्तचर है। इसी से रास्ते मे वह कुछ ऐसी बाते करता है जिससे राक्षस और मलयकेतु मे फूट हो जाय।

इस प्रकार भागुरायण और मलयकेतु जब राक्षस के समीप पहुँचते है तो वे छिपकर करभक और राक्षस की बाते सुनते हैं। करभक राक्षस से कौमुदी-महोत्सव के अवसर पर जो कलह चाणक्य और चन्द्रगुप्त मे हुआ उसका वर्णन करता है। राक्षस को इस बात पर विश्वास नही होता परन्तु शकटदास उसे विश्वास दिलाता है कि यह बात हो सकती है और बहुत सम्भव है कि चाणक्य वन मे तपस्या करने चला जाय।

सभी बँधे हुए को बन्धनमुक्त किया जाता है। राक्षस अमात्य बनकर आशीर्वाद देता है। चाणक्य भी पूर्णप्रतिज्ञ होकर अपनी शिखा बाँध लेता है।

४. मुद्राराक्षस की विशेषता

सस्कृत के नाटक साहित्य मे "मुद्राराक्षस" का नाम नही भूला जा सकता। सस्कृत मे बडे-बडे नाटककार हो गये है, जैसे भास, कालिदास और शूद्रक आदि। परन्तु इनके नाटको की विशेषताएँ मुद्राराक्षस को प्रभावित नही कर पायी। मुद्राराक्षस मे जो विशेषताएँ है वे अपनी है जो अन्य नाटको मे नही है।

सर्वप्रथम विशेषता यह है कि यद्यपि इसका लिखने वाला नाट्यशास्त्र का ज्ञाता था फिर भी नाट्यशास्त्र के नियमो का अक्षरश अनुसरण नही करता, बल्कि उस पर अपनी व्यक्तिगत नाट्यप्रतिभा की छाप छोड जाता है। नाट्य-शास्त्र की पुरानी प्रथा के अनुसार नाटक का नायक ख्यात वश मे उत्पन्न कोई राजा होता था पर इस नाटक का नायक भारतीय इतिहास मे सर्वप्रथम सर्वप्रसिद्ध सम्राट् का निर्माता और उसके वश के साम्राज्य का स्थापित करने वाला है। पुरानी प्रणाली के अनुसार नाटको मे रामायण, महाभारत या पुराणो से कथा लेकर नाटक की रचना की जाती थी पर इस नाटक का इतिवृत्त मौर्य साम्राज्य की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा पर निर्भर है।

इसकी दूसरी विशेषता इतिवृत्त (plot) की वस्तुरचना है। इस नाटक का लिखने वाला एक ऐसा कुशल नाट्य-कलाकार है जिसने नाना प्रकार की घटनाओ से सम्बद्ध एक ऐसी इतिवृत्त-रचना कर दिखाई है जिसमे प्रत्येक घटना मुख्य वृत्त से निकलती और उसी मे अन्त होती हुई दिखाई देती है। इस नाटक के इतिवृत्त-सस्थान की बराबरी सम्भवत किसी भी नाटक का इतिवृत्त नही कर सकता। और नाटको मे इतिवृत्त तो चरित से स्वतत्र भी अपना अस्तित्व रखता है। उदाहरणार्थ "उत्तररामचरित" का इतिवृत्त भवभूति द्वारा उसमे चित्रित राम के चरित से अलग भी अवस्थित है, परन्तु मुद्राराक्षस का इतिवृत्त ऐसा है जो उसके प्रमुख चरित की प्रेरणा से जन्म लेता तथा जीवित-जागृत खडा दिखायी देता है।

तीसरी विशेषता यह है कि यद्यपि इस नाटक मे सर्वत्र युद्ध की चर्चा है और युद्ध के प्रति उत्साह है फिर भी कही युद्ध नही, कही रक्तपात नही और न कही

ऐसा अवसर ही आया है कि युद्ध की लिप्सा को शान्त किया जा सके। अत इस नाटक का वीररस सग्राम मे नही, युद्ध स्थल मे नही बल्कि बडे-बडे सग्रामो को जन्म देने वाली राजनीतिज्ञो की प्रतिभा मे है। नायक चाणक्य और प्रति-नायक राक्षस की लडाई शस्त्रबल की नही बल्कि बुद्धिबल की है।

चरित्रचित्रण की विशदता, असकीर्णता, महाप्राणता इस नाटक की चौथी विशेषता है। मुद्राराक्षस का चरित्रचित्रण आदर्श और यथार्थ की सीमाओ का सम्मेलन है। इस नाटक के पात्र साधारण होते हुए भी विशिष्ट है, आदर्श होते हुए भी यथार्थ है। नाटकीय होते हुए भी वास्तविक है।

इसकी पाँचवी विशेषता यह है कि यह हर प्रकार से नाटक है। इसमे ऐसा नही प्रतीत होता कि कवि कुछ अपनी ओर से कह रहा है जिसे हम सुनने को रुक जायँ। नाटककार ने "मुद्राराक्षस" के कथोपकथन के नाटकीय औचित्य की वृद्धि के लिये काव्य-कल्पना का बलिदान तक कर दिया है। और कवियो ने अपने नाटक को काव्यमय बना दिया है, पर इस नाटक मे यह बात नही पाई जाती।

पाँचवी विशेषता इस नाटक की यह है कि इसमे कोई नायिका नही है। इसके पहले का या बाद का कोई ऐसा नाटक नही है जिसमे नायिका न हो। परन्तु इस नाटक मे न तो कोई नायिका है न कोई प्रेम की वार्ता है। इसमे स्त्री पात्र भी नही है। जो स्त्री पात्र है भी उनका कोई महत्त्व नही है।

यद्यपि अन्तिम अङ्क मे चन्दनदास की स्त्री रगमच पर आती है, पर वह भी नीरस, कठोर, कर्त्तव्यपालनोन्मुखी तथा स्वार्थत्यागिनी के रूप मे प्रदर्शित है। उसके पास भी करुण रस नही फटकने पाया, तब शृगार की कहाँ पूछ होती है। नाटककार ने लिख ही दिया है (कलत्रमितरे सम्पत्सु चापत्सु च) अर्थात् राजनीतिज्ञ के लिये स्त्रियाँ सुख-दु ख दोनो मे भार सी प्रतीत होती है। इस प्रकार के राजनीति-धुरधर नाटककार के लिखे गये राजनीति विषयक नाटक मे माधुर्य या सौन्दर्य का खोजना व्यर्थ है।

छठवी विशेषता यह है कि इस नाटक का मुख्य विषय राजनीतिक है। इसमे न तो प्रेम का वर्णन है और न वियोग का। इसकी सभी घटनायें, सभी पात्र हमको एक लक्ष्य की ओर ले जाते हुए प्रतीत होते है। वह लक्ष्य है कि किसी भी

प्रकार राक्षस चन्द्रगुप्त का मत्री बनना स्वीकार कर ले। और अन्त मे चाणक्य की नीति सफल होती है। राक्षस ऐसी परिस्थिति मे पड जाता है कि उसे चन्द्रगुप्त का मत्रित्व स्वीकार ही करना पडता है।

एक विशेषता इसमे यह भी है कि भास और कालिदास के नाटको मे अक का विभाजन दृश्यो मे नही किया गया है। उनमे मुख्य पात्र अङ्क के आरम्भ से लेकर अत तक रगमच पर रहते है। पर मुद्राराक्षस मे अङ्क का दृश्यो मे विभाजन स्पष्ट प्रतीत होता है। उदाहरणार्थ तृतीय अङ्क मे अनेक दृश्य-परिवर्तनो का स्पष्ट आभास मिलता है।

५. मुद्राराक्षस का मूल्यांकन

यह नाटक सात अङ्को मे है और नाट्यकला के सभी लक्षण इसमे पूर्ण रूप से वर्तमान है। इस नाटक मे वीररस प्रधान है। यद्यपि आश्चर्य की मात्रा भी प्रचुर रूप से वर्तमान है पर कर्मवीरत्व या उद्योग ही का प्राधान्य सारे नाटक मे परिलक्षित होता है। प्रथम अङ्क मे चाणक्य का मौर्यराज्य की स्थिरता के लिये राक्षस को चन्द्रगुप्त का मत्री बनाने की दृढ इच्छा प्रकट करना बीज है। राक्षस के मुहर की प्राप्ति और शकटदास से पत्र लिखाकर मुहर करना तथा उसे कपट रूप से मलयकेतु को दिखाना विन्दु है। इसी विन्दु तथा कार्य से नाटक का नामकरण हुआ। विराधगुप्त का राक्षस से उसके प्रयत्नो का निष्फल होने का सदेह करना पताका है। चाणक्य और चन्द्रगुप्त के मिथ्या कलह की बात राक्षस के पास लाना प्रकरी है। राक्षस का मत्रीपद ग्रहण करना कार्य है।

नाटक की कथावस्तु का निर्वाह भी विवेचनीय है। इसका प्रासगिक कथा-वस्तु सर्वदा गौण तथा आधिकारिक कथावस्तु की सौदर्यवृद्धि मे सहायक रहा। इसके दृश्य और घटनाक्रम ऐसी बुद्धिमानी और कुशलता से सगठित किये गये है कि वे कही उखडे-से या असम्बद्ध नही मालूम पडते। प्रथम अङ्क मे चाणक्य का आकर कुछ पहले का इतिहास कहना और नाटक का उद्देश्य बतलाना तथा उसी के साथ ही राक्षस की मुद्रा की प्राप्ति से उसे फँसाने का प्रबध करना, दिखला-कर दर्शको को नाटक की घटना का पूरा ज्ञान करा दिया जाता है। इसके बाद दूसरे अङ्क मे राक्षस के उपायो का निष्फल होना, चौथे मे चाणक्य और चन्द्रगुप्त का बनावटी झगडा दिखाना उद्देश्य पूर्ति का यत्न है। चौथे और पॉचवे अङ्क मे

मलयकेतु का राक्षस के प्रति सन्देह होने से लेकर अन्त मे उन दोनो का सत्यकलह दिखलाना प्राप्त्याशा है। छठे मे राक्षस का वधस्थान को जाना नियताप्ति और सातवे मे मन्त्रित्व ग्रहण करना फलागम है।

इस प्रकार विवेचना करने पर स्पष्ट होता है कि मुद्राराक्षस रूपक का प्रथम भेद नाटक है और नाट्यकला के अनुसार नाटक के सभी लक्षणो से युक्त है।

मुद्राराक्षस की वाक्यरचना-शैली चाहे गद्य की हो अथवा पद्य की न तो हमारे कानो मे सगति सी लगती है न हमारी आँखो मे चित्र सी झलकती है प्रत्युत ऐसी प्रतीत होती है मानो हमारी ही शैली हो और भिन्न भिन्न भावावेशो मे हमारे ही व्यक्तित्व की अभिव्यजना हो। इस नाटक का नाटककार अपने नाट्य जगत् के छोटे से छोटे और बडे से बडे व्यक्ति को समान स्नेहभाव से देखता है और निष्पक्ष भाव से मानता है। इस नाटक का नायक जितना महान है प्रतिनायक उससे कम नही है। नायक की अन्तिम विजय मे यदि नाटककार अति प्रसन्न होता है तो प्रतिनायक की हार से वह कम दु खित नही होता।

मुद्राराक्षस समग्र सस्कृत साहित्य मे अपने ढग का एक ही नाटक है। यह रसप्रधान न होकर घटनाप्रधान नाटक है। राजनीति की कुटिल चालो और कूटनीति के दाव-पेचो का इसमे बडा ही सजीव और सफल चित्रण हुआ है। अपने पात्रो का चरित्र-चित्रण करने मे विशाखदत्त ने विशेष कौशल दिखाया है। वे नाटक के पात्रो को इस तुलनात्मक ढग से चित्रित करते है कि उनकी विशेषताएँ बिलकुल स्पष्ट हो जाती है। चाणक्य और राक्षस का तुलनात्मक चित्रण पूर्ण सफल हुआ है। चाणक्य यदि स्थिरचित्त, प्रतिक्षण जागरूक, कठोर, शाठ्य-नीति-निपुण और कभी न झुकने वाला है तो राक्षस अस्थिरचित्त, विस्मरणशील, उदार, सज्जन और अन्त मे झुक जाने वाला है।

६. मुद्राराक्षस में सामाजिक दशा का ज्ञान

विलसन महोदय ने लिखा है—

"Mudra Rakshasam represents a curious state of public morals in which fraud and assassination are the simple means by which inconvenient obligations are aquitted, and trouble-some friends or open enemies removed"

किन्तु आज यदि विलसन साहेब जीते होते तो वे देखते कि सारे ससार में

राजनीति प्रत्येक काल मे राजनीति ही है, आजकल भी बीमारो की जहाजो पर और ग्रामीण क्षेत्रो मे रात को सोते हुए व्यक्तियो पर बम छोडे जाते है। शत्रुपक्ष के पीने का जल विषाक्त कर दिया जाता है। अणुबम तथा टैको का प्रयोग बेखटके किया जाता है। फिर भी इतना तो विलसन महोदय कहते है—

A redeeming feature of Hindu treachery is devoted fidelity to an employer Although some of the personages cannot help expressing a disgust for the duty they have to discharge, they never intimate any relaxation of purpose, although treated with indignity or blows

नाटककार के समय मे वर्ण-भेद उतना ही प्रबल था जितना मनु के काल मे। विशाखदत्त शूद्रो से घृणा करते थे। शूद्र का कोई आदर नही था। यहाँ तक कि राजा चन्द्रगुप्त शूद्र होने के नाते हमेशा "वृषल" शब्द से सम्बोधित किया जाता है। चाणक्य हमेशा उसे वृषल ही कहता है। (तत् स्थाने खल्वस्य वृषल देवश्चन्द्रगुप्त, अङ्क ३।) वह किसी दूसरे नाम से चन्द्रगुप्त को नही सम्बोधित करता। वृषल चन्द्रगुप्त का नाम नही है जैसा कि कुछ कोषकारो ने लिखा है। कुछ भी हो विशाखदत्त वृषल शब्द व्यक्तिवाचक नही मानते। वह हमेशा शूद्र अर्थ मे ही इस शब्द का प्रयोग करते है।

इस नाटक मे वैश्यो का उल्लेख नही है। श्रेष्ठिन् शब्द बडे-बडे साहूकारो और धनियो के लिये प्रयुक्त हुआ है वह चाहे जिस भी वर्ण के हो। मृच्छकटिक मे श्रेष्ठी चारुदत्त ब्राह्मण है। यदि यह मान लिया जाय कि इस नाटक का श्रेष्ठी वैश्य है तो यह मानना पडेगा कि उनका पतन हो चुका था। वे प्राकृत भाषा का प्रयोग करते है न कि सस्कृत का, जो द्विजातियो को बोलना चाहिये (पाठ्य तु सस्कृत नृणामनीचानाम् कृतात्मनाम्—दशरूपक)। सभवत बहुत काल से व्यापार से सबधित होने के कारण वे कृतात्मा न रहकर अकृतात्मा हो गये।

क्षत्रियो मे अधिक परिवर्तन नही होता। प्राचीन काल के क्षत्रियो जैसे वे अब मृगया और युद्ध के प्रेमी है।

विशाखदत्त कायस्थो को ज्यादा सम्मान समाज मे देते है। कायस्थ मुशी तथा हिसाब-किताब रखने वाले का काम अब भी करते है। चाणक्य स्वय शकटदास को कायस्थ शकटदास कहता है न कि वृषल शकटदास। चन्दनदास का एक मित्र श्रेष्ठी चन्दनदास को राक्षस के सामने केवल चन्दनदास कहता है और कोई आदर-

सूचक शब्द उसके साथ नही लगाता। परन्तु शकटदास के विषय मे बात करते समय वह "आर्य शकटदास" कहता है। (आर्य, शकटदासो वधस्थानमानायित । श्रेष्ठिचन्दनदासस्य वध) ।

कायस्थ शकटदास सस्कृत भाषा का प्रयोग करता है जो केवल द्विजातियो (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) की ही भाषा है। परन्तु कायस्थ केवल लिखा पढी करते थे। उनका विशेष महत्त्व नही था। चाणक्य उनको "लब्वी मात्रा" वाला कहता है।

ब्राह्मणो का इस काल मे वह आदर नही था जो कालिदास के काल मे था। राक्षस ब्राह्मण था तो भी मलयकेतु उसे एक बार मार डालना चाहता था किन्तु (रक्षितव्या राक्षसस्य प्राणा) के कारण उसका वध नही हुआ। इस नाटक मे अनेक उदारहण ऐसे है जो यह बताते है कि प्रजा और राजा का, मित्र-मित्र का, पति-पत्नी का कितना सुन्दर सबध था। समाज मे कर्त्तव्य-पालन का आदर्श था।

७. मुद्राराक्षस राजनीतिशास्त्र का रूपान्तर है

सक्रिय राजनीति विषय पर लिखा गया यह नाटक अपने ढग का अनूठा ही है। इसमे राजनीति एक कठिन खेल के रूप मे चित्रित की गई है, इसे एक सर्प के रूप मे ही कहा गया है। द्वितीय अङ्क मे प्रारम्भ मे ही आहितुण्डिक नामक सँपेरे का वेष धारण किया हुआ विराधगुप्त कहता है—

'ननु खेलत्येवार्योऽहिना ।'

राक्षस तथा चाणक्य दोनो के लिए अपने लक्ष्य का जितना महत्त्व है, उतना साधन का नही। राजनीति मे इसी प्रकार की स्थिति अपेक्षित भी होती है। यहाँ कर्तव्य-अकर्तव्य, पुण्य-पाप आदि का कोई स्थान नही है, अपितु किस प्रकार लक्ष्यसिद्धि हो—इस योजना का और उसके साफल्य का स्थान अत्यधिक महत्त्व का है।

८. पात्रो का चरित्रचित्रण

कवि विशाखदत्त ने अपने पात्रो का चरित्रचित्रण बडी अच्छी तरह से किया है। इस नाटक के प्रधान पात्र कुटिल राजनीति धुरधर चाणक्य का उपनाम कौटिल्य है। इसका प्रतिद्वन्द्वी नन्दवश का मन्त्री राक्षस है और चन्द्रगुप्त, मलयकेतु

केतु, चन्दनदास, शकटदास और भागुरायण उल्लेखनीय है। चाणक्य और चन्द्रगुप्त ऐतिहासिक पुरुष है। राक्षस और मलयकेतु की ऐतिहासिकता सभवत हमारे ऐतिह्यविद् यदि अभी नही सिद्ध कर पाये तो भविष्य मे कर ही दिखायेगे। अन्य पात्र कल्पित है।

सस्कृत के नाट्य साहित्य मे जितने भी नायक-चरित चित्रित है उनमे एक भी ऐसा नही जो कि मुद्राराक्षस के चाणक्य के समान प्रभावोत्पादक और शक्तिशाली हो। चाणक्य ही इस नाटक के घटनाचक्र का एकमात्र नियन्ता है। परन्तु वह जो कुछ करता है अपने लिये नही, अपने स्वार्थभाव से नही, अपितु चन्द्रगुप्त के लिए करता है। यह वीतराग निरीह और लोकोत्तर व्यक्ति है। यद्यपि वह इतने बडे साम्राज्य का महामत्री है, फिर भी वह अपने सुख की परवाह नही करता। सादा जीवन बिताने वाला, झोपडी मे रहने वाला, विरागपूर्ण जीवन बिताने वाला व्यक्ति चाणक्य के समान दूसरा न मिलेगा। चन्द्रगुप्त का कञ्चुकी स्वयम् कहता है।

अहो राजाधिराजमत्रिणो गृहविभूति । कुत —
उपलशकलमेतद्भेदक गोमयानाम्
वटुभिरुपहृताना बर्हिषा स्तोम एष ।
शरणमपि समिद्भि शुष्यमाणाभिराभि-
विनमितपटलान्तम् दृश्यते जीर्णकुड्यम् ।। (३-१५)
निरीहाणामीशस्तृणमिव तिरस्कारविषय ।। (२-१६)

वह बुद्धिमान् है। उसे अपनी बुद्धि पर विश्वास है। वह कहता है—

नन्दोन्मूलनदृष्टवीर्यमहिमाबुद्धिस्तु मागान्मम ।। (१ २६)

वह अपने पौरुष और पुरुषार्थ मे अटूट और अदम्य विश्वास रखता है। वह दैव मे विश्वास नही करता है। जब वह यह सुनता है कि नन्दवश का नाश दैव ने किया। (नन्दकुलविद्वेषिणा दैवेन) तो वह रुष्ट होकर कहता है—(दैवमविद्वास प्रमाणयन्ति)। वह मूर्तिमान् आत्मविश्वास है।

उसमे पक्षपात नाम का भी नही है। वह अपने शत्रु के गुणो की प्रशसा करने मे नही चूकता। वह गुणग्राही है। वह राक्षस की प्रशसा करता हुआ कहता है—

(अहो राक्षसस्य नन्दवशे निरतिशयो भक्तिगुण । साधु अमात्य राक्षस साधु, साधु श्रोत्रिय, साधु मन्त्रिबृहस्पते)

उसमे क्रोध, हठ की मात्रा और उग्रता पूर्ण रूप से वर्तमान है—चाणक्य निरन्तर आत्म-निरीक्षण करता और लोकहित के लिये आत्मशुद्धि से भरा रहता है। वह अपने शिष्य से कहता है—

"वत्स कार्याभिनियोग एव अस्मानाकुलयति" इत्यादि।

राक्षस

राक्षस चाणक्य का प्रतिपक्ष है। मुद्राराक्षस का नाटककार राक्षस के जिस व्यक्तित्व का चित्रण करता है उसकी अपनी विशेषताएँ है। यदि राक्षस के ऐसा प्रतिनायक मुद्राराक्षस मे न चित्रित होता तो इस नाटक मे कोई आनन्द न मिलता। मुद्राराक्षस के निर्वहण मे राक्षस की जो मुद्रा उसके निग्रह का कारण बनती है वही, उपक्रम मे उसकी प्रबल शक्ति की सूचना देती है। चाणक्य के लिये राक्षस एक महान् शक्ति है।

राक्षस ब्राह्मण-कुलावतस, नन्दो का प्रधानमत्री है। उसमे स्वामिभक्ति कूटकूट कर भरी है। वह चन्द्रगुप्त को राजा नही बनने देना चाहता। "जब तक नन्द वश का एक भी व्यक्ति उसे मिलेगा वह उसी को राजा बनायेगा" ऐसी प्रतिज्ञा राक्षस की है। चाणक्य स्वय उसकी स्वामिभक्ति देखकर कहता है—(अहो राक्षसस्य नन्दवशे निरतिशया भक्ति । स खलु कस्मिश्चिदपि जीवति नन्दान्वयावयवे वृषलस्य साचिव्य ग्राहयितु स शक्यते।) राक्षस की वास्तविक महत्ता का जितना पता चाणक्य को है उतना सभवत उसको (राक्षस) को भी नही है। राक्षस की राजनीतिक महत्त्वाकाक्षा उसी प्रकार नि स्वार्थ है जिस प्रकार चाणक्य की राजनीतिक महत्त्वाकाक्षा। चाणक्य को पता है कि राक्षस का व्यक्तित्व साम्राज्य की कैसी शक्ति है और इस शक्ति को अपने पक्ष मे कर लेने से क्या हो सकता है। चाणक्य की यह चिन्ता (अत एवास्माक त्वत्सग्रहे यत्न कथमसौ वृषलस्य साचिव्यग्रहणेन सानुग्रह स्यादिति) राक्षस के व्यक्तित्व की महत्ता की छाप है।

चाणक्य यदि राक्षस से बुद्धि मे बडा दिखाई देता है तो राक्षस पराक्रम मे चढा-बढा है। राक्षस मे सैन्यसग्रह-शक्ति और स्वय सैन्य-सचालन-शक्ति है। इसी से चाणक्य राक्षस को सग्राम मे जीतने की बात न सोचकर दावपेच मे उसे फँसाकर वश मे करना चाहता है।

राक्षस भावुक व सरलहृदय है। वह मनुष्यो का जल्दी विश्वास कर लेता है। वह जीवसिद्धि और सिद्धार्थक को अपना विश्वासपात्र और प्रिय सुहृत् समझता है। परन्तु चाणक्य केवल अपने पर ही विश्वास करता है। राक्षस के हृदय की भावुकता ही उसके पराजय का कारण होती है।

राक्षस शकुन व अपशकुन का मानने वाला और दैव मे विश्वास करने वाला है। जब चतुर्थ अङ्क मे द्वारपाल करभक के आने की सूचना देता है उस समय राक्षस की बाई आँख फडकती है। उस पर वह कहता है (दुरात्मा चाणक्य-वटुर्जयति अभिसधातु शक्य स्यादमात्य इति वागीश्वरी वामाक्षिस्पन्दनेन प्रस्तावगता प्रतिपादयति)। फिर प्रियवदक के द्वारा यह जानकर कि जीवसिद्धि क्षपणक आया है तो राक्षस कहता है—(स्वगतमनिमित्त सूचयित्वा कथ प्रथममेव क्षपणकदर्शन)। फिर कहता है "अबीभत्सदर्शन कृत्वा प्रवेशय" (अङ्क ४)। जब मलयकेतु को राक्षस के ऊपर सदेह हो जाता है और वह नकली पत्र तथा गहनो की पेटी खोलकर राक्षस से पूछता है कि यह किसने किया तो राक्षस कहता है—दैवेन। देखिए अङ्क ५

मलयकेतु —इदमिदानी किम्।
राक्षस —(सबाष्पम्) विधेर्विलसितमिदम्।
मलयकेतु —केन तर्हि व्यापादितस्तात।
राक्षस —दैवमत्र प्रष्टव्यम्—

चाणक्य मार्ग की कठिनाइयो को कुचलता हुआ उन्नतमस्तक होकर चलता है पर राक्षस दैव को दोष देकर मन को शान्त कर लेता है। वह कहता है—

दैव हि नन्दकुलशत्रुरसौ न विप्र। (६-७)
दैवेनोपहतस्य बुद्धिरथवा पूर्वं विपर्यस्यति।। (६-८)

राक्षस अपने मित्र का स्नेही है। मित्र के प्राणो की रक्षा वह अपने को बन्धन मे डालकर भी करता है। जब उसे यह पता चलता है कि चन्दनदास को फाँसी होने वाली है तो वह आत्मसमर्पण करने की बात सोचता है। सोचता ही नही अपितु आत्मसमर्पण कर भी देता है। वह वधस्थान पर यकायक पहुँच कर वधिको से कहता है वध्यमाला मुझको पहना दो।

तस्येय मम मृत्युलोकपदवी वध्यस्रगाबध्यताम्।। (७-४)

चन्दनदास के यह कहने पर कि अमात्य क्या कर रहे हो, वह उत्तर देता है —

त्वदीयसुचरितैकदेशस्यानुकरणम् ।

वह चाणक्य से डरता नही । वधस्थान मे आकर वह वधिको से कहता है—(अयमर्थो निवेद्यताम् तावद् दुरात्मने चाणक्याय) । वह चाणक्य से दया नही चाहता । वह चाणक्य को फटकारता ही रहता है—'(भो भो विष्णुगुप्त न मा श्वपाकस्पर्शदूषित स्प्रष्टुमर्हसि ।) वह अपने मित्र के प्राणरक्षार्थ ही चाणक्य के कहने से शस्त्र ग्रहण करता है—(अपीष्यते चन्दनदासस्य जीवितम्) ।

राक्षस —भो विष्णुगुप्त कुत सन्देह ।

चाणक्य —यदि सत्यमेव चन्दनदासस्य जीवितमिष्यते ततो गृह्यतामिद शस्त्रम् ।

राक्षस —शस्त्रम् मित्रशरीररक्षणकृते व्यापारणीय मया । (१-१६)

राक्षस का यह उद्‌गार कितना मर्मस्पर्शी है ।

वह अपने साथ उपकार करने वालो का कृतज्ञ भी है । जब मलयकेतु बन्दी की अवस्था मे चन्द्रगुप्त के सामने लाया जाता है तो राक्षस कहता है कि हम मलयकेतु के आश्रय मे कुछ समय तक रह चुके है । इसलिये उसके प्राणो की रक्षा की जाय । (राजन् विदितमेव यथा वयम् मलयकेतौ किञ्चित् कालान्तरमुषिता तत् परिरक्ष्यन्तामस्य प्राणा ।) राक्षस बाह्य परिस्थितियो की थपेड मे पडा अपने अतीत मे रहना चाहता है, क्योकि वर्तमान उसके लिये बडा कटु है । राक्षस की विषम परिस्थिति मे उसका कवि हृदय ही उसकी एकमात्र सान्त्वना है । यही कारण है कि वह अनुभव करते हुए भी —

पौरैरङ्गुलिभिर्नवेन्दुवदह निर्दिश्यमान शनै
र्यो राजेव पुरा पुरान्निरगम राज्ञा सहस्रैर्वृत ।
भूय सम्प्रति सोऽहमेव नगरे तत्रैव वन्ध्यश्रमो ।
जीर्णोद्यानकमेष तस्कर इव त्रासाद्विशामि द्रुतम् ।। (६-१०)

अपने आपको स्वस्थ कर पाता है और भविष्य मे अज्ञात दशाओ का सामना करने को भी तैयार हो जाता है ।

राक्षस और चाणक्य की तुलना

इस नाटक मे इन दोनो पात्रो के जीवन का केवल वही अश दिखाया गया है जो राज्य के षड्‌यत्रो मे व्यतीत होता था । दोनो ही स्वार्थ-रहित है । चाणक्य

ने इतने परिश्रम से, केवल अपनी प्रतिज्ञा को पूरी करने के लिये चन्द्रगुप्त को राज्य का अधिकारी बनाया और अंत मे उस राज्य को दृढकर मन्त्रिपद न ग्रहण किया, वरन् अपने प्रतिपक्षी राक्षस को मत्री बनाकर चैन लिया। राक्षस भी नि स्वार्थ भाव से ही अपने गत स्वामिवश का बदला लेने को प्राणपण से लगा था। चाणक्य दूरदर्शी, दृढप्रतिज्ञ और कुटिल नीति मे पारगत था। उसे अपने ऊपर विश्वास था। उसकी मेधा शक्ति बलवती थी। उसमे मनुष्यो के पहचानने की शक्ति थी। इसी से वह अपने प्रयत्नो मे सफल होता था। इसके विपरीत राक्षस को अपने ही लोगो से धोखा खाना पडा। राक्षस वीर सैनिक था पर राजनीति के कुटिल मार्गो का पूर्ण ज्ञाता न था। जिससे कभी-कभी भूलकर जाता था। (आ कार्यव्यग्रत्वात् मनस प्रभूतत्वाच्च प्रणिधीना विस्मृतम्, इदानी स्मृतिरुपलब्धा।)

यह स्वभाव से मृदुल होने के कारण सब पर विश्वास कर लेता था पर चाणक्य मे यह बात न थी। जहाँ तक घटनाओ का सम्बन्ध है कोई भी घटना उसकी इच्छा के विपरीत नही होती थी, मानो वह घटनाओ का नियन्ता था। इससे चाणक्य की दूरदर्शिता का पता चलता है। परन्तु राक्षस की सोची हुई सभी बाते उसकी इच्छा के विपरीत होती है।

चन्द्रगुप्त

चन्द्रगुप्त इस नाटक का नायक नही, इसलिये इसका व्यक्तित्व नाटककार ने इस दृष्टि से चित्रित किया है कि नायक चाणक्य की महत्ता पर कोई आँच न आ सके। मुद्राराक्षस का चन्द्रगुप्त चाणक्य की राजनीति का सच्चा होता हुआ स्वप्न है। साम्राज्य की प्रतिष्ठा के लिये चन्द्रगुप्त अपनी भावनाओ का दमन करते हुए चित्रित किया गया है। चाणक्य की कुटिल नीति के कारण उसको अपना पौरुष दिखाने का अवसर नही मिलता। राक्षस भी समझता है कि न तो चन्द्रगुप्त स्वय ही राज्यकार्य सँभालकर मेरी सेना के आक्रमण को रोक सकता है और न दूसरे पर राज्यभार दे सकता है। (चन्द्रगुप्तस्तु दुरात्मा नित्य सचिवायत्तसिद्धावेव स्थितश्चक्षुर्विकल इवाप्रत्यक्षलोकव्यवहार कथमिव स्वय प्रतिविधातु समर्थः स्यात्)। चाणक्य उसको सचिवायत्तसिद्ध कहता है। इसी कारण से चाणक्य उसे हेय दृष्टि से देखता है और उसे "वृषल" कह करके ही सम्बोधित करता है।

इतना होने पर भी चन्द्रगुप्त चाणक्य को आदर की दृष्टि से देखता है और उसके नियत्रण मे रहना चाहता है। उसमे प्रजा को प्रसन्न रखने का सब गुण वर्तमान है। मुद्राराक्षस का चन्द्रगुप्त विजयी मौर्य सम्राट् के रूप मे भले ही न दिखाई दे किन्तु मौर्य साम्राज्य के कुशल शासक के रूप मे दिखाई ही देता है।

मलयकेतु

मलयकेतु के व्यक्तित्व का नाटककार ने ऐसा चित्रण किया है जिससे चन्द्रगुप्त के व्यक्तित्व की विशेषता का ज्ञान स्पष्ट रूप से हो सके। चन्द्रगुप्त गम्भीर और शान्त प्रकृति का है पर मलयकेतु उद्धत और अशान्त प्रकृति का है। वह बिना विचारे काम करता है। राक्षस के ऊपर वह व्यर्थ ही सन्देह करता है और अन्त मे कुछ व्यक्तियो के कहने से उसे निकाल भी देता हे। मलयकेतु मे साहस ओर पराक्रम की कमी नही है। मलयकेतु का धीरोद्धत स्वभाव उसकी इस उक्ति से झलकता है—

विष्णुगुप्त च मौर्यं च समम्प्यागतौ त्वया।
उन्मूलयितुमीशोऽह त्रिवर्गमिव दुर्नय ॥ (६-२२)

किन्तु उसकी विवेकशून्यता इतनी भयङ्कर है कि उसका पतन अवश्यभावी है और होकर रहता है (अहो विवेकशून्यता म्लेच्छस्य)।

६. मुद्राराक्षस मे उल्लिखित स्थानो तथा जातियो का विवरण

काश्मीर—पजाब के उत्तर हिमालय पर्वतमाला से घिरा हुआ प्रान्त जो अपनी प्राकृतिक शोभा के लिए प्रसिद्ध है। इस प्रान्त का यह नाम बहुत प्राचीन है। इस देश का प्राचीन इतिहास कल्हणकृत राजतरगिणी मे मिलता है।

काम्बोज—यह निषध पर्वत के दक्षिण मे बतलाया जाता है। यहाँ अर्जुन राजसूय यज्ञ के अवसर पर दिग्विजय करने गये थे। वर्तमान मे इस देश की स्थिति अफगानिस्तान, जो अश्वस्थान का अपभ्रंश है, बतलायी जाती है। वहाँ घोडे अधिक होते है।

किरात—एक प्राचीन जगली जाति विशेष। इसका उल्लेख महाभारत (आदिपर्व, सर्ग १७७ श्लोक ३), किरातार्जुनीय तथा रघुवश सर्ग ४ श्लोक ७६) मे है। किरातो का देश हिमालय का पूर्व का पार्वत्य प्रान्त था, जिसके

अन्तर्गत आधुनिक नेपाल का कुछ पूर्वीय अश, सिक्किम तथा भूटान माना जाता है।

कुलूत—यह जालन्धर दो-आब के उत्तर-पूर्व और सतलज के दाहिने तट पर स्थित है। इसका आधुनिक नाम कुलू है।

खस—यह भी एक पार्वत्य जाति है। इसका निवास-स्थान गारो तथा खसिया पहाडियाँ लिखा है जो आसाम प्रान्त मे ब्रह्मपुत्र के बाएँ तट की ओर है।

गान्धार—यह देश काबुल के किनारे-किनारे कुनार और सिन्ध नदी के बीच मे है। इसकी राजधानी का नाम पुरुषपुर (आधुनिक पेशावर) था।

चेदि—यह शिशुपाल के राज्य का नाम था। इस राज्य मे आधुनिक बुन्देल-खड का दक्षिणी भाग और जबलपुर का उत्तरी भाग सम्मिलित था।

पारस—फारस या परसिया देश जो हिन्दुस्तान के पश्चिम मे स्थित है।

मगध—बिहार प्रान्त का एक भाग। इसकी प्राचीन राजधानी का नाम गिरिव्रज या राजगृह था। मुद्राराक्षस मे मगध का तात्पर्य मगधवासी से है।

मलय—प्रो० के० एच० ध्रुव ने ह्वेनसाग के यात्रा-विवरण के अनुसार निश्चित किया है कि काश्मीर की पूर्वीय सीमा और कुलूत के मध्य मे मलय जाति का स्थान था।

मालवा—मध्य भारत का एक प्रसिद्ध प्रदेश।

यवन—यूनान देश के निवासी।

वाल्हीक—व्यास और सतलज के बीच का प्रान्त जो केकय देश के उत्तर मे है। वलख को ही वाल्हीक कहते है, जो तुर्किस्तान मे है।

शक—भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रहने वाली एक ऐतिहासिक जाति का नाम। सीदियन नाम से इस जाति का परिचय परवर्ती इतिहासकारो ने दिया है।

सिन्ध—सिन्ध नदी और झेलम नदी के बीच मे बसा हुआ प्रदेश। आधुनिक पाकिस्तान का एक प्रान्त।

हूण—एक म्लेच्छ जाति जिसने भारत की पश्चिमोत्तर सीमा पर कई बार आक्रमण किया था और जिसे एक बार विक्रमादित्य ने बुरी तरह हराया भी था।

१०. विशाखदत्त—नाटककार

प्राचीन काल के विद्वान् आत्मविज्ञापन करने से दूर रहते थे। वे अपने विषय मे कुछ नही लिखते थे। सभवत प्राचीन काल के लेखक अपने ऊपर अधिक

महत्त्व न देकर ग्रथ को ज्यादा महत्त्वपूर्ण समझते थे। यही कारण है कि कालिदास, भास तथा विशाखदत्त आदि अपने व्यक्तित्व के परिचय के सबध मे उदासीन दिखाई देते हैं। मुद्राराक्षस के रचयिता के नाम तथा उनके पिता और पितामह आदि के नाम-ज्ञान के लिये साहित्यप्रेमियो को नाटचकला के उन आचार्यो को अनेकानेक धन्यवाद देना चाहिये जिन्होने यह आवश्यक नियम बना दिया है कि प्रस्तावना मे कवि परिचय अवश्य दिया जाय। मुद्राराक्षस के नाटककार ने प्रस्तावना मे जो अपना परिचय दिया है उससे पता चलता है कि इनका नाम विशाखदत्त है, उनके पिता का नाम महाराज पृथु और पितामह का नाम सामत वटेश्वरदत्त था। जर्मनदेशीय प्रोफेसर हिलब्राड ने भारत मे भ्रमण कर मुद्राराक्षस की सभी प्रतियो का मिलान किया है, जिनमे कुछ प्रतियो मे विशाखदत्त के पिता का नाम भास्करदत्त भी मिला है।

सस्कृत के नाटक-साहित्य का ऐतिहासिक काल-निर्णय करने वाले विद्वानो न विशाखदत्त के कार्यकाल के सबध मे अनेक कल्पनाएँ की हैं। कुछ विद्वानो ने "विशाखदत्त" के आगे 'दत्त' शब्द और साथ ही साथ सामन्त वटेश्वरदत्त के आगे भी दत्त शब्द देखकर यह विचार प्रकट किया है कि इनका वश "दत्तवश" था किन्तु इसका कोई ऐतिहासिक उल्लेख नही मिलता।

प्रोफेसर विलसन ने महाराज पृथु को चौहानवशीय राय पिथौरा या पृथ्वीराज साबित करने का प्रयत्न किया था पर वे स्वय उनकी पदवियो तथा उनके पिताओ के नामो की विभिन्नता का किसी प्रकार मण्डन न कर सके। प्रोफेसर हिल ब्राड की खोज से पृथु का पाठान्तर भास्करदत्त मिलने से यह प्रयत्न निर्मूल हो गया और अब वह उपेक्षणीय है। अत इनके पिता भास्करदत्त थे, इसमे कोई सन्देह नही।

इस नाटककार के कालनिर्णय से सम्बद्ध सभी कल्पनाएँ इस भरत-वाक्य पर केन्द्रित है—

वाराहीमात्मयोनेस्तनुमतनुबलामास्थितस्यानुरूपा
यस्य प्राग् दन्तकोटिं प्रलयपरिगता शिश्रिये भूतधात्री।
म्लेच्छैरुद्वेज्यमाना भुजयुगमधुना सश्रिता राजमूर्त्तेः
स श्रीमद्बन्धुभृत्यश्चिरमवतु महीं पार्थिवश्चन्द्रगुप्त ॥

अर्थात् जिस महाराज चन्द्रगुप्त का निर्देश है उन्ही का समकालीन यह नाटककार भी होगा। किन्तु इस श्लोक मे कही-कही चन्द्रगुप्त के बदले "पार्थिवो दन्तिवर्मा", "पार्थिवोऽवन्तिवर्मा" इत्यादि पाठ मिलते है, पहले पाठ के आधार पर प्रोफेसर शारदारजन राय का कहना है कि "मुद्राराक्षस" मे विशाखदत्त ने गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य (३७५-४१३) की ओर सकेत किया है। वे अपने नाटक मे प्रकारान्तर से चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल का चित्रण करके अपने आश्रयदाता चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की प्रशसा करते है। मुद्राराक्षस का घटना-स्थल पाटलिपुत्र है, जो उस समय एक समृद्ध नगर रहा होगा। फाहियान ने पाटलिपुत्र को मगध की राजधानी बतलाया है। ह्वेनसाग ने उसे भग्नावशेष पाया। इसके अतिरिक्त "मुद्राराक्षस" मे जो बौद्धधर्म की ओर सकेत (७—५) है, उससे प्रतीत होता है कि उस समय बौद्धधर्म का अभ्युदय था। उपर्युक्त श्लोक इस प्रकार है—(बुद्धानामपि चेष्टित सुचरितै क्लिष्ट विशुद्धात्मना—(अङ्क ७ श्लोक ५ तीसरा चरण)। यह दशा फाहियान के भारत आने के समय थी। इन प्रमाणो के आधार पर कुछ विद्वान "मुद्राराक्षस" को पॉचवी शताब्दी की रचना मानते है। दूसरे 'पार्थिवो दन्तिवर्मा' पाठ के आधार पर मुद्राराक्षस की रचना पल्लव राजा दतिवर्मा (७७९-८३० ई०) के समय मे मानी जा सकती है। किन्तु दक्षिण मे हूणो का (जिनका उल्लेख मुद्राराक्षस मे स्पष्ट है) आतक नही फैला था, अत यह मत मान्य नही है।

तेलग महोदय "पार्थिवोऽवन्तिवर्मा" को प्रामाणिक मानते है। उनके मतानुसार ये अवन्तिवर्मा, राजा हर्ष (६०७-६४८) ई० के बहनोई ग्रहवर्मा के पिता मौखरि राजा अवन्तिवर्मा थे। इस मत के अनुसार मुद्राराक्षस की रचना सातवी शताब्दी मे हुई।

कुछ विद्वान् इस पाठ को नही मानते। प्रोफेसर शारदारजन राय का कथन है कि 'पार्थिव चन्द्रगुप्त' ही पाठ ठीक है। यह भरत-वाक्य राक्षस के मुख से निकला है। जब राक्षस ने चन्द्रगुप्त का मन्त्रित्व स्वीकार कर लिया और चन्द्रगुप्त राजा हो गया और म्लेच्छ मलयकेतु वैभवहीन हो गया तो राक्षस के मुँह से 'पार्थिव चन्द्रगुप्त' का ही निकलना ठीक प्रतीत होता है। इससे यह सिद्ध होता है कि विशाखदत्त का आश्रयदाता चन्द्रगुप्त ही रहा होगा। उनका कथन है, जैसा कि ऊपर कह आये है कि यह चन्द्रगुप्त वही राजा है, जिसने म्लेच्छो और हूणो को

परास्त किया। यह चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य है, जो मगध का राजा था और जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी तथा राज्यकाल पाँचवी शताब्दी था।

अत यह कहा जा सकता है कि विशाखदत्त पाँचवी शताब्दी मे हुए थे और चन्द्रगुप्त द्वितीय, जो मगध का राजा था, के आश्रय मे बगाल के एक छोटी-सी रियासत पर राज्य करते थे।

११. जन्म-स्थान

इसके अतिरिक्त नाटककार के जन्म-स्थान, जन्म तथा मृत्यु-काल का भी कुछ पता नही। महामहोपाध्याय प० हरप्रसाद शास्त्री की सम्मति है कि गौडीय रीति की बहुलता से कवि गौडदेशीय ज्ञात होता है। कवि ने गौड देश की ललनाओ के कपोलो का और केशो का जो वर्णन किया है उससे वह गौडदेशीय ही जान पडते हैं।

गौडाना लोध्रधूलीपरिमलबहुलान् धूम्रयन्त कपोलान्
क्लिश्नन्त कृष्णिमान भ्रमरकुलरुच कुञ्चितस्यालकस्य।
पाशुव्यूहा बलाना तुरगखुरपुटक्षोबलब्धात्मलाभा
शत्रूणामुत्तमाङ्गे गजमदसलिलच्छिन्नमूला पतन्तु॥ (५-२३)

प्रस्तावना मे कवि ने लिखा है—

चीयते बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषि।
न शाले स्तम्बकरिता वप्तुर्गुणमपेक्षते। (१-३)

इससे प्रतीत होता है कि विशाखदत्त ऐसे स्थान मे पैदा हुए थे जहाँ चावल की खेती अधिक होती थी और चावल बिहार और बङ्गाल मे अधिक होता है तथा कुसुमपुर (पाटलिपुत्र) गौडदेश (बगाल) के बहुत समीप है। अत उनको उत्तर भारत का (बगाली) मानना असगत न होगा जैसा कि प्रोफेसर शारदारजन राय लिखते है। प्रोफेसर विधुभूषण गोस्वामी ने भी उनको उत्तरी भारत का निवासी मानते हुए लिखा है कि नाटक मे एक को छोड कर सभी स्थान उत्तरापथ के है।

१२ विशाखदत्त का शास्त्र-ज्ञान

मुद्राराक्षस के अध्ययन करने वाले विद्वानो ने विशाखदत्त को न्यायशास्त्र तथा नाट्यशास्त्र का पण्डित माना है। मुद्राराक्षस के चतुर्थ अङ्क के तृतीय श्लोक

के (कार्योपक्षेपमादौ तनुमपि रचयन्) के आधार पर तथा पञ्चम अङ्क के दसवें श्लोक (साध्ये निश्चितमन्वयेन) के आधार पर उनको न्यायशास्त्र का पण्डित माना गया है।

विशाखदत्त एक सामत सरदार के पौत्र तथा महाराज के पुत्र होने के नाते कुटिल राजनीति के ज्ञाता थे और स्वय भी उसी प्रकार के समाज मे रहने के कारण राजनीतिक विषय ही पर लेखनी उठायी। वह राजनीति के पूरे ज्ञाता थे। चाणक्य के ही समान वे भी राजनीति के पण्डित थे। राजायत्त, सचिवायत्त, उभयायत्त इन तीन प्रकार की सिद्धियो का भी विवेचन उन्होने किया है। विरक्त व्यक्तियो के अनुग्रह और निग्रह के विषय मे चाणक्य और चन्द्रगुप्त के बीच जो वार्तालाप हुआ, वह भी इन्हे नीतिशास्त्र का विद्वान् सिद्ध करता है। प्रथम अङ्क मे "नानाव्यञ्जना प्रणिधय" कहकर उन्होनें गुप्तचरो का लक्षण बताया है। अच्छे और बुरे मत्री का भी उन्होने वर्णन किया है —

अप्राज्ञेन च कातरेण च गुण स्याद्भक्तियुक्तेन क
प्रज्ञाविक्रमशालिनोऽपि हि भवेत् किं भक्तिहीनात् फलम्।
प्रज्ञा विक्रमभक्तय समुदिता येषा गुणा भूतये
ते भृत्या नृपते कलत्रमितरे सम्पत्सु चापत्सु च॥ (१-१५)

अत्युच्छ्रिते मत्रिणि पार्थिवे च
विष्टभ्य पादावुपतिष्ठते श्री।
सा स्त्री स्वभावादसहा भरस्य
तयोर्द्वयोरेकतर जहाति॥

यह श्लोक भी विशाखदत्त के नीतिशास्त्र का ज्ञाता होना बताता है। विशाखदत्त नाटचशास्त्र के भी पण्डित थे। यह बात तो यह नाटक ही बता देता है। विशाखदत्त ने नाटचशास्त्र के सम्प्रदाय के अनुसरण और अपनी वैयक्तिक नाटचकला-प्रतिभा की स्फूर्ति के सघर्ष की जो अभिव्यञ्जना की है, वह कोई भूल नही सकता।

कार्योपक्षेपमादौ तनुमपि रचयस्तस्य विस्तारमिच्छन्
बीजाना गर्भिताना फलमतिगहन गूढमुद्भेदयश्च।
कुर्वन् बुद्धया विमर्शं प्रसृतमपि पुन सहरन् कार्यजातम्
कर्ता वा नाटकानामिममनुभवति क्लेशमस्मद्विधो वा॥ (४-३)

वह ज्योतिषशास्त्र के भी पण्डित थे। प्रस्तावना मे सूत्रधार कहता है—

क्रूरग्रह स केतु चन्द्रमसम्पूर्णमण्डलमिदानीम्
अभिभवितुमिच्छति बलात् रक्षत्येन तू बुधयोग ।

आदि वाक्य बताते है कि वे गणित और ज्योतिष के विद्वान् थे। फलित ज्योतिष का ज्ञान भी उनको था। मलयकेतु जब आकर राक्षस से पूछता है कि चढाई का कौन-सा समय रक्खा है तो क्षपणक बताता है—(उपासक, निरूपितो मुहूर्त्त आमध्याह्लात् निवृत्त सप्तशकला शोभना तिथि सम्पूर्णचन्द्र। युष्माकमुत्तरस्या दिशो दक्षिणा दिश प्रस्थितानाम् दक्षिणद्वारिकम् नक्षत्रम्। गमन बुधस्य नक्षत्रे') ।

एकगुणा भवति तिथि चतुर्गुण भवति नक्षत्रम्।
चतु षष्टि गुण लग्नमेतद्दृश्यते ज्योतिषमत्रसिद्धान्ते ।।

प्रस्तावना मे सूत्रधार कहता है 'आर्ये कृतश्रमोऽस्मि चतु षष्ट्यङ्गे ज्योति - शास्त्रे। चन्द्रोपराग प्रति केनापि विप्रलब्धा।' ये सभी इस बात के प्रमाण है कि विशाखदत्त ज्योतिष के भी विद्वान् थे। इन सभी प्रमाणो से हमे यह मालूम होता है कि विशाखदत्त अनेक शास्त्रो के ज्ञाता और बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति थे।

१३. विशाखदत्त की अन्य कृतियाँ

विशाखदत्त के बनाये हुए चार नाटक कहे जाते है —

१—देवीचन्द्रगुप्तनाटकम् है। इसका भी इतिवृत्त राजनीतिक है और चरित्रचित्रण भी राजनीति के दाव-पेचो वाला है। नाटचदर्पण मे देवीचन्द्रगुप्त नाटक का पाँचवाँ श्लोक उद्धृत है —

एसो सिअकर सत्थप्पणासि आसेस वैरितिमिरोहो
पि णि अविहवएण चन्दो गअण गहलाघिओ विसई।

२—दूसरा अभिसारिकावञ्चितक या अभिसारिकाबधितक नाटक है।

३—प्रोफेसर ध्रुव ने "सदुक्ति कर्णामृत" मे विशाखदत्त के नाम से निम्नलिखित श्लोक उद्धृत किया है —

रामोऽसौ भुवनेषु विक्रमगुणैर्यात प्रसिद्धि परा-
मस्मद्भाग्यविपर्ययाद् यदि पर देवो न जानाति तम्।
बन्दी वैष यशासि गायति मरुद् यस्यैकबाणाहत-
श्रेणीभूतविशालतालविवरोद्गीर्णै स्वरै सप्तभि ।।

इस श्लोक के आधार पर यह अनुमान किया जाता है कि विशाखदत्त का रामचरित-सम्बन्धी कोई अन्य भी नाटक होगा, किन्तु यह केवल अनुमान ही है। सभवत यह राघवानन्द नाटक है, पर यह उपलब्ध नही है।

४—मुद्राराक्षस—यह विशाखदत्त की अन्तिम और सर्वोत्कृष्ट रचना है। इसका विषय राजनीति है। इस नाटक के नाम की व्युत्पत्ति इस प्रकार है—(मुद्रया गृहीत राक्षसमधिकृत्य कृतो ग्रन्थ, मुद्राराक्षसम्)। ऐसा प्रतीत होता है कि महाकवि शूद्रक के नाटक "मृच्छकटिक" और महाकवि कालिदास के" अभिज्ञान शाकुन्तल" नाम ने विशाखदत्त की कल्पना को अपने नाटक के नामकरण के लिये प्रेरित किया है। इस नाटक मे मुद्रा के द्वारा राक्षस के निग्रह की घटना एक ऐसी घटना है, जिस पर इस नाटक के नायक चाणक्य की समस्त कूटनीति केन्द्रित होती हुई प्रतीत होती है। इससे यह नाम सार्थक है।

१४. विशाखदत्त की शैली

मुद्राराक्षस के वस्तुचरित रसभावादि की दृष्टि से विशाखदत्त की रचना-शैली की जितनी प्रशसा की जाय थोडी है। मुद्राराक्षस की शैली प्रवाह, प्रासादिकता और ओज लिये हुए है। इसके वाक्य छोटे-छोटे और मुहावरेदार हैं। दीर्घ-समासबहुल पदावलि का प्रयोग कम हुआ है। अलकारो का प्रयोग सीमित मात्राओ मे ही किया गया है।

विशाखदत्त ने नाटक की रचना की है और नाटकीय औचित्य की दृष्टि से या तो काव्यकल्पनाओ को दूर ही रक्खा है या नाटक के रग मे रँग दिया है—उदाहरण के लिये मलयकेतु के कञ्चुकी की यह उक्ति—

काम नन्दमिव प्रमथ्य जरया चाणक्यनीत्या यथा
धर्मो मौर्य इव क्रमेण नगरे नीत प्रतिष्ठा मयि।
त सम्प्रत्युपचीयमानमपि मे लब्धान्तर सेवया
लोभो राक्षसवज्जनाय यतते जेतु न शक्नोति च।। (२-६)

ऐसी है कि जिसमे नाटककार की कविकल्पना की कोई रूप-रेखा भले ही न दिखायी दे किन्तु नाटकीय वृत्त और चरित की अभिव्यजना बडी सुन्दर प्रतीत होती है। इसी प्रकार शकटदास की यह भावाभिव्यक्ति—

दृष्ट्वा मौर्यमिव प्रतिष्ठितपद शूल धरित्र्यास्तले
तल्लक्ष्मीमिव चेतस प्रमथनीमुन्मुच्य वध्यस्रजम्।

श्रुत्वा स्वाम्युपरोधरौद्रविषमानाध्माततूर्यस्वनान्
न ध्वस्त प्रथमाभिघातकठिन मन्ये मदीय मन ।। (२–२१)

नाटककार की काव्यकल्पना की उडान का उदाहरण भले ही न हो किन्तु उसके नाटकीय औचित्य की सतर्कता का एक उदाहरण अवश्य है। विशाखदत्त ने पद्यो के बाहुल्य से अपनी नाटकीय शैली को कृत्रिम नही बनाया है। उनका शब्द-विन्यास बडा सशक्त और प्रभावशाली है। पद्य की अपेक्षा उनका गद्य अधिक ओज पूर्ण है। उसमे भावुकता के स्थान पर प्रभविष्णुता अधिक है। कही कही व्यग्यपूर्ण हास्य का भी पुट दिया गया है। नाटककार की भाषा नाटक के व्यक्तित्वो के भावावेश मे कभी स्वभावोक्ति से भरी है तो कभी वक्रोक्ति की ओर उन्मुख है। भाषा यहॉ भावो पर आधिपत्य नही जमाती अपितु भाव ही भाषा पर अपना अधिकार रखते प्रतीत होते है।

नपे-तुले शब्दो मे जोरदार भाषा प्रयुक्त हुई है। कुछ उदाहरण देखिये। (अयमपरो गण्डस्योपरि स्फोट । न प्रयोजनमन्तरा चाणक्य स्वप्नेऽपि चेष्टते। तन्मयास्मिन् वस्तुनि न शयानेन स्थीयते। कीदृश पुन तृणानामग्निना सह विरोध । सर्वज्ञतामुपाध्यायस्य चोरयितुमिच्छसि) ।

मुद्राराक्षस मे नाटककार ने श्लेष का अपेक्षाकृत अधिक प्रयोग किया है। यह श्लेष अधिकतर व्यग्यार्थ मे ही प्रयुक्त हुआ है। "पताकास्थानक" का भी श्लेष-गर्भित प्रयोग किया गया है। पताकास्थानक की रचना करने मे विशाखदत्त बडे पटु है। पाश्चात्य नाटच साहित्य मे जिसे Dramatic Irony कहते है उसी के लिये भारतीय नाटच-साहित्य मे पताकास्थानक की योजना हुआ करती है— पताकास्थानक-पटुता का उदाहरण देखिये—

क्रूरग्रह　　　　सकेतुश्चन्द्रमसम्पूर्णमण्डलमिदानीम्
अभिभवितुमिच्छति बलात् .　　..　　..
आ· क ए ष मयि स्थिते चन्द्रमभिभवितुमिच्छति बलात्
....रक्षत्येन तु बुधयोग ।। (१-६)

मुद्राराक्षस मे "भग्यतर कथन" का भी आश्रय अनेक स्थानो पर लिया गया है। कवि किसी एक ही बात को गद्य मे कहकर उसे पुन पद्य मे दोहराता है। अङ्क दो श्लोक ३ और उसके पहले गद्याश (तदेवमनयो बुद्धिशालित सुसचिवयो विरोधे सशयितेव नन्दकुललक्ष्मी)

विरुद्धयोर्भृशमिह मन्त्रिमुख्ययो-
र्महावने वनगजयोरिवान्तरे। (इत्यादि २-३)

विशाखदत्त के गद्य मे जहाँ ओज है वहाँ उनके पद्यो मे स्थल-स्थल पर लालित्यमय प्रवाह है। देखिये—

आस्वादितद्विरदशोणितशोणशोभाम्
सन्ध्यारुणामिव कलाम् शशलाञ्छनस्य।
जृम्भाविदारितमुखस्य मुखात् स्फुरन्ती
को हर्तुमिच्छति हरे परिभूय दंष्ट्राम्॥ (१-८)

चाणक्य की राजनीति की विचित्रता देखिये—

मुहुर्लक्ष्योद्भेदा मुहुरधिगमाभावगहना
मुहु सम्पूर्णाङ्गी मुहुरतिकृशा कार्यवशात।
मुहुर्नश्यद्बीजा मुहुरपि बहुप्रापितफले-
त्यहो चित्राकारा नियतिरिव नीतिर्नयविद॥ (५-३)

मुद्राराक्षस मे सरल पद्यो मे शिक्षाप्रद बाते भी मिलती है—

शासनमर्हताम् प्रतिपद्यध्वम् मोहव्याधिवैद्यानाम्।
ये प्रथममात्रकटुक पश्चात्पथ्यमुपदिशन्ति॥ (४-१६)

उनके कथोपकथन और पद्य नाटकीय गुणो से परिपूर्ण है। कथोपकथन स्वाभाविक और रोचक है। देखिये।

मलयकेतु —एतदार्यम् पृच्छामि।
राक्षस —कुमार य आर्यस्त पृच्छ, वयमिदानीमनार्या सवृत्ता।
मलयकेतु —इदमिदानीं किम्।
राक्षस —विधेर्विलसितमिदम्।
मलयकेतु —केन तर्हि व्यापादितस्तात।
राक्षस —दैवमत्र प्रष्टव्यम्।
मलयकेतु —दैवमत्र प्रष्टव्यम् न क्षपणको जीवसिद्धि.?

कभी-कभी तो एक शब्द के प्रयोग मात्र से ही नाटककार अधिकाधिक अभिप्राय प्रकाशित करने मे समर्थ दिखाई देता है। उदाहरणार्थ राक्षस की इस उक्ति मे (सत्य नगरान्निष्क्रामतो मम हस्ताद् ब्राह्मण्या उत्कण्ठाविनोदार्थं गृहीता)

ब्राह्मण्या शब्द ग्राम्य प्रतीत होने पर राक्षस के हृदय की समस्त करुणा और वेदना का घनीभूत निष्यन्द सा ही लगता है।

नाटककार ने जो छन्दो योजना की है वह किसी औचित्य की दृष्टि से और किसी औचित्य की सिद्धि के लिये। शार्दूलविक्रीडित का २८ बार प्रयोग, स्रग्धरा का १७ बार प्रयोग किया गया है। जो भाव कवि उन-उन छन्दो के द्वारा प्रकट करना चाहता है वे भाव दूसरे छन्द द्वारा प्रकट नही हो सकते। विषय की दृष्टि से उनका प्रयोगौचित्य सर्वथा श्लाघनीय है।

सक्षेप मे यह कहना असगत न होगा कि विशाखदत्त की नाटक-प्रबध-रचना की सफलता एकमात्र उनकी औचित्य दृष्टि और उसकी प्रबल शक्ति पर निर्भर है।

१५. नाटक के सबंध मे कुछ ज्ञातव्य बातें

नाटक की परिभाषा—सस्कृत साहित्यकारो ने काव्य के दो मुख्य भाग बतलाये है। दृश्य काव्य और श्रव्य काव्य। दृश्य वह है जो रगमच पर खेलकर दिखाया जाय या जिसका अभिनय हो सके। श्रव्य काव्य वह है जो सुना जा सके। साहित्यदर्पण मे लिखा है —

दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुन काव्य द्विधा मतम्
दृश्य तत्राभिनेय तद्रूपारोपात्तु रूपकम्।
नाटक सप्रकरण भाण प्रहसन डिम
व्यायोगसमवाकारौ वीथ्यङ्केहामृगा दश
वस्तुनेता रसस्तेषा भेदक ॥

दृश्य काव्य अभिनय के लिए होता है। उसमे नट लोग अनेक राजाओ तथा देवताओ का रूप धारण करके उनके चरित का अभिनय दिखाते है। उस समय हम उनको उसी राजा या देवता के ही रूप मे मानते है। इस आरोप के कारण इस काव्य रचना को रूपक कहते है। सस्कृत मे "रूपक" और "नाटक" दोनो शब्दो का पृथक्-पृथक् अर्थ है। रूपक तो व्यापक अर्थ रखता है—"रूप्यन्तेऽभिनीयन्ते इति रूपकाणि नाटकादीनि" और इसके नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग, डिम, ईहामृग, अक, वीथी तथा प्रहसन ये प्रमुख १० भेद है। किन्तु नाटक इन्ही दस प्रकार के रूपको मे सर्वप्रथम तथा सर्वोत्कृष्ट प्रकार है। सत्य और कल्पना दोनो नाट्य के आधार हैं।

प्रसिद्धकल्पितकृतानुकरणम् नाट्यम् ।

सत्य और काल्पनिक जगत् की अनुकृति नाट्य है। नाटक की कथावस्तु कोई प्रसिद्ध पौराणिक या ऐतिहासिक होती है और उसका नायक लोकप्रसिद्ध होता है। रूपक की अधिकाश रचनाएँ इसी भेद का लक्षण लेकर लिखी गई है। मातृगुप्ताचार्य के अनुसार नाटक की परिभाषा यह है —

प्रख्यातवस्तुविषय धीरोदात्तादिनायकम् ।
राजर्षिवशचरित तथा दिव्याश्रयान्वितम् ॥
शृङ्गारवीरान्यतरप्रधानरससश्रयम् ।
प्रकृत्यवस्थासध्यङ्गसन्ध्यन्तरविभूषितम् ॥
सुखदु खोत्पत्तिकृत चरित यच्च भूभृताम् ।
इतिवृत्तम् कथोद्भूतम् किञ्चिदुत्पाद्यवस्तु च ।
नाटक नाम तज्ज्ञेय रूपक नाट्यवेदिभि ॥

साहित्यदर्पणकार ने नाटक का लक्षण इस प्रकार लिखा है —

नाटक ख्यावृत्त स्यात् पचसधिसमन्वितम्
विलासमृद्धियादि गुणवद्युक्त नानाविभूतिभि. ।
सुखदु खसमुद्भूतिनानारसनिरन्तरम् ।
पञ्चाधिका दशपरास्तत्राङ्का परिकीर्तिता:
प्रख्यातवशो राजर्षिर्धीरोदात्त प्रतापवान् ।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान्नायको मत
एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा ।
अङ्गमन्ये रसा सर्वे कार्यो निर्वहणोऽद्भुत
चत्वार पञ्च वा मुख्या कार्यव्यापृतपूरुषा
गोपुच्छाग्रसमग्र तु बन्धन तस्य कीर्तितम् ॥

नाटक उसे कहते है जिसका कथानक प्रसिद्ध हो और जिसमे पाँचो सधियाँ हो। इसमे विलास, समृद्धि आदि गुण तथा अनेक प्रकार के ऐश्वर्यों का वर्णन होना चाहिए। सुख और दु ख की उत्पत्ति दिखायी जाय और वह अनेक रसो से पूर्ण होना चाहिए। इसमे पाँच से लेकर दस तक अङ्क होते है। इसका नायक प्रसिद्ध वश मे उत्पन्न धीरोदात्त, प्रतापी, गुणवान् राजर्षि होता है। वह दिव्य हो अथवा दिव्य और अदिव्य दोनो प्रकार के गुणो से युक्त हो। इसमे वीर या

शृङ्गार एक रस प्रधान होता है और रस उसके अङ्गभूत होते है। निर्वहण सधि मे इसे अद्भुत होना चाहिए। इसमे चार या पाँच कार्यरत पुरुष प्रधान हो और गौ की पूँछ के अग्रभाग की तरह इसकी रचना हो।

१६. नाटक की उत्पत्ति

सस्कृत नाटको की उत्पत्ति कब और कैसे हुई, यह एक अत्यन्त विवादग्रस्त विषय है। परम्परानुसार "नाट्यवेद" की रचना ब्रह्मा ने की थी तथा भरत मुनि ने उसका प्रचार पृथिवी पर किया। भरत मुनि अपने नाट्यशास्त्र मे लिखते है कि ब्रह्मा जी ने ऋग्वेद से सवाद, सामवेद से सगीत, यजुर्वेद से अभिनय तथा अथर्ववेद से रस के तत्त्वो को लेकर "नाट्यवेद" का निर्माण किया।

जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च ।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि ॥

इसी से इसको पचम वेद भी कहते है। इसका प्रथम प्रयोग इन्द्रध्वज-नामक उत्सव के अवसर पर भरतमुनि ने अपने शिष्यो तथा अप्सराओ की सहायता से किया। इस अभिनय मे देवताओ के द्वारा दानवो का पराजय दिखलाया गया था, जिससे दैत्य अप्रसन्न होकर प्रयोग मे विघ्न डालने के लिये उद्यत हो गये। तब ब्रह्मा ने विश्वकर्मा के द्वारा रङ्गस्थान का निर्माण किया। एक तिकोना, दूसरा चौकोना, तीसरा गोलाकार—इन तीनो का उपयोग भिन्न भिन्न प्रकार के रूपको के अभिनय के लिये किया जाने लगा। भरत मुनि के इस वर्णन से स्पष्ट है कि भारतीय नाटक का उदय वेदो के ही उपकरणो को लेकर हुआ है तथा वह भरत की निजी प्रतिभा का विकास है। हम कह सकते है कि वैदिक साहित्य मे एक प्रकार से नाटक के मूल तत्त्व प्रस्तुत थे और इस अर्थ मे यह कहा जा सकता है कि सस्कृत नाटक की उत्पत्ति वैदिक काल मे हुई। पर वास्तविक नाटक के विकसित रूप का आभास वेदो मे कही लक्षित नही होता।

रामायण-महाभारत काल मे नाटक का कुछ और भी स्पष्ट उल्लेख मिलता है। विराट्पर्व मे रगशाला का उल्लेख पाया जाता है। नट शब्द का भी प्रयोग मिलता है जिसका अर्थ श्रीधर स्वामी के अनुसार "नवरसाभिनयचतुर" है। रामायण मे भी नट, नर्तक, नाटक एव रङ्ग अर्थात् रङ्गमञ्च का कई स्थलो पर वर्णन मिलता है। उसमे "कुशीलव" शब्द का प्रयोग भी नट या अभिनेता

के अर्थ मे हुआ है। यह मत निराधार है कि सस्कृत नाटको की उत्पत्ति कठपुतलियो के खेल से हुई।

पाणिनि ने अपने "पाराशर्यशिलालिभ्याम् भिक्षनटसूत्रयो" इस सूत्र मे "नटसूत्र" अर्थात् नाटचशास्त्र का उल्लेख किया है। स्पष्ट है कि पाणिनि के समय मे या उनके पूर्व ही अनेक नाटक रचे जा चुके होगे। जिनके आधार पर इन नट सूत्रो का निर्माण हुआ, क्योकि लक्षणग्रन्थ की रचना लक्ष्यग्रन्थ के उपरान्त ही होती है।

इसके बाद सस्कृत नाटको की सख्या मे उतरोत्तर वृद्धि और परिष्कार होता गया। चौथी पॉचवी शताब्दी ई० पू० मे जाकर नाटको की बहुसख्यक रचना होने लगी थी जैसा कि भास के उपलब्ध नाटको से प्रकट है। पतजलि के महाभाष्य मे कसवध और बलिबन्ध नामक दो नाटको का स्पष्ट उल्लेख है। सस्कृत नाटको का सर्वश्रेष्ठ परिमार्जन एव परिष्कार प्रथम शताब्दी ई० पू० के कालिदास के नाटको मे जाकर उपलब्ध होता है।

सस्कृत नाटको मे रगमच के पर्दो के लिये कही कही यवनिका शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके आधार पर कुछ विद्वान् कहते है कि सस्कृत नाटको की उत्पत्ति ग्रीक नाटको के प्रभाव से हुई। किन्तु यह मत सर्वथा भ्रान्त और आधार-रहित प्रमाणित हो चुका है। "यवनिका" शब्द का प्रयोग केवल इसलिये होता था कि यवन (Ionia) देश से आये हुए वस्त्रो से वे परदे बनाये जाते थे। सस्कृत नाटको की उत्पत्ति तथा विकास स्वतत्र रूप से हुआ है।

उपर्युक्त समीक्षा के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सस्कृत नाटक ने अपने क्रमिक विकास मे कुछ तत्त्व वैदिक साहित्य से लिये, कुछ इतिहास पुराणो से तथा कुछ लोकगीतो से। धार्मिक एव सामूहिक उत्सवो से भी उसे प्रेरणा मिली। पतजलि के समय मे तो उसका पूर्ण विकसित रूप मे अभिनय भी होने लगा था। इस प्रकार भारत मे सस्कृत नाटक का पूर्ण विकास कई शताब्दियो मे हुआ और उसकी उत्पत्ति तथा अभ्युदय मे अपने तत्त्वो या उपादानो का उपयोग हुआ।

१७. संस्कृत नाटको की विशेषताएँ

सस्कृत के नाटक रस प्रधान होते है। उनमे वास्तविकता अथवा कथावस्तु की यथार्थता की ओर उतना ध्यान नही दिया गया, जितना दर्शको अथवा पाठको

के हृदय मे किसी रस-विशेष का सचार करने की ओर। कवि की विदग्धता केवल रसाभिव्यक्ति की पूर्णता मे ही मानी जाती थी। रस ही नाट्यकला का प्रधान लक्ष्य माना गया। प्रधान रस शृगार अथवा वीर इन्ही दो मे से कोई एक होता था। पाश्चात्त्य नाटको की तरह चरित्रचित्रण इसका मुख्य अग नही समझा गया। अत नाटको मे प्राय ऐसी ही कथा का आश्रय लिया गया जो प्रसिद्ध होने के कारण प्रेक्षको के मनोनूकूल हो।

सस्कृत नाटको मे पात्रो की सख्या नियत नही रहती। पात्र लौकिक, दिव्य अथवा अर्धदिव्य होते है। कवियो ने व्यक्तिमूलक (individual) पात्रो की अवतारणा की ओर उतना ध्यान नही दिया जितना समुदायगत (typical) चरित्रो की सृष्टि की ओर। कालिदास, शूद्रक प्रभृति कुछ महान् कलाकारो की कृतियो मे भले ही पात्र अपना विशिष्ट व्यक्तित्व रखते हो, किन्तु साधारणतया सस्कृत नाटककारो ने परम्परायुक्त चरित्रो का ही निर्माण किया है। पात्र अपनी स्थिति के अनुसार भिन्न-भिन्न भाषाओ का प्रयोग करते है। सस्कृत का प्रयोग केवल नायक अथवा उच्च वर्ग के पात्रो द्वारा होता है, निम्न श्रेणी के लोग और स्त्री पात्र प्राकृत मे ही बोलते है।

सस्कृत नाटको मे समय और स्थान की अन्विति (unities of time and place) भी नही पाई जाती। पाश्चात्त्य नाटको की भाँति सस्कृत नाटको के अको का विभाजन विभिन्न दृश्यो मे नही होता। भाषा गद्य-पद्यमय होती है। नाटक के अन्तर्गत पत्रलेखन, अभिज्ञान (पहचान की निशानी) विदूषक आदि के उपयोगो मे सस्कृत तथा पाश्चात्त्य नाटको मे समानता है।

सस्कृत नाटक प्राय सुखान्त होते है किन्तु यह नही कहा जा सकता कि सस्कृत मे दु खान्त नाटको का नितान्त अभाव है, यदि दु खान्त नाटक का अर्थ नायक के शोक, पराभव और मृत्यु का चित्रण करना है तो इस दृष्टि से कर्णभार, ऊरुभग, वेणीसहार दु खान्त नाटक माने जाने चाहिए। ऊरुभग मे दुर्योधन की मृत्यु रगमच पर हो जाती है और वेणीसहार मे उसकी मृत्यु की सूचना हमे द्वारपाल के द्वारा मिलती है।

प्रत्येक सस्कृत नाटक का आरम्भ "प्रस्तावना" से होता है। प्रस्तावना मे सूत्रधार, नटी, विदूषक अथवा पारिपार्श्वक के साथ बातचीत करता हुआ नाटक की कथावस्तु और कवि का सक्षिप्त परिचय देकर नाटक का आरम्भ कराता है।

अङ्क की समाप्ति तक रगमच कभी खाली नही रहता। प्रथम अङ्क के आरम्भ मे अथवा दो अङ्को के बीच मे "विष्कम्भक" का प्रयोग होता है जिसमे सवाद या स्वागत-भाषण द्वारा दर्शको को ऐसी घटनाओ की सूचना दी जाती है जिनका रगमच पर दिखाना आवश्यक नही किन्तु कथा-सूत्र के निर्वाह के लिए जिनका जानना अनिवार्य है। नाटक की समाप्ति "भरतवाक्य" से होती है। सस्कृत नाटक मे कम से कम पाँच और अधिक से अधिक दस अङ्क होते है।

सस्कृत नाटको मे प्रकृति के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध दीख पडता है। प्रकृति की रमणीयता नाटक की सुन्दरता को बढा देती है। उपवन के वृक्ष, लतायें, नदियाँ, पशु-पक्षी आदि सभी नाटक के सजीव अग हैं। भरतमुनि ने कहा है कि नाटक दु ख, परिश्रम अथवा शोक से ग्रस्त लोगो के लिए विश्राम और विनोद का साधन है —

दु खार्ताना श्रमार्ताना शोकार्ताना तपस्विनाम् ।
विश्रामजनन लोके नाट्यमेतद्भविष्यति ।।

कालिदास ने भी नाटक को भिन्न रुचि वाले लोगो का एक सामान्य मनोविनोद बतलाया है —

देवानामिदमामनन्ति मुनय कान्त क्रतु चाक्षुषम्
रुद्रेणेदमुमाकृतव्यतिकरे स्वाङ्गे विभक्त द्विधा ।
त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरित नानारस दृश्यते
नाट्य भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येक समाराधनम् ।। (१४)

भवभूति ने अच्छे नाटको के लक्षण इस प्रकार बताये हैं —

भूम्ना रसाना गहना प्रयोगा सौहार्दहृद्यानि विचेष्टितानि ।
औद्धत्यमायोजितकामसूत्र चित्रा कथा वाचि विदग्धता च ।।
(मा० मा० १६)

विभिन्न रसो का प्रचुर एव गहन प्रयोग, प्रीतिपूर्ण रुचिर तथा सुन्दर कार्यों का अभिनय, पराक्रम और प्रणय का चित्रण विभिन्न कथावस्तु तथा निपुण सवाद ऐसे लक्षणो से युक्त नाटक ही उत्कृष्ट माने जाते हैं।

१८. नायक के भेद

साधारण तौर से नायक चार प्रकार के होते है —धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित और धीरशान्त। जो नायक शूरवीर हो, उदार हो, चरित्र-बल-युक्त

हो और दृढ हो तथा अन्य साधारण गुणो से युक्त हो वह **धीरोदात्त** कहलाता है। राम और जीमूतवाहन आदि ऐसे नायक है। शक्ति और वीरता के कारण अभिमान, शक्ति की इच्छा, आत्मश्लाघा तथा स्पर्धा इत्यादि गुण जिसमे पाये जायँ वह **धीरोद्धत** नायक है। रावण, परशुराम और भीमसेन आदि ऐसे नायक है। जो नायक चिन्तारहित हो, सुन्दर कलाओ का प्रेमी हो वह **धीरललित** नायक है। जैसे वत्सराज या रत्नावली का नायक। **धीरशान्त नायक** साधारण प्रकृति का नम्रतायुक्त, उदार चित्त का और मृदु होता है, जैसे मालतीमाधव मे माधव। दशरूपक मे नायक का भेद इस प्रकार है —

महासत्त्वोऽतिगभीर क्षमावानविकत्थन ।
स्थिरो निगूढाहकारो धीरोदात्तो दृढव्रत ॥
दर्पमात्सर्यभूयिष्ठो मायाच्छद्मपरायण ।
धीरोद्धतस्त्वहकारी चलश्चण्डो विकत्थन ॥
निश्चिन्तो धीरललित कलासक्त सुखी मृदु ।
सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिक ॥

सामान्य गुण की परिभाषा दशरूपक मे इस प्रकार दी गई है —

नेताविनीतो मधुरस्त्यागी दक्ष प्रियवद ।
रक्तलोक शुचिर्वाग्मी रुढवश स्थिरो युवा ॥
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वित ।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिक ॥

नायक का एक अन्य प्रकार से भी विभाजन हो सकता है। शृङ्गार नायक के आधार पर भी चार भेद नायक के होते है। **अनुकूल नायक** अर्थात् जो केवल एक ही स्त्री से अनुराग रखता है। **दक्षिण नायक** वह है जो कई पत्नियो के साथ एक-सा व्यवहार करता है। **धृष्ट नायक** वह है जो उस स्त्री से प्रेम करना चाहता है जो दूसरे मे अनुरक्त है। **शठ नायक** वह है जो गुप्त रूप से दुष्कर्म करता है। यह भेद आगे के श्लोक से स्पष्ट हो जाता है —

एकायत्तोऽनुकूल स्यात् तुल्योऽनेकत्र दक्षिण ।
व्यक्ताङ्गा गतभीर्धृष्ट गूढविप्रियकृच्छठ ॥

राम अनुकूल नायक के उदाहरण है। उत्तर रामचरित का निम्नलिखित श्लोक अनुकूल नायक की परिभाषा के लिए उद्धृत किया जाता है।

अद्वैत सुखदु खयोरनुगत सर्वास्ववस्थासु य-
द्विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रस ।
कालेनावरणात्ययात्परिणते यत्स्नेहसारे स्थितम्
भद्र तस्य सुमानुषस्य कथमप्येक हि तत्प्राथ्यंते ।। (१३९)

वत्सराज और अग्निमित्र दक्षिणकोटि के नायक है। मालविकाग्निमित्र का निम्नलिखित श्लोक दक्षिण नायक का परिचय देने के लिए दशरूपक मे उद्धत है—

उचित प्रणयो वर विहन्तुम् बहव खण्डनहेतवो हि दृष्टा ।
उपचारविधिर्मनस्विनीना ननु पूर्वाभ्यधिकोऽपि भावशून्य ।। (३-३)

धृष्ट नायक का उदाहरण —

लालालक्ष्मललाटपट्टमभित केयूरमुद्रा गले
वक्त्रे कज्जलकालिमा नयनयोस्ताम्बूलरागोऽपर ।
दृष्ट्वा कोपविधायि मण्डनमिद प्रातश्चिर प्रेयसो
लीलातामरसोदरे मृगदृश श्वासा समाप्ति गता ।।

शठ नायक के लिए अमरुशतक का निम्नलिखित श्लोक दर्शनीय है —

शठान्यस्या काञ्चीमणिरणितमाकर्ण्य सहसा
यदा श्लिष्यन्नेव प्रशिथिलभुजग्रथिरभव ।
तदेतत्क्वाचक्षे घृतमधुमयत्वद्बहुवचो—
विषेणाघूर्णन्ती किमपि न सखी मे गणयति ।।

मालविकाग्निमित्र का नायक दक्षिण नायक है। देखिए —

दाक्षिण्य नाम बिम्बोष्ठि बैम्बिकाना कुलव्रतम् ।
तन्मे दीर्घाक्षि ये प्राणास्ते त्वदाशानिबधना ।। (४-४१)

१९. नाटको में प्रयुक्त होने वाले कुछ शब्दो की परिभाषा

नान्दी

आशीर्वचनसयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीना तस्मान्नान्दीति सज्ञिता ।।
मङ्गल्यशखचन्द्राब्जकोककैरवशसिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ।।

नाटक के आरम्भ मे देवता, ब्राह्मण तथा राजा आदि की आशीर्वादयुक्त जो स्तुति की जाती है वह नान्दी कहलाती है। इसमे माङ्गलिक वस्तु, शङ्ख, चन्द्र, चक्रवाक और कुमुद आदि का वर्णन होना चाहिये और यह बारह या आठ पदो से युक्त होनी चाहिये।

नान्दी दो प्रकार की होती है। एक तो नटकल्पिता, दूसरी नाटककार-रचिता। भास के नाटक मे (नान्द्यन्ते तत प्रविशति सूत्रधार) इस सकेत से 'पूर्वरगनान्दी' 'नटकृता नान्दी' समझना चाहिये। कालिदास के नाटक मे (तत्त प्रविशति सूत्रधार) इस सकेत से कविकृत नान्दी समझना चाहिये। पत्रावली उस नान्दी को कहते है जिसमे बीज तथा वर्णनीय वस्तु का विन्यास हो। जैसा कि नाट्यदर्पण मे लिखा है —

यस्या बीजस्य विन्यासो ह्यभिधेयस्य वस्तुन ।
श्लेषेण वा समासोक्त्या नान्दी पत्रावली तु सा ॥

सूत्रधार

नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्र धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥

बीज सहित नाटक के अनुष्ठान को सूत्र कहते है। उसका सचालन करने वाले तथा रगमच के अधिष्ठाता देव की पूजा करने वाले को सूत्रधार (Stage Manager) कहते है।

मातृगुप्ताचार्य ने सूत्रधार की परिभाषा निम्न प्रकार से दी है —

चतुरातोद्यनिष्णातोऽनेकभूषासमावृत ।
नानाभाषणतत्त्वज्ञो नीतिशास्त्रार्थतत्त्ववित् ॥
नानागतिप्रचारज्ञो रसभावविशारद ।
नाट्यप्रयोगनिपुणो नानाशिल्पकलान्वित ॥
छन्दोविधानतत्त्वज्ञ सर्वशास्त्रविशारद ।
तत्तद्गीतानुगलयकलातालावधारण ॥
अवधाय प्रयोक्ता च योक्तॄणामुपदेशक ।
एवं गुणगणोपेत सूत्रधारोऽभिधीयते ॥

प्रस्तावना (Prologue) आमुख

स्थापना, प्रस्तावना और आमुख ये सब पर्यायवाची हैं। प्रस्तावना मे सूत्रधार

नटी या किसी सहायक पात्र से अभिनय की जाने वाली वस्तु के विषय मे वार्तालाप करके दर्शको को सूचित करता है कि कौन सा नाटक खेला जाने वाला है अथवा अभिनेय वस्तु का ज्ञान कराता है।

सूत्रधारो नटी ब्रूते मारिष वा विदूषकम् ।
स्वकार्यप्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम् (प्रस्तावना वा) ।।

कोई कोई प्रस्तावना की परिभाषा निम्न तौर पर करते है —

विदूषकनटीमार्षै प्रस्तुताक्षेपिभाषणम् ।
सूत्रधारस्य वक्रोक्तिस्पष्टोक्तैर्यत्तदामुखम् ।।

अर्थात् नाटक की सूक्ष्म सूचना देने के लिये सूत्रधार का नटी अथवा मारिष अर्थात् पारिपार्श्वक के साथ यथावसर जो आलाप-सलाप है उसे "आमुख" या "प्रस्तावना" कहा जाता है। दो प्रकार से नाटक की सूचना दी जाती है स्पष्ट रूप से अथवा किसी विचित्रता के साथ नाटकान्तर्गत पात्र के प्रवेश से। पहले का जो नाटक भाग है वह तो प्रस्तावना अथवा "आमुख" है और बाद का "नाट्य" अथवा "नाटक"।

प्रस्तावना मे ही प्ररोचना भी अन्तर्भूत है। प्ररोचना की परिभाषा है (पूर्वरङ्गे गुणस्तुत्या सभ्यौन्मुख्य प्ररोचना) अर्थात् रगमच पर अवतरित किये जाने वाले नाटक की प्रशसा, नटो की अभिनय-कला की प्रशसा या नाटक के रचयिता की प्रशसा या नाटक के सामाजिको की प्रशसा या इन सबकी प्रशसा को प्ररोचना कहा जाता है।

प्रवेशक अथवा विष्कम्भक

प्रवेशक की परिभाषा दशरूपक मे इस प्रकार दी गई है —

वृत्तवर्तिष्यमाणाना कथाशाना निदर्शक· ।
सक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजित ।।
तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजित ।
प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्त शेषार्थस्योपसूचक ।।

विष्कम्भक नाटक का वह भाग है जिसमे एक या अधिक मध्यम पात्र आकर भूत या भविष्य की घटना का वर्णन करते है। विष्कम्भक और प्रवेशक दोनो का उद्देश्य एक ही है। दोनो मे अन्तर यही है कि विष्कम्भक मे तो मध्यम श्रेणी के पात्र आते है और प्रवेशक मे अवर श्रेणी के। मुद्राराक्षस के प्रथम अङ्क

के आदि मे जीवसिद्धि और क्षपणक का सवाद प्रवेशक है। इसी प्रकार पचम अङ्क मे भी सिद्धार्थक और सुसिद्धार्थक का सवाद प्रवेशक है। विष्कम्भक दो प्रकार का होता है। शुद्ध और मिश्र। शुद्ध मे केवल मध्यमपात्र ही आते है पर मध्य मे नीचपात्र भी भाग लेते है और वार्तालाप सस्कृत और प्राकृत दोनो में ही होता है।

पूर्वरङ्ग

यन्नाट्यवस्तुन पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये ।
कुशीलवा प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्ग स उच्यते ॥

नाटकीय कथा के आरम्भ के पूर्व रगमच के विघ्नो की शान्ति के लिये नर्तक या अभिनेता जो मङ्गलाचरण करते है उसे पूर्वरङ्ग कहते है।

चूलिका, अङ्कास्य, अङ्कावतार

पर्दे के पीछे बैठे हुए पात्रो द्वारा कथा की सूचना देने को चूलिका कहते है। अङ्क की समाप्ति पर निष्क्रान्त होने वाले पात्रो द्वारा अगले अङ्क की कथा की सूचना अङ्कास्य है। अङ्क समाप्त होने के पूर्व ही आगामी अङ्क की कथा का प्रारम्भ कर देना अङ्कावतार है।

अन्तर्यवनिका सस्थैश्चूलिकार्थस्य सूचना
अकान्तपात्रैरकास्य – मुत्तराङ्कार्थसूचना ।
यत्र स्यादुत्तराङ्कार्थ पूर्वाङ्कार्थानुसगत
असूचिताङ्कपात्र तदङ्कावतरणम् मतम् ॥

गर्भाङ्क

अङ्कोदरप्रविष्टो यो रङ्गद्वारामुखादिमान् ।
अङ्कोऽपर स गर्भाङ्क सबीज फलवानपि ॥

गर्भाङ्क वस्तुत (किसी नाटक के) एक अङ्क के अन्तर्गत रहने वाले दूसरे अङ्क का नाम है। इसमे भी अङ्क की भाँति सूत्रधारकृत मङ्गलाचरण वा प्रस्तावना अनिवार्य है। इसमे बीजरूप इतिवृत्तार्थ किवा नायक के प्रधान प्रयोजन का अशत उपन्यास आवश्यक है।

कञ्चुकी

अन्त पुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वित ।
सर्वकार्यार्थकुशल कञ्चुकीत्यभिधीयते ॥

अथवा

ये नित्य सत्त्वसम्पन्ना कामदोषविवर्जिता ।
ज्ञानविज्ञानकुशला काञ्चुकीयास्तु ते स्मृता ॥

कञ्चुकी जाति का ब्राह्मण होता है, वह वृद्ध होता है तथा सर्वगुणसम्पन्न और प्रत्येक कार्य मे कुशल होता है। वह अन्त पुर मे जाने वाला होता है। जो कामादि दोष से रहित हो, सत्त्वशाली हो और ज्ञान-विज्ञान को जानने वाले हो वे कञ्चुकी कहलाते है।

रङ्गमञ्च

यह भी नाटचशास्त्र का एक प्रमुख अङ्ग है। जैसे वस्तुनायक और सङ्गीत, नृत्य आदि आवश्यक है वैसे ही रङ्गमञ्च भी आवश्यक है। रङ्गमञ्च ही पर पात्र लोग नाटक खेलते है। भरत मुनि ने इसकी बनावट के विषय मे बहुत कुछ लिखा है। यहाँ केवल यही कह देना पर्याप्त है कि यह तीन प्रकार का होता है। १—विकृष्ट जो १०८ हाथ लम्बा होता है, २—चतुरस्र जो चौकोर होता है और ६४ हाथ लम्बा और ३२ हाथ चौडा होता है, ३—त्र्यस्र अथवा त्रिकोण जिसमे प्राय आपस के ही लोग बैठकर नाटक का आनन्द लेते थे।

अङ्क

अङ्क इति रुढशब्दो भावै रसैश्च रोहयत्यर्थान् ।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्मात् भवेदङ्क ॥
यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च बीजस्य भवति सहार. ।
किञ्चिदवलग्नबिन्दु सोऽङ्क इति सदावगन्तव्य ॥

अङ्क नाटक का वह अवच्छेद है अथवा अन्तर्विभाग है जिसमे सामाजिको की दृष्टि नायक-चरित का साक्षात्कार किया करती है और जो भावो और रसो द्वारा अर्थो को प्रस्फुटित करता है, जो अनेक प्रकार के विधान से युक्त होता है और जहाँ एक अर्थ की समाप्ति होती है तथा बीज का उपसहार होता है और अशत बिन्दु का सबध बना रहता है। इसमे अनेकानेक घटनाचक्र का वर्णन रहता है। इसमे ऐसी कथा की रचना नही होती जो कई दिन तक चलती रहे जैसा कि साहित्य-दर्पण मे लिखा है—

नानेकदिननिर्वर्त्य. कथया सम्प्रयोजित ।
अन्तनिष्क्रान्तनिखिलपात्रोऽङ्क इति कीर्तित ।

अङ्क के अन्त मे सभी पात्र अपना-अपना अभिनय समाप्त कर रङ्गमञ्च से निकलते दिखाई दिया करते है ।

भरतवाक्य

सस्कृत नाटको का आरम्भ नान्दी सगीत से और अन्त भरतवाक्य सगीत से होता है। नान्दी को तो मुखसधि का अङ्ग नही मानते किन्तु भरतवाक्य को निर्वहणसधि का वह अङ्ग माना जाता है जिसे "प्रशस्ति" कहते है। प्रशस्ति की परिभाषा है —**'प्रशस्ति शुभशसना'**।

अर्थात् जगत् के कल्याण की आशसा अथवा सद्भावना का प्रकाशन। नाटक का नायक अथवा अन्य कोई पात्र इस "भरतवाक्य" का सगीत के साथ पाठ करता है।

नेपथ्य

जहाँ नाचने वाले, नाटक खेलने वाले नाटकोपयोगी वेशभूषा धारण करते हैं उसे नेपथ्य कहते है —**कुशीलवकुटुम्बस्य गृह नेपथ्यमुच्यते ।**

रगमच पर प्रदर्शन की दृष्टि से कथावस्तु के दो भेद होते है —(१) अभिनेय जो रगमच पर दिखाया जाय, (२) सूच्य वे वस्तुएँ जिनका रगमच पर प्रदर्शन न होकर केवल पात्रो के सवाद के माध्यम से सूचना दे दी जाती है। कुछ वस्तुएँ रगमच पर नही दिखाई जाती, जैसे—वध, युद्ध, विवाह, भोजन, यात्रा, मृत्यु आदि अशुभ या पीडाजनक व्यापार। साहित्यदर्पण मे लिखा है —

दूराह्वान वधो युद्ध राज्यदेशादिविप्लव ।
विवाहो भोजन शापोत्सर्गो मृत्यूरत तथा ।
दन्तच्छेद्य नखच्छेद्यमन्यद् व्रीडाकर च यत् ।
शयनाधरपानादि नगराद्यवरोधनम् ।
स्नानानुलेपने चैभिर्वर्जितो नातिविस्तरै ।।

सर्वश्राव्य या प्रकाश

रगमच पर कथोपकथन मे पात्र की कथावस्तु को तीन तरह से व्यवहार मे लाते है (१) जो बात सब के सामने कही जाय उसे **सर्वश्राव्य** या **प्रकाश** कहते हैं।

(२) जो दूसरे पात्रो के सुनने योग्य न होकर केवल अपने ही सुनने योग्य हो और उसे वह पात्र अपने मन के लिये कहे वह **स्वगत** या **अश्राव्य** है। (३) जो केवल कुछ पात्रो के सामने कही जा सके वह **नियतश्राव्य** है। (४) नियत श्राव्य मे ही जब दो पात्र हाथ की ओट करके बात करते हैं तो उसे **जनान्तिक** तथा (५) जब कोई पात्र मुँह फेर कर दूसरे पात्र की गुप्त बात कहता है तो उसे **अपवारित**। (६) और जब आकाश की ओर देखकर किसी से बातचीत करने का अभिनय करते हुए कोई अपने प्रश्न उत्तर दोनो कहता चला जाता है उसे **आकाशभाषित** कहते हैं।

कथावस्तु

नाटक की सफलता के लिये उसके तीन प्रमुख तत्त्व कथावस्तु, नायक और रस का भली भाँति निर्वाह कवि को करना चाहिये। काव्य के नवो रसो मे शान्तरस को छोडकर आठ रस नाटक मे व्यवहृत होते है। वीर या शृङ्गार रस की प्राय नाटक मे प्रधानता होती है। नायक के चार भेद पहले ही बताये जा चुके है। वे है धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित और धीर-प्रशान्त।

कथावस्तु दो प्रकार की होती है—मुख्य कथावस्तु और उसकी अगभूत कथावस्तु। जिससे मुख्य कथा के विकास मे सहायता मिलती है उसको क्रमश: **आधिकारिक** और **प्रासङ्गिक** कथावस्तु कहते हैं। प्रासङ्गिक कथावस्तु भी दो प्रकार की होती है—एक वह जो मुख्य कथावस्तु के साथ दूर तक चलती रहती है और इसको **पताका** कहते है। दूसरी वह जो स्थान विशेष पर ही मुख्य कथावस्तु की सहायक होती है और इसे **प्रकरी** कहते हैं।

अर्थप्रकृति, अवस्था और सधियाँ

अर्थप्रकृति पाँच प्रकार की होती है —

बीज बिन्दु पताका च प्रकरी कार्यमेव च।
अर्थप्रकृतय पञ्च ज्ञात्वा योज्या यथाविधि ॥

(१) **बीज**—मुख्य फल का कारणभूत कथाभाग जिसका पहले बहुत सक्षेप मे वर्णन किया जाता है और आगे वह क्रमश विस्तृत होता जाता है।

(२) **बिन्दु**—कारण बनकर आने वाली वह बात बिन्दु कहलाती है जिससे

समाप्त होने वाली अवान्तर कथा आगे बढती है और प्रधान कथा अविच्छिन्न बनी रहती है —

अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम् ।

(३) **पताका**—वह प्रासङ्गिक कथावस्तु है जो दूर तक नाटक मे चलती रहे। यह वह प्रासङ्गिक इतिवृत्त है जो व्यापक हुआ करता है और प्रधान फल का सहायक बना रहता है। साहित्यदर्पणकार ने लिखा है —

व्यापि प्रासङ्गिक वृत्तम् पताकेत्यभिधीयते।

जैसे "बेणीसहार" मे भीमसेन सम्बन्धी वृत्तान्त अथवा "अभिज्ञानशाकुन्तल" मे विदूषक सबधी वृत्तान्त।

(४) **प्रकरी**—नाटक मे आये हुए उस प्रासगिक वृत्त को प्रकरी कहते है जो आधिकारिक वृत्त के साथ थोडी ही दूर तक सम्बद्ध हो।

प्रासङ्गिक प्रदेशस्थ चरित प्रकरी मता ।

मुद्राराक्षस मे "प्रकरी" रूप अर्थ प्रकृति है ही नही । यहाँ यह अनावश्यक है।

(५) **कार्य**—कार्य का अर्थ फल है। जिस फल की प्राप्ति के वास्ते उपाय किया जाता है और जो साध्य होता है वह कार्य है—

अपेक्षित तु यत्साध्यमारम्भो यन्निबन्धन ।
समापन तु यत्सिद्ध्यै तत्कार्यमिति समतम् ॥

अवस्था

फल के उद्देश्य से जो कार्य किया जाता है उसकी स्वभावत पाँच अवस्थाएँ होती है—(१) आरम्भ (२) प्रयत्न (३) प्राप्त्याशा (४) नियताप्ति (५) फलागम। साहित्यदर्पण मे लिखा है —

अवस्था पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभि ।
आरम्भयत्नप्रत्याशा नियताप्तिफलागमा ॥

१—जहाँ कार्य के आरम्भ की सूचना मिले। कार्य की सिद्धि के लिये नायक मे जो उत्सुकता होती है उसे **आरम्भ** कहते है।

भवेदारम्भ औत्सुक्य यन्मुख्यफलसिद्धये।

२—कार्य को सिद्ध होता न देखकर उसके वास्ते शीघ्रता से उपाय करना **प्रयत्न** है।

प्रयत्नस्तु फलावाप्तौ व्यापारोऽतित्वरान्वित ।

३—उपाय और विघ्न दोनो के बीच की अवस्था जब दोनो की खीचातानी मे फलप्राप्ति का निश्चय न किया जा सके उसे **प्राप्त्याशा** कहते है —

उपायापायशङ्काभ्या प्राप्त्याशा प्राप्तिसभव ।

४—**नियताप्ति**—विघ्न के नष्ट हो जाने से जहाँ फल-प्राप्ति का पूर्ण निश्चय हो जाय।

अपायाभावत प्राप्तिर्नियताप्तिस्तु निश्चित ।

५—**फलागम** वह कार्यावस्था है जिसे समग्र-फल-लाभ कहा गया है।

सावस्था फलयोग स्याद्य समग्रफलोदय ।

सधियाँ

'अर्थप्रकृतिपञ्चक' रूप भेद के साथ अवस्था पञ्चक की क्रमिक सम्बद्ध योजना के कारण नाटकीय इतिवृत्त के जो पाँच भाग है, उन्हे ही पञ्चसधियाँ कहा करते है, उसके पाँच भेद है।

१—**मुखसधि**—"आरम्भ" नामक अवस्था और "बीज" अर्थ प्रकृति का जहाँ सयोग होता है उसे **मुखसधि** कहते है।

२—**प्रतिमुखसधि**—रूपक के प्रधान फल का साधक कथानक जिसमे कभी गुप्त और कभी प्रकट होता दिखाई दे उसे **प्रतिमुख सधि** कहते है।

३—**गर्भसधि**—इस सधि मे प्रतिमुखसधि का कुछ आविर्भूत बीज बार-बार प्रकट, गुप्त और अन्वेषित होता रहता है।

४—**विमर्शसधि**—वहाँ होती है जहाँ बीज के अधिक विस्तृत होने से उसके फलोन्मुख होने मे विघ्न उपस्थित होते है। इसमे नियताप्ति अवस्था और प्रकरी अर्थप्रकृति होती है।

५—**निर्वहणसधि**—यह रूपक प्रबन्ध की वह अर्थराशि है, जिसमे उन सधियो मे यत्र तत्र उपन्यस्त बीजादि रूप इतिवृत्ताश प्रधान फल के निष्पादक बनते दिखाई दिया करते है।

साहित्यदर्पण मे पाँचो सधियो का लक्षण इस प्रकार दिया है —

यत्र बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससम्भवा ।
प्रारम्भेण समायुक्ता तन्मुख परिकीर्तितम् ।।
फलप्रधानोपायस्य मुखसंधिनिवेशिन ।
लक्ष्यालक्ष्य इवोद्भेदो यत्र प्रतिमुख च तत् ।।

फलप्रधानोपास्य प्रागुद्भिन्नस्य किञ्चन ।
गर्भो यत्र समुद्भेदो ह्रासान्वेषणवान्मुहु ।।
यत्र मुख्यफलोपाय उद्भिन्नो गर्भतोऽधिक ।
शापाद्यै सान्तरायश्च स विमर्श इति स्मृत ।।
बीजवन्तो मुखाद्यर्था विप्रकीर्णा यथायथम् ।
एकार्थमुपनीयन्ते यत्र निर्वहण हि तत् ।।

पात्र-परिचय

पुरुष-पात्र

चाणक्य—नायक, एक महान् राजनीतिज्ञ, मौर्य साम्राज्य को प्रतिष्ठापित करने वाला।

राक्षस—नन्द साम्राज्य का महामत्री, प्रतिनायक।

चन्द्रगुप्त—मौर्यवश का पहला सम्राट्, चाणक्य का भक्त।

मलयकेतु—महाराज पर्वतक का पुत्र, महत्त्वाकाक्षी योद्धा, राक्षस का सहायक, चन्द्रगुप्त का प्रतिद्वन्द्वी।

चन्दनदास—पाटलिपुत्र का सेठ, महामात्य राक्षस का परम मित्र।

भागुरायण—एक राजकुमार, चाणक्य का गुप्तचर जो मलयकेतु का बनावटी मित्र है।

जीवसिद्धि (क्षपणक)—चाणक्य का मित्र व गुप्तचर, राक्षस का बनावटी मित्र।

सिद्धार्थक—चाणक्य का गुप्तचर, राक्षस का बनावटी सेवक।

सुसिद्धार्थक—सिद्धार्थक का मित्र, चाण्डाल वेष मे वेणुवेत्रक।

निपुणक—चाणक्य का गुप्तचर, राक्षस की मुद्रा को उडाने वाला।

विराधगुप्त—राक्षस का गुप्तचर, सँपेरा।

करभक—राक्षस का गुप्तचर।

भासुरक—कुमार मलयकेतु का अनुचर।

अन्य पात्र कञ्चुकी, दौवारिक आदि।

स्त्री-पात्र

शोणोत्तरा—मौर्य सम्राट् की प्रतीहारी।

विजया—मलयकेतु की प्रतीहारी।

कुटुम्बिनी—चन्दनदास की स्त्री।

श्रीविशाखदत्तप्रणीतम्

मुद्राराक्षसम्

प्रथमोऽङ्कः

धन्या केयं स्थिता ते शिरसि शशिकला किन्नु नामैतदस्या
नामैवास्यास्तदेतत् परिचितमपि ते विस्मृतं कस्य हेतोः ।
नारी पृच्छामि नेन्दुं कथयतु विजया न प्रमाणं यदीन्दु-
र्देव्या निह्नोतुमिच्छोरिति सुरसरितं शाठ्यमव्याद्विभोर्वः ॥१॥

अन्वय—का इय धन्या ते शिरसि स्थिता ? शशिकला । एतत् अस्या नाम नु किम् ? अस्या नाम एव । तदेतत् ते परिचितमपि कस्य हेतो विस्मृतम् ? नारी पृच्छामि इन्दु न । यदि इन्दु प्रमाण न, विजया कथयतु । इति देव्या सुरसरितम् निह्नोतुमिच्छो विभो शाठ्य व अव्यात् ।

हिन्दी अनुवाद—(पार्वती शकर से पूछती है) यह कौन सी सौभाग्यशालिनी स्त्री है जो तुम्हारे शिर पर बैठी है ? (शिव का उत्तर) यह तो शशिकला है। (पार्वती) तो क्या उसका वास्तविक नाम चन्द्रकला है। (शिव) क्या तुम भूल गई हो। इसका यह नाम ही है। यह तो तुम्हारा परिचित नाम है ! (पार्वती) मैं स्त्री को पूछ रही हूँ चन्द्रमा को नहीं। (शिव) तो मैं क्या बताऊँ ? यदि तुम्हें इस बात पर कि यह चन्द्रकला है, विश्वास नही है तो विजया ही (जो तुम्हारी सखी है) इसका नाम बतावे। इस प्रकार गङ्गा को पार्वती से छिपाने के इच्छुक शकर का यह (प्रेमपूर्ण) कपट आप लोगो की रक्षा करे।

(*Goddess Parvati*) Who is the fortunate lady sitting on your head ? (*Shiva*) Sashikala (digit of the moon) (*Parvati*) Is it really the name of this lucky one ? (*Shiva*) It is the one well-known to you , have you forgotten her ? (*Parvati*) I ask about the woman not about the moon (*Shiva*) If you do not believe me let Vijaya answer May this craft of Shiva, desirous of concealing the heavenly stream (*Ganga*) from his consort, protect you

व्याख्या—पुरा किल भगीरथेन आकाशात् प्रवर्तिता गङ्गा शिवशिरसि निपतिता देवेन शिवेन पत्नीत्वेन अङ्गीकृता आत्मरूपेण तस्य जटामण्डले एव स्थिता। देवोऽपि तां शिरसि कृत्वा गृह प्रत्यावर्त्तत। तदा शिरो विभूषयन्तीम् गङ्गामुद्दिश्य ईर्ष्याकवलिताऽन्तरा पार्वती तस्या कुलशीलादि जिज्ञासमाना शङ्करमपृच्छत् का इय धन्या सौभाग्यवती स्त्री जगद्गुरो अपि ते तव शिरसि स्थिता वर्त्तते। शिवस्तु इति कथयितु नैच्छत् यत् "इयम् तव सपत्नी" अत गङ्गा निह्नोतुकाम स अकथयत् "इयम् शशिकला" चन्द्ररेखा। पुन सा अपृच्छत्—किमस्या सुभगाया नामाभिधानमेवैतत्। तत शिव प्रतारयन्नाह अस्या मम शिरसि स्थिताया चन्द्रकलाया शशिकला इति नाम एव। ननु पृच्छामि तत् प्रसिद्धम् नाम ते परिचितमपि सुविदितमपि कस्मात कारणात् अद्य विस्मृतम्। नारी रमणी पृच्छामि इन्दु न चन्द्र न तर्हि प्रिया प्रसादयन् निगूहितगगाभावो भृश मनसि प्रहृष्यन् शकर कथयति, यदीन्दु मय यस्य शशिकलेति मद्वचो न प्रमाण न विश्वासावहम् तर्हि भवत्या सखी विजया एव पृच्छ्यताम् सैव कथयतु यत् शशिकलेति इन्दोर्नाम न वा। इति एतत् उक्तरूपम् देव्या पार्वत्या सुरसरित देवनदी गङ्गा निह्नोतुमिच्छो गोपयितुकामस्य विभो शिवस्य शाठ्य कैतव व युष्मान् रक्षतु इति सामाजिकान् प्रति आशीर्वचनम्।

टिप्पणी

(१) **नादी**—उन आशीर्वादात्मक श्लोको या पद्यो को नादी मगलाचरण कहते है जिन्हे सूत्रधार नाटक के प्रारम्भ करने से पहले पाठ करता है। नादी चार प्रकार की होती है—नमस्कृति, माङ्गलिकी, आशी तथा पत्रावली। घटना का कुछ आभास देने के कारण इस नाटक की नान्दी पत्रावली है। (२) **मुद्राराक्षस**—यह नाटक का नाम है। मुद्रा—मुहर seal। राक्षस—नन्द का प्रधान मत्री है। इस नाटक मे मुद्रा के द्वारा राक्षस को फाँसा गया है अत इसका नाम मुद्राराक्षस हुआ। मुद्रया गृहीत राक्षस मुद्राराक्षस (मध्यमपदलोपी समास)। मुद्राराक्षसम् अधिकृत्य कृत नाटकम् इति मुद्राराक्षसम् मुद्राराक्षस+अण्। 'नाटकम्' का विशेषण होने के कारण यह नपुसकलिग हुआ। (३) **धन्या**—धन लब्ध्वा। धन+यत्+टाप् स्त्रियाम्। भाग्यशालिनी। टीकाकार ढुण्ढिराज का कथन है कि "धन्या" शब्द ईर्ष्या के अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है। क्योकि पार्वती तो शङ्कर जी के बाये भाग मे आधे अङ्ग पर विराजती है और उनकी सौत गङ्गा

महादेव जी के सर पर विराजमान है। यह शब्द (धन्या) निन्दा-वाचक भी है, क्योंकि पति के सिर पर बैठना स्त्री के लिए सर्वथा अनुचित है। (४) **परिचितमपि**—परि+चि+क्त कर्मणि वर्तमाने। अत यहाँ "ते" का प्रयोग हुआ है। 'क्तस्य च वर्तमाने' इति षष्ठी। (५) **कस्य हेतो**—किस कारण से। 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' इति सूत्रेण अथवा 'सर्वनाम्नस्तृतीया च' इति सूत्रेण षष्ठी। (६) **नारी पृच्छामि नेन्दुम्**—इस नारी (जो तुम्हारे शिर पर है) के बारे मे पूछती हूँ न कि चन्द्रमा के विषय मे। (७) **इन्दु प्रमाणम् न**—मेरी यह बात कि वह चन्द्रमा है अगर मान्य नही है तो (८) **देव्या निह्नोतुम् इच्छो**—पार्वती से छिपाने के इच्छुक। यहाँ "ध्रुवमपाये" से पञ्चमी है। निह्नोतुम्—छिपाना। नि+ह्नु+तुमुन्। (९) **विभो शाठ्यम्**—शङ्कर जी का कपट। शङ्कर जी ने गङ्गा को पार्वती से छिपाने के लिए यह व्यवहार किया। (१०) **अव्यात्**—रक्षा करे। अव्+लिङ् (आशिषि)। यह स्रग्धरा छन्द है। छन्द का लक्षण—'म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्'। इसमे वक्रोक्ति अलकार है।

अपि च—

पादस्याविर्भवन्तीमवनतिमवने रक्षतः स्वैरपातैः
संकोचेनैव दोष्णां मुहुरभिनयतः सर्वलोकातिगानाम्।
दृष्टिं लक्ष्येषु नोग्रां ज्वलनकणमुचं बध्नतो दाहभीते-
रित्याधाराऽनुरोधात् त्रिपुरविजयिनः पातु वो दुःखनृत्यम्॥२॥

अन्वय—आविर्भवन्तीम् अवने अवनति पादस्य स्वैरपातै रक्षत, सर्वलोकातिगाना दोष्णा मुहु सकोचेनैव अभिनयत, दाहभीते लक्ष्येषु ज्वलनकणमुचम् उग्रा दृष्टि न बध्नत, त्रिपुरविजयिन आधारानुरोधात् इति दु खनृत्य व पातु ॥२॥

हिन्दी अनुवाद—अपने चरणो को स्वच्छन्द चलाने से, पृथ्वी को रसातल में धँस जाने की सम्भावना से सदा बचाते रहने वाले, अपनी भुजाओ को जो समस्त लोको का अतिक्रमण करने वाली है बार-बार सकुचित करके ही अभिनय करने वाले, (ससार के जलने के डर से) दृश्य पदार्थों पर अग्नि-स्फुलिंगो को छोडने वाली भयानक दृष्टि को कही एक लक्ष्य पर न रखने वाले त्रिपुर-विजयी शङ्कर का वह ताण्डव जो केवल अभिनय के आधारो की रक्षा करते रहने के कारण स्वय इस प्रकार कष्टमय बना हुआ है आप (दर्शको) का सदा कल्याण करे।

विशेष—इस दूसरे नान्दी पद मे नाटककार ने त्रिपुर-विजयी शिव के दु खसाध्य ताण्डव मे चरितनायक चाणक्य के नीति-ताण्डव की सूक्ष्म अभिव्यक्ति की है। इस पद मे यह दिखाया गया है कि जिस प्रकार क्रोधित होने पर महादेव जी ने त्रिपुर का नाश कर दिया था उसी प्रकार चाणक्य ने भी क्रोध मे नवनन्दो का नाश कर दिया, पर शान्ति के समय जिस प्रकार महादेव जी सब के रक्षार्थ कष्ट-नृत्य करते है उसी प्रकार क्रोध शान्त होने पर चन्द्रगुप्त के राज्य को दृढ करने के लिए राक्षस को मिलाने के लिए कष्टसाध्य कार्य को चाणक्य ने शान्ति से अपनी कूटनीति द्वारा सफल किया।

May the dance of Shiva uncomfortable due to his regard for the arena, protect you In the dance, the conqueror of Tripura avoided imminent subsidence of the earth by light treads of his feet, acted with the shortening of his arms which outreached all the worlds and did not fix his grim eye, that emitted sparks of fire, on objects that are seen, for he feared that the whole world would be burnt

सस्कृत व्याख्या—आविर्भवन्तीम् उत्पत्स्यमानाम् अवने पृथिव्या अवनति अधोगमन पादस्य स्वैरपातै आत्मकलनया विन्यासै न तु ताण्डवरीत्या पातै रक्षत परिहरत सर्वलोकातिगानाम् सर्वान् लोकान् अतिक्रम्य गच्छताम् जिगमिषता वा दोष्णा भुजानाम् मुहु प्रतिक्षण सकोचेनैव निरुद्धप्रसारेणैव न तु ताण्डवोचितप्रसारेण अभिनयत हस्ताभिनयकार्यं कुर्वत लोकान्तरमनुरुन्धानस्य दाहभीते नयनकिरणात् अभिज्वलन् शङ्कया अर्थात् दृष्टिपथमायातानि समग्रभावजातानि मा भूवन् भस्मसात् इति धिया लक्ष्येषु दर्शनविषयेषु ज्वलनकणमुचम् ज्वलनकणान् मुञ्चति या तादृशीम् अतएव उग्राम् घोरा दृष्टि न बध्नत न स्थिर निक्षिपत त्रिपुरविजयिन त्रिपुरान्तकस्य आधारानुरोधात् रङ्गभूमे ब्रह्माण्डोदरस्य अनुरोधात् अपेक्षया ब्रह्माण्डम् पूर्णताण्डवस्य अपर्याप्तमितिहेतो दु खनृत्यम् विकलताण्डव व पातु रक्षतु। शिवस्य रौद्र रसमभिनयत महानटस्य दु खनृत्यम् नियन्त्रिताङ्गहारादिस्वाच्छन्द्य कृच्छ्रसाध्य नटन व सामाजिकान् पातु दौर्मनस्यादिकचिन्तासन्तापाद्रक्षत्विति भाव।

टिप्पणी

(१) **आविर्भवन्तीम्**—आविस्+भू+'वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा' इति सूत्रण भविष्यदर्थे लट्—शतृ स्त्रिया ङीप्। **जायमानाम्**—उत्पन्न होने वाली। यह अवनतिम् का विशेषण है। (२) **रक्षत**—रक्षा कुर्वत—रक्षा करने वाले (शकर का) (३) **स्वैरपातै**—स्व ईर येषु ते स्वैरा तादृशा पाता तै

स्वैरपातै—सभालकर पैर रखने से, या धीरे रखते हुए, "मन्दस्वच्छन्दयो स्वर" इत्यमर । यहाँ पर करणे तृतीया है । (४) **सकोचेन एव**—एव शब्द से ज्ञात होता है कि बाहुओ का पूरा-पूरा फैलाना असभव था । सकोच से ही । जैसा कि एक टीकाकार ने लिखा है—सक्षेपेणैव व्यावर्तनेनैव नतु ताण्डवोचितप्रसारेण असकोचे तु भुजदण्डाभिघातेन विश्वमेव विनश्येदिति भाव । यदि हाथो को सभाल कर अभिनय न करते तो शायद सारा ससार भुजदण्ड के चोट से नष्ट हो जाता । (५) **दोष्णाम्**—बाहुओ का । यह भुजावाची दोष् शब्द के षष्ठी-बहुवचन का रूप है । (६) **अभिनयत**—अभिनय करते हुए । अभि+नी+शतृ । (७) **दाहभीते**—दाहात् भीति (पञ्चमी तत्पु०) तस्या दाहभीते—जल जाने के भय से । हेतौ पञ्चमी 'विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्' इति सूत्रेण । (८) **सर्व-लोकातिगानाम्**—सर्वे लोका सर्वलोका तानि अतिगच्छन्ति तेषाम् । सर्वलोक +अति+गम+ड कर्त्तरि—सारे ससार को अतिक्रमण करने वाले । यह दोष्णाम् का विशेषण है । (९) **ज्वलकणमुचम्**—यह "दृष्टिम्" का विशेषण है—अग्निकणो को उगलने वाली । ज्वलकण+मुच्+क्विप् कर्त्तरि ताम् । (१०') **त्रिपुर-विजयिन**—त्रिपुरस्य विजयिन इति त्रिपुरविजयिन । त्रिपुरासुर को विजय करने वाले (शकर का) त्रिपुरासुर स्वर्ग, अन्तरिक्ष तथा पृथ्वी पर तीन नगर बनाकर रहता था । शकर ने इन नगरो को जलाकर त्रिपुर-सहार किया था । (११) **आधारानुरोधात्**—आधारस्य अनुरोधात् । आधार के अनुरोध के कारण । अर्थात् नृत्य के आधारो की रक्षा करते हुए । शकर जी के नृत्य का आधार सारा ब्रह्माण्ड है । आध्रियते अस्मिन् अनेन वा । आ+धृ+घञ् । अनुरोधात् मे "हेतौ पञ्चमी" है (१२) **दु खनृत्यम्**—दु खयति इति दु खम् । दु ख+णिच्+अच् (पचाद्यच्) दु खम् नृत्यम्—दु ख पूर्ण नृत्य । 'स्वैरपात' शब्द से सूचित होता है कि शकर जी को पादक्षेप करने मे असुविधा है । "सकोच" शब्द से सूचित होता है कि हस्तविक्षेप मे भी "कष्ट" है । "दृष्टेरबन्धनम्" से पता चलता है कि वे पूरी तौर से देखते भी नही । शकर जी को दृष्टिपात करने मे भी सकोच है । अत यह नृत्य हर प्रकार से दु खप्रद है । अमात्य राक्षस का विफल होना दु खनृत्य है । जैसा कि राक्षस स्वय कहता है "विपर्यस्त सौधम्" (६—११) 'द्रव्यम् विजिगीषुमधिगम्य" (७—१४) । आधार मलयकेतु है । कुछ टीकाकार ऐसा भी अर्थ करते है कि आधार राक्षस है और दु खनृत्य चाणक्य का कार्य है,

क्योंकि उसे राक्षस की रक्षा करते हुए सब काम करने पडे थे। अत उसका प्रयत्न दु खनृत्य कहा गया है। इस श्लोक मे स्रग्धरा छन्द है। सबधरूपातिशयोक्ति अलकार है।

(नान्द्यन्ते)

सूत्रधारः—अलमतिप्रसङ्गेन। आज्ञापितोऽस्मि परिषदा यथा "अद्य त्वया सामन्तवटेश्वरदत्तपौत्रस्य महाराजपदभाक्-पृथुसूनोः कवेर्विशाखदत्तस्य कृतिः अभिनवं मुद्राराक्षसं नाम नाटकं नाटयितव्यम्" इति यत्सत्यं काव्यविशेषवेदिन्यां परिषदि प्रयुञ्जानस्य ममापि सुमहान् परितोषः प्रादुर्भवति। कुतः—

हिन्दी अनुवाद—(नान्दी के बाद) सूत्रधार—अधिक विस्तार की आवश्यकता नहीं है। परिषद से मुझे आज्ञा मिली है कि आज तुम सामन्त वटेश्वरदत्त के पौत्र और महाराज की उपाधि से भूषित पृथु के पुत्र विशाखदत्त कवि की नई कृति मुद्राराक्षस नामक नाटक का अभिनय करो। "सच है जो सभा काव्य के गुण और दोष को (विशेषता को) समझती है उसके सामने अभिनय करते हुये मेरा भी चित्त अति सतुष्ट होता है। क्योंकि —

(After the Nandi)—*Stage Manager*—Enough of excessive talk I have been ordered by the assembly, "The new drama entitled the Mudrarakshas, the work of the poet Vishakhadatta, the son of Vateshwardatta, has to be staged by you today" Really, I find much pleasure in acting before an audience which knows the techniques of poems For—

सस्कृत व्याख्या—नान्द्यन्ते नान्द्या मङ्गलाचरणस्य अन्ते समाप्ते सूत्रधार नटाना नेता आह—अतिप्रसङ्गेन बहुभाषणेन अलम् पर्याप्तम्। परिषदा समागतेन सामाजिकजनेन आज्ञापितोऽस्मि कथितोऽस्मि सामन्तवटेश्वरदत्तस्य पौत्रस्य तथा महाराजपदभाक्पृथुसूनो महाराजोपाधि य भजते तस्य पृथो पृथुनामकस्य सामन्तभूपते य सूनु आत्मज तस्य कवे विशाखदत्तस्य कृति रचना अभिनवम् नवीनम् मुद्राराक्षस नाम नाटकम् नाटयितव्यम् अभिनेतव्यम् यत् सत्यम् तथ्यम् काव्यविशेषवेदिन्या काव्यस्य विशेषम् उत्कर्षं या वेत्ति जानाति तस्या परिषदि सभायाम् प्रयुञ्जानस्य प्रयोक्ष्यमाणस्य ममापि सुमहान् भूयान् परितोष आनन्द प्रादुर्भवति जायते कुत यतो हि।

टिप्पणी

(१) **नान्द्यन्ते**—नन्दयतीति नन्द । नन्द एव नान्द नन्द+अण् (स्वार्थे) । नान्द+ङीप् नान्दी । नान्द्या अन्त तस्मिन् नान्द्यन्ते । 'यस्य च भावेन भाव-लक्षणम्' इति सूत्रेण भावे सप्तमी । नान्दी की परिभाषा भूमिका मे देखिये । नान्दी इसलिए की जाती है कि नाटक की समाप्ति निर्विघ्न हो जाय । यह देवता की स्तुति है । नान्दी का लक्षण है— "देवद्विजनृपादीनामाशीर्वादपरायणा । नन्दन्ति देवता यस्मात्तस्मान्नान्दी प्रकीर्त्तिता" । इसका प्रयोजन है "तथाप्यवश्य कर्त्तव्यम् नान्दी विघ्नोपशान्तये" । (२) **सूत्रधार**—रगशाला का व्यवस्थापक । सूत्र धारयति इति सूत्र+धृ+णिच्+अण् कर्तरि । (३) **अतिप्रसङ्गेन अलम्**—अधिक विस्तार रहने दो । "अल योगे तृतीया" से तृतीया है । प्रसञ्जनमिति प्रसङ्ग—प्र+सज्+घञ् भावे । अतिशयित प्रसङ्ग अतिप्रसङ्ग (प्रादि तत्पुरुष समास) किसी विषय पर अधिक कहना अतिप्रसङ्ग है । (४) **आज्ञापित**—आ+ज्ञा, पुक्+णिच्+क्त—आदेश दिया गया है । (५) **परिषदा**—परिषद् से । परि+षद्+क्विप् तृतीया—एकवचन । (६) **काव्यविशेषवेदिन्याम्**—काव्य की विशेषता जानने वाली (परिषद्) यह परिषदि का विशेषण है । काव्यस्य विशेष वेत्तीति तस्या काव्यविशेषवेदिन्याम् । विशेष+विद्+णिनि (प्रत्यय)+ङीप् । (७) **प्रयुञ्जानस्य**—नाटक कुर्वंत—अभिनय करते हुए (का) । प्र+युञ्ज्+लट्—शानच् ।

चीयते बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषिः ।
न शालेः स्तम्बकरिता वप्तुर्गुणमपेक्षते ॥३॥

अन्वय—बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषि चीयते, शाले स्तम्बकरिता वप्तु गुणम् न अपेक्षते ।

हिन्दी अनुवाद—मूर्ख का भी अच्छे खेत में डाला हुआ बीज वृद्धि को प्राप्त होता है । घने गुच्छे बन-बन कर उपजने वाले धान के बीज किसान के गुण (या अवगुण) पर नहीं निर्भर रहते ।

Seeds sown, even by a fool, in a good soil thrive The growth of paddy in clusters does not depend upon the skill of the sower

सस्कृत व्याख्या—बालिशस्यापि मूर्खस्यापि कृषकस्य सत्क्षेत्रपतिता उदारे क्षेत्रे पतिता प्रयुक्ता (सती) कृषि लक्षणया बीज चीयते वर्धते शाले धान्य-

विशेषस्य स्तम्बकरिता स्तोमीभवनयोग्यता निविडभवन वा वप्तु बीजनिक्षेपकर्तु गुण कृषिपाण्डित्यादिक न अपेक्षते नाकाङ्क्षते प्रत्युत स्वयमेव क्षेत्रसम्पदा समृद्धिमती भवतीति भाव ।

टिप्पणी

(१) **बालिशस्य**—मूर्खस्य अर्थात् कृषि कर्म न जानने वाले किसान का। बाड्+इन्, बार्डि श्यति इति बाडि+शो+ड, डलयोरभेद =बालिश, तस्य। (२) **सत्क्षेत्रपतिता कृषि**—उत्तम खेत मे बोई हुई (खेती) अर्थात् बीज। (३) **चीयते**—वर्धते—बढती है। (४) **शाले**—एक प्रकार का (जडहन) धान। (५) **स्तम्बकरिता**—गुच्छे बन-बन कर उपजना। स्तम्ब करोतीति—स्तम्ब+कृ+इनि स्तम्बकरि तस्य भाव स्तम्बकरि+तल्+टाप्। इसमे अर्थान्तिरन्यास अलङ्कार है और पथ्यावक्त्र छन्द है। छन्द का लक्षण—'युजोश्चतुर्थतो येन पथ्यावक्त्र प्रकीर्तितम्'।

तद्यावदिदानी गृहं गत्वा गृहिणीमाहूय गृहजनेन सह सङ्गीतकमनुतिष्ठामि। (परिक्रम्यावलोक्य च) इमे नो गृहाः। तद्यावत् प्रविशामि। (नाट्येन प्रविश्यावलोक्य च) अये, तत् किमिदमस्मद्गृहेषु महोत्सव इव दृश्यते। स्वस्वकर्मणि अधिकतरमभियुक्तः परिजनः। तथाहि—

हिन्दी अनुवाद—तो अब मै घर जाकर स्त्री को बुलाकर घर के लोगो के साथ गाने बजाने का आयोजन करता हूँ। (चारो ओर घूमकर और देखकर) यही मेरा घर है। तो इसमें मै प्रवेश करता हूँ। (भीतर प्रवेश करने का अभिनय करके और देख-दाख कर) अहा! आज मेरे घर में यह कैसा बडा उत्सव दिखाई पड़ रहा है। सभी परिजन अपने-अपने काम में तल्लीन है। क्योकि—

So I shall go home, summon my wife, and commence music with the house-hold servants (Going home and observing) This is my house, I shall go inside (Acting entry and observation) Oh! what is this? It seems that there is a great festival in my house The servants are busily engaged in their respective duties, For—

सस्कृत व्याख्या—तत् तस्मात् इदानी सम्प्रति गृह वेश्म गत्वा गृहिणीम् स्त्रीम् आहूय गृहजनेन परिजनवर्गेण सह सङ्गीतकम् यावत् अनुतिष्ठामि आयोजयामि गीतवाद्यादिकमेव प्रवर्त्तयामीति भाव परिक्रम्य रगमच परित गत्वा अवलोक्य च दृष्ट्वा च इमे न अस्माकम् गृहा भवनानि तत् यावत् प्रविशामि

अन्तर्गच्छामि। (नाट्येन प्रविश्य प्रवेश नाटयित्वा अवलोक्य दृष्ट्वा च आह) अये, तत् किम् इदम् अस्मद्गृहेषु मम वेश्मनि महान् उत्सव इव दृश्यते यत परिजन भृत्यवर्ग स्वस्वकर्मणि निजकार्ये अधिकतरम् अत्यन्तम् अभियुक्त सलग्न तथाहि अभिनिवेशाधिक्यादेव —

टिप्पणी

(१) **गृहिणीम्**—गृहमस्या अस्तीति गृह+इति (मत्वर्थे)+ङीप्=गृहिणी, ताम्—पत्नी को। यह आहूय का कर्म है। (२) **गृहजनेन**—यहाँ "जन मे" जातौ एकवचनम् से एकवचन है। गृहस्थ जन गृहजन "शाकपार्थिवादि" समास है। घर वालो के साथ। (३) **सगीतकम्**—सम्+गै+क्त भावे सगीतम्, सगीतमेव सगीतकम् स्वार्थे कन्। नृत्य, गीत तथा वाद्य को सगीत कहते है। 'गीत वाद्य नर्तन च त्रय सगीतमुच्यते'। (४) **गृहा**—गृह शब्द नपुसक मे एकवचन होता है परन्तु पुलिङ्ग मे बहुवचन होता है। "गृहा पुसि च भूम्न्येव" इत्यमर। (५) **स्वस्वकर्मणि**—अपने-अपने काम मे। यहाँ पर अधिकरणे सप्तमी है। (६) **अभियुक्त**—सलग्न है—अभि+युज्+क्त कर्त्तरि।

वहति जलमियं पिनष्टि गन्धा-
नियमियमुद्ग्रथते स्रजो विचित्राः।
मुसलमिदमियञ्च पातकाले
मुहुरनुयाति कलेन हुंकृतेन ॥४॥

अन्वय—इय जल वहति इय गन्धान् पिनष्टि इय विचित्रा स्रज उद्ग्रथते इय च पातकाले मुहु कलेन हुकृतेन इदम् मुसलम् अनुयाति।

हिन्दी अनुवाद—एक (दासी) तो इधर जल ला रही है, दूसरी उधर सुगधित मसालो को पीस रही है, कोई रग-बिरगी सुन्दर मालायें गूँथ रही है और उधर कोई मीठी हुकार सी भरती हुई खल में मूसल के गिरने के साथ-साथ अपनी धुन मे लगी दिखाई दे रही है।

Some one is carrying water, some one is pounding spices, the other is preparing speckled wreaths, and one is always accompanying, with a sweet 'hum' that pestle when it is dropped down

संस्कृत व्याख्या—इयम् एका जल पानीयम् वहति आनयति इयम् अपरा गधान् पिनष्टि अधिवासद्रव्याणि चूर्णयति इयम् काचित् विचित्रा अनेकवर्णा स्रज पुष्पमाल्यानि उद्ग्रथते उद्ग्रथ्नाति रचयति इयम् च अन्या पातकाले (उलूखले) पतनसमये मुहु वारवार कलेन मधुरास्फुटेन हुङ्कृतेन हुमिति ध्वनिना सह इदम् दृश्यमानम् मुसलम् अनुयाति अनुसरति।

टिप्पणी

(१) **इयम्**—यहाँ बार-बार इयम् का प्रयोग है। इसका अर्थ है एक, कोई, दूसरी, एक माला बना रही है, दूसरी जल ला रही है कोई सुगधित द्रव्य पीस रही है आदि (२) **गन्धान्**—सुगधित द्रव्य या पदार्थो को। यह पिनष्टि का कर्म है। "गधो गन्धक आमोदे लेशे सबधगर्वयो। स एव द्रव्यवचनो बहुत्वे पुसि च स्मृत" इति विश्व (३) **उद्ग्रथते**—गूँथ रही है। उद्+ग्रथ्+लट् ते (४) **विचित्रा**—अनेकवर्णा—अनेक रग की। (५) **पातकाले**—पतनोत्पतन-काले—(मूसल के ओखरी मे) गिरने के समय। (६) **हुङ्कृतेन अनुयाति**—हुम्+कृ+क्त भावे=हुङ्कृतम्, तेन। सहार्थे तृतीया। हु शब्द के साथ अनुसरण कर रही है। जब-जब उलूखल मे मूसल गिरता है तब-तब वह भी हु शब्द का उच्चारण करती है। भाव यह है कि हु हु करती हुई कुछ वस्तु कूट रही है। इसमे पुष्पिताग्रा छन्द है और स्वभावोक्ति अलकार है। छन्द का लक्षण—'अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा'।

भवतु। कुटुम्बिनीमाहूय पृच्छामि। (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य)

गुणवत्युपायनिलये स्थितिहेतोः साधिके त्रिवर्गस्य।
मद्भवननीतिविद्ये कार्याचार्ये द्रुतमुपेहि ॥५॥

अन्वय—गुणवति उपायनिलये स्थितिहेतो त्रिवर्गस्य साधिके कार्याचार्ये मद्भवननीतिविद्ये द्रुतम् उपेहि।

हिन्दी अनुवाद—जो हो (घर से) स्त्री को बुलाकर पूछता हूँ (नेपथ्य की ओर देखकर) हे गुणवती, सब उपायो को जानने वाली, ससार-यात्रा के लिये मेरे त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम) की साधने वाली, मेरे घर की नीति विद्या स्वरूप और कार्य का उपदेश करने वाली शीघ्र आओ।

However, I shall call my wife and ask her, (Looking towards the tiring room) O, the virtuous one, the store-house of

plans, the giver of the group of three (धर्म, अर्थ, काम) which is the very cause of existence, the adviser of duties, and the science of politics of my house, come quickly

संस्कृत व्याख्या—कुटुम्बिनीम् पत्नीम् आहूय पृच्छामि सैव तथ्य कथयिष्यति नेपथ्यस्य वेषरचनास्थानस्य अभिमुख दृष्ट्वा हे गुणवति दयादाक्षिण्यादिभूषिते, हे उपायनिलये उपायाना गृहकार्यपाटवादीना निलये निवासभूते, स्थितिहेतो-गृहस्थाश्रमस्थिते यो हेतु कारणम् तस्य त्रिवर्गस्य धर्मकामार्थरूपस्य साधिके निर्वाहयित्रि, हे कार्याचार्ये कार्यस्य कर्तव्यस्य आचार्ये उपदेष्ट्रि, अतएव हे मद्भवनस्य मद्गृहस्य नीतिविद्ये नयशास्त्रस्वरूपे, द्रुतम् शीघ्रम् उपेहि आगच्छ।

टिप्पणी

नाटककार यहाँ सूत्रधार के द्वारा नटी के बुलाने मे वस्तुत चरितनायक चाणक्य द्वारा उसकी चिरसगिनी कूटनीति को कितनी सुन्दरता से उद्भावित कर रहा है। और आह्वान मे कैसा विचित्र और मार्मिक व्यङ्ग्य छिपा हुआ है। इस नाटक मे चाणक्य की कोई नायिका नही। उसका सबध तो केवल राजनीति से है। उसका गृहस्थ जीवन स्वार्थ-साधन के लिये नही लोक-कल्याण के लिये है। उसकी राजनीति मे सधि, विग्रह, अभियान, आसन, सश्रय और द्वैधीभाव के छ गुण वर्तमान है। साम, दान, दण्ड और भेद के सभी उपाय भरे है, धर्म, अर्थ और काम की सभी सिद्धियाँ भरी हुई है। (१) **कुटुम्बिनीम्**—कुटुम्बमस्ति अस्या इति कुटुम्बिनी ताम्। कुटुम्ब+इनि+ङीप्। स्त्री को। (२) **गुणवति**—गुण+मतुप्+ङीप्—गुणवती तत्सम्बोधने। गुणो से युक्त। स्त्री के छ गुण सुभाषित मे इस प्रकार गिनाये हैं—कार्येषु मत्री, वचनेषु दासी, भोज्येषु माता, शयनेषु रभा। धर्मानुकूला क्षमया धरित्री भार्या च षड् गुण्यवतीह दुर्लभा। राजनीति के भी इसी प्रकार छ गुण हैं—सधि, विग्रह, आसन, यान, द्वैध और आश्रय। यान-चढाई। आसन—अच्छा मौका पाने या निर्बलता को दूर करने के लिए रुकना। द्वैध-मुख्य उद्देश्य को गुप्त रखकर दूसरा प्रकट करना। आश्रय-प्रबल की सहायता लेना। ये छ गुण राजनीति के है। शरद् मे जल प्रसाद रूपी गुण है। (३) **उपायनिलये**—उप+इ वा अय्+घञ्=उपाया। उपाया निलीयन्ते अस्याम् इति उपाय-नि-ली+अच् अधिकरणे स्त्रियाम्+टाप्=उपायनिलया, तत्सम्बोधने हे उपायनिलये-उपायो की आश्रय

कार्यों के साधन को जानने वाली । नीति विद्या के पक्ष मे चार उपाय है सामन्, दान, दण्ड, भेद । शरद् ऋतु मे जयेच्छा का उत्पन्न होना । (४) **स्थितिहेतो**—ससार यात्रा के लिए त्रिवर्ग को साधने वाली । अर्थात् सासारिक व्यापार अर्थ, धर्म, और काम को साधने वाली राजनीति । त्रिवर्ग क्षय, स्थान और वृद्धि को कहते है । शरद् ऋतु विजय का अवसर देकर अर्थ तथा उसे पूरा कर धर्म और काम को साधती है । (५) **कार्याचार्ये**—कर्त्तव्यो का उपदेश करने वाली । शरद् पक्ष मे युद्धयात्रादि कार्यों की प्रवर्त्तिका । (६) **मद्भवननीतिविद्ये**—अस्मद्भवनस्य रङ्गमन्दिरस्य या नीतिविद्या अभिनयादिकला तत्स्वरूपभूते । रङ्ग मन्दिर की (हमारे घर की) नीतिविद्या स्वरूप । (७) **द्रुतम्**—जल्दी । (८) **उपेहि**—उप+आ+इण् (गतौ)+लोट् (आज्ञा) । आओ । इस प्रकार भार्या, नीतिविद्या, तथा शरद् तीन पक्षो मे इस श्लोक का अर्थ घटाया गया है । पहले मे सूत्रधार अपनी स्त्री को प्रशसापूर्वक बुलाता है । दूसरे से राक्षस को पकडने की नीतिविद्या का आमत्रण किया जाता है और तीसरे से तृतीय अङ्क मे उल्लिखित शरद् का आगम दिखाया जाता है । यहाँ आर्या छन्द है और अर्थालकार है । छन्द का लक्षण—'यस्या पादे प्रथमे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि । अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या' ।

(प्रविश्य)

नटी—अज्ज, इअम्हि । अण्णाणिओएण मं अज्जो अणुगेह्णदु । (आर्य, इयमस्मि । आज्ञानियोगेन मामार्योऽनुगृह्णातु ।)

सूत्रधारः—आर्ये, तिष्ठतु तावदाज्ञानियोगः । कथय किमद्य भवत्या तत्रभवतां ब्राह्मणानामुपनिमन्त्रणेन कुटुम्बकमनुगृहीतमभिमता वा भवनमतिथयः सम्प्राप्ता यत एष पाकविशेषारम्भः ।

नटी—अज्ज, आमन्तिद मए भअवन्तो बह्मणा । (आर्य, आमन्त्रिता मया भगवन्तो ब्राह्मणाः ।)

सूत्रधारः—कथय कस्मिन्निमित्ते ।

नटी—उवरज्जदि किल भअवं चन्दो त्ति। (उपरज्यते किल भगवान् चन्द्र इति।)

सूत्रधारः—आर्ये, क एवमाह।

नटी—एवं खु णअरवासि जणो मन्तेदि। (एवं खलु नगरवासी जनो मन्त्रयते।)

हिन्दी अनुवाद (प्रवेश कर)—नटी—आर्य, यह मै हूँ। आज्ञा देकर आर्य मुझे अनुगृहीत करें।

सूत्रधार—आर्ये, आज्ञा अभी रहने दो। पहले बताओ तो ब्राह्मणो को न्यौता देकर तुमने आज कुटुम्ब के लोगो पर क्यो अनुग्रह किया है या यह तो नहीं है कि अतिथि लोग घर में पधारे हो जिससे यह नाना प्रकार के भोजन बनाये जा रहे हैं।

नटी—आर्य, आज मैंने ब्राह्मणो को न्यौता दिया है।

सूत्रधार—क्यो? बात क्या है?

नटी—सुना है, चन्द्रग्रहण लगने वाला है।

सूत्रधार—यह तुमसे किसने कहा?

नटी—नगर के सभी निवासी ऐसा कह रहे हैं।

(Entering) *Nati*—Arya, here I am Let you favour me by giving command for work

Stage Manager—Let command for work be postponed Tell me why you have shown favour to the house-hold by inviting worthy Brahmans, or is it that respectable guests have come and therefore this special preparation for cooking is going on

Nati—Noble Sir, I have invited Brahmans to-day

Stage Manager—Tell me what for?

Nati—I have heard that the lunar eclipse is to take place

Stage Manager—Dear, who has told you this?

Nati—All the people, living in the city, say so

संस्कृत व्याख्या—प्रविश्य रङ्गमञ्चमागत्य नटी सूत्रधारगृहिणी प्राह आर्यं इयमस्मि एषा अहम् आगता आर्यं मान्यो भवान् माम् आज्ञानियोगेन—आज्ञा दत्त्वा अनुगृह्णातु ममोपरि अनुग्रह करोतु। सूत्रधार प्राह आज्ञानियोग तावत् तत्काल तिष्ठतु आस्ता तत्कथा यातु इत्यर्थ। कथय अद्य भवत्या तत्रभवता माननीयाना ब्राह्मणानाम् निमन्त्रणेन निमन्त्रणदानेन कुटुम्बकम् पोष्यवर्ग अनुगृहीत किम् अथवा अभिमता आदरयोग्या अतिथय भवन गृह प्राप्ता समागता किम् यत यस्मात्कारणात् एष पाकविशेषारम्भ विशिष्टभोजनस्य रचना दृश्यते॥

एना रचना दृष्ट्वा मन्ये ब्राह्मणा निमन्त्रिता. अतिथयो वा प्राप्ता कथय कतमदेतयो । उपरज्यते राहुग्रस्तो भविष्यति ।

टिप्पणी

(१) **आर्य**—ऋ+ण्यत् कर्मणि=आर्य । स्त्री अपने पति को आर्य कहती है। पति अपनी पत्नी को आर्या कहता है। यही प्राचीन भारतीय पद्धति रही है। नाटक के नट एव नटी भी परस्पर आर्या तथा आर्य कहकर ही बात करते हैं। यह आदरसूचक सम्बोधन है। (२) **आज्ञानियोग**—आज्ञाया नियोग तृ० तत्पु० आज्ञा द्वारा काम मे लगाना। नि+युज्+णिच्+घञ् (भावे)। (३) **तत्रभवताम्**—उन (माननीय) लोगो का। आदरसूचक शब्द है। तत्रभवान्। तभवन्तम्—तत्रभवन्त। (४) **कुटुम्बकम्**—पोष्यवर्ग। कुटुम्बाना समूह इति कुटुम्बकम्। (५) **पाकविशेषारम्भ**—पाकस्य विशेष पाकविशेष तस्य आरम्भ पाकविशेषारम्भ—विशेष भोजन की तैयारी। (६) **उपरज्यते**—ग्रहणयुक्त हो रहा है, उपराग—ग्रहण। उप+रञ्ज्+घञ्। "उपरागस्तु पुंसि स्यात् राहुग्रासेऽर्कचन्द्रयो" इति विश्व ।

सूत्रधारः—आर्ये ! कृतश्रमोऽस्मि चतुःषष्ट्यङ्गे ज्योतिः-शास्त्रे। तत् प्रवर्त्त्यतां भगवतो ब्राह्मणानुद्दिश्य पाकः। चन्द्रोपरागं प्रति तु केनापि विप्रलब्धासि। पश्य—

हिन्दी अनुवाद—सूत्रधार—आर्ये, मैंने चौसठों अङ्ग समेत ज्योतिषशास्त्र का अध्ययन किया है। तुम ब्राह्मणो के निमित्त जो भोजन की तैयारी कर रही हो उसे करो। (इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं) परन्तु चन्द्रग्रहण की बात कह कर किसी न तुम्हें धोखा दिया है। देखो—

Stage Manager—Noble lady, I have studied all the sixty-four branches of astronomy Let the food be cooked for the Brahmans, but as regards the eclipse of the moon, you have been misled by some one For—

क्रूरग्रहः स केतुश्चन्द्रमसम्पूर्णमण्डलमिदानीम् ।
अभिभवितुमिच्छति बलात्—(इत्यर्द्धोक्ते)
आः, क एष मयि स्थिते—

(नेपथ्ये)

सूत्रधारः—रक्षत्येनं तु बुधयोगः ॥६॥

हिन्दी अनुवाद—क्रूरग्रह केतु चन्द्रमा के अपूर्ण मण्डल को बलात् ग्रास करना चाहता है (इतनी आधी बात कहते ही)। आ मेरे रहते यह कौन है। (नेपथ्य में)

सूत्रधार—बुधयोग उसकी रक्षा कर रहा है।

That wicked planet Ketu is now trying forcibly to overcome the moon the orb of which is not yet full (When half uttered) Ah, who is that while I am alive ? (in the dressing room) *Sutra*—But conjunction with Mercury (बुध) saves him

संस्कृत व्याख्या—आर्ये माननीये चतु षष्ट्यङ्गे चतु षष्टि अङ्गानि यस्य तादृशे कठिने ज्योति शास्त्रे कृतश्रम अस्मि कृताभ्यास अस्मि मया ज्योति - शास्त्र सम्यक् पठितमिति भाव अत कथयामि यत् चन्द्रोपराग प्रति चन्द्रग्रहण-विषये केनापि विप्रलब्धा प्रतारिता असि चन्द्रग्रहणमद्य नैव भविष्यति। किन्तु भगवतो ब्राह्मणान् उद्दिश्य पाक प्रवर्त्यताम् पाकनिर्माण कुरु ब्राह्मणान् भोजय। ब्राह्मणभोजन मया न निषिध्यते इति भाव ।

अन्वय—स क्रूरग्रह इदानीम् असम्पूर्णमण्डलम् चन्द्रम् बलात् अभिभवितुम् इच्छति, बुधयोग तु एनम् रक्षति।

सस्कृत व्याख्या—स क्रूरग्रह असौ प्रसिद्ध दुष्टग्रह केतु अङ्गाङ्गिभावाल्ल-क्षणया राहुरित्यर्थं इदानीमद्य असम्पूर्णमण्डलम् असमग्रकलम् चन्द्रम् बलात् हठात् अभिभवितुम् ग्रसितुमिच्छति यतते न तु अभिभवति हि अद्य पौर्णमासी न चन्द्र अपूर्ण चन्द्रग्रहण तु पूर्णिमायामेव भवति। किन्तु बुधयोग बुधग्रहस्य सम्बन्ध एन चन्द्रमस सम्भाव्यमानोपराग रक्षति ग्रासान्मोचयति। पक्षान्तरे क्रूरग्रह चन्द्र-गुप्तम् अभिभवितुम् दुराग्रह मानस यस्य स राक्षस केतुना मलयकेतुना सह सधाय इदानीमस्मिन्नवसरेऽसम्पूर्णमण्डलम् अवशीकृतशेषराजवर्ग चन्द्र चन्द्र-गुप्तम् पराभवितुमिच्छति (एतमर्थमवलम्ब्य) कश्चित् नेपथ्ये अर्धोक्ते एव सूत्र-धारकथने सकोपमाह "आ क एष मयि स्थिते मामनादृत्य चन्द्रगुप्तम् अभि-भवितुमिच्छति" तत सूत्रधार समापयति। बुधयोग नयविद्याविशारदस्य कौटिल्यस्य राजराज्ययो कण्टकशोधनाद्युपायवर्ग एन चन्द्रगुप्त रक्षति त्रायते अर्थात् पराभवान्निस्तारयति। द्वितीयेन अर्थेन कथावस्तु उपक्षिप्त भवति।

टिप्पणी

चन्द्रग्रहण केवल पूर्णिमा को होता है जब चन्द्रमण्डल पूरा रहता है। अपूर्ण

मण्डल होने के कारण पूर्णमासी को छोडकर अन्य तिथियो मे चन्द्रग्रहण नही होता। चन्द्रमा का ग्रहण करने वाला राहु है केतु नही। जिस पूर्णिमा को बुधयोग रहता है उसमे चन्द्रग्रहण नही हो सकता। ऐसी असभाव्य बाते लिख कर कवि यह कहना चाहता है कि केतु जबर्दस्ती असभव को सभव करना चाहता है। इस श्लोक मे श्लेष अलकार है। कवि केतु, असम्पूर्ण चन्द्रमण्डल और बुधयोग शब्दो से नाटक की ओर सकेत करता है। केतु से मलयकेतु, बुधयोग से नीतिविशारद, कौटिल्य और अपूर्णचन्द्रमण्डल से चन्द्रगुप्त जो अभी पूर्ण रूप से राज्य पर अधिकार नही कर पाया है, इगित है। यह अर्थ समझकर "कि राक्षस मत्री मलयकेतु से सधि करके चन्द्रगुप्त को दबाना चाहता है" चाणक्य नेपथ्य से ही बोल उठता है "आ मेरे रहते चन्द्र (गुप्त) को कौन दबा सकता है। इस श्लोक मे श्लेष अलकार है और आर्या छन्द है। (१) **चतु षष्टिअङ्गे**—चतु षष्टि अङ्गानि यस्य तत् तस्मिन् (ब० व्री०) चौसठ अङ्गवाले। ज्योतिष शास्त्र के मुख्य तीन भेद हैं—गणित, फलित और होरा। इसके २४ अङ्ग और ४० उपाङ्ग हैं। परन्तु यहाँ पर अङ्गो और उपाङ्गो के भेद पर ध्यान नही दिया गया है। (२) **प्रवर्त्त्यताम्**—आयोजन करो। प्र+वृत्+णिच्+लोट्—ताम् कर्मणि कामचारानुज्ञायाम्। (३) **विप्रलब्धा**—प्रतारिता, धोखा दी गई। वि+प्र+लभ्+क्त+टाप्। (४) **क्रूरग्रह**—गृह्णाति रवितेजासि इति ग्रह । ग्रह+अच् कर्त्तरि। क्रूरश्चासौ ग्रहश्चेति क्रूरग्रह पापग्रह । दुष्टग्रह। पक्षान्तर मे इसका अर्थ होगा स राक्षस क्रूरग्रह क्रूर घोर ग्रह आग्रह चन्द्रगुप्तमभिभवितुमाग्रह यस्य स क्रूरग्रह—दुराग्रही। (५) **सकेतु**—वही प्रसिद्ध केतु। जब समास कर देगे तो "सकेतु केतुना सहित सकेतु अर्थात् मलयकेतु के साथ (सधि करके) राक्षस। पुराणो मे प्रसिद्ध है कि समुद्र-मथन के बाद अमृत बाँटे जाते समय विष्णु ने राहु को काट डाला क्योकि यह रूप बदल कर देवताओ के बीच मे बैठकर अमृत पी रहा था। पर सूर्य और चन्द्रमा ने यह भेद बता दिया और विष्णु ने उसे अपने चक्र सुदर्शन से काट दिया। पर अमृत पीने के कारण वह मरा नही। उसके दो टुकडे हो गए और शिर राहु कहलाने लगा तथा धड केतु। यही कारण है कि वह अपना बदला लेने के वास्ते समय-समय पर दोनो को ग्रसता है। इसी को ग्रहण कहते है। सूर्यग्रहण अमावस्या को तथा चन्द्रग्रहण पूर्णिमा को होता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस मे लिखा है—

"अजहुँ देत दुख रवि शशिहिं शिर अवशेषित राहु । टेढ जानि शका सब काहू वक्र चन्द्रमहि ग्रसै न राहू।" (६) **चन्द्रम् असम्पूर्णमण्डलम्**—चन्द्रमा पक्ष मे इसका अर्थ होगा जो पूर्ण मण्डल वाला नही है। अपूर्णमण्डल चाँद में ग्रहण नही लगता जैसा कि ऊपर की चौपाई भी यही बतला रही है। वक्र चन्द्रमा मे ग्रहण नही लगता। यह जबर्दस्ती कर रहा है। चन्द्रगुप्त पक्ष मे अर्थ होगा "जो पूर्णरूपेण राज्य पर प्रतिष्ठित नही है।" स्वामी, अमात्य, सुहृद्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग और दल—ये सात राज्याग या प्रकृतिमण्डल कहलाते हैं। (७) **बुधयोग**—बुध के साथ एक राशि पर स्थित होना। बुधयोग के समय चन्द्रमण्डल अपूर्ण रहता है अत उस समय ग्रहण असभव है। पक्षान्तर मे अर्थ होगा बुध नीतिशास्त्र-विशारद चाणक्य का सयोग। इस श्लोक मे श्लेष अलकार तथा आर्या छन्द है।

नटी—अज्ज ! को उण एसो धरणीगोअरो भविअ चन्दं ग्गहाभिजोआदो रक्खिदुं इच्छदि। (आर्य ! कः पुनरेष धरणीगोचरो भूत्वा चन्द्रं ग्रहाभियोगाद्रक्षितुमिच्छति।)

सूत्रधारः—आर्ये ! यत्सत्यं मयापि नोपलक्षितः। भवतु। भूयोऽभियुक्तः स्वरव्यक्तिमुपलप्स्ये। ('क्रूरग्रहः'—इत्यादि पुनस्तदेव पठति।)

(नेपथ्ये)

आः, क एष मयि स्थिते चन्द्रगुप्तमभिभवितुमिच्छति।

सूत्रधारः—(आकर्ण्य) आर्ये ! ज्ञातम्। कौटिल्यः।

(नटी भयं नाटयति)

सूत्रधारः—कौटिल्यः कुटिलमतिः स एष येन
क्रोधाग्नौ प्रसभमदाहि नन्दवंशः।
चन्द्रस्य ग्रहणमिति श्रुतेः सनाम्नो
मौर्येन्दोर्द्विषदभियोग इत्यवैति ।।७।।

तदित आवां गच्छावः। (इति निष्क्रान्तौ।)

(इति प्रस्तावना।)

हिन्दी अनुवाद—नटी—आर्य, यह कौन है जो पृथिवी पर रहकर चन्द्रमा को ग्रहण से बचाना चाहता है।

सूत्रधार—अरे यह बात तो मेरी भी समझ में न आई। अच्छा, ध्यान से इसकी आवाज सुनूँ (क्रूरग्रह इत्यादि श्लोक का पुन पाठ)

(नेपथ्य में) अरे किसकी शक्ति है जो मेरे रहते चन्द्रग्रहण कर ले।

सूत्रधार—(सुनकर) आर्ये, मालूम हो गया। यह तो कौटिल्य है।

(नटी भयभीत होने का अभिनय करती है)

सूत्रधार—जिन्होंने क्रोध की अग्नि में नन्दवश को हठात् जला दिया यही वह कूटनीतिज्ञ कौटिल्य है और अभी मेरे चन्द्रग्रहण की बात सुनते ही समान नाम वाले चन्द्रगुप्त पर शत्रु का आक्रमण हो रहा है—ऐसा समझ रहा है। इसलिए हम दोनो यहाँ से चल दें। (दोनो चले जाते हे) [प्रस्तावना समाप्त]

Natı—Arya, who ıs that person, who, havıng the earth for hıs resıdence, dares to protect the moon from beıng eclıpsed

Stage Manager—Noble lady, really I too have not been able to notıce hım However, I wıll try agaın, and shall know hım by the sound of hıs voıce (Repeats the verse ın the dressıng room) Ha ! who ıs ıt that dares to overcome Chandragupta whıle I am alıve

Stage Manager—(Hearıng) I have known Kautılya (when half spoken) (Natı acts to be frıghtened)

Stage Manager—It ıs Kautılya, ınsıncere at heart, who consumed the Nanda famıly ın the fire of hıs anger and who, on hearıng of the eclıpse of the moon, understands that ıt ıs an attack on Chandragupta Maurya, who has a sımılar name

So let us go away from here (They depart) [End of the prelude]

संस्कृत व्याख्या—धरणीगोचरो भूत्वा धरणी पृथ्वी गोचर देशो यस्य स अर्थात् भूलोकवासी एष क चन्द्र ग्रहाभियोगात् ग्रहस्य अभियोगात् ग्रासात् रक्षितुम् त्रातुम् इच्छति वाञ्छति। सूत्रधार कथयति आर्ये यत्सत्यम् मयापि न उपलक्षित न निरूपित एष क। भवतु भूय भूय पुन अभियुक्त सावधानो भूत्वा स्वरव्यक्तिम् स्वरस्य कण्ठध्वने व्यक्तिम् निर्णयम् उपलप्स्ये प्राप्स्यामि अर्थात् पुन श्लोक पठिष्यामि सावधानो भूत्वा, तस्य अलक्षितस्य पुरुषस्य वचन श्रुत्वा तस्य कण्ठध्वनिना ज्ञास्यामि अय क क्रूरग्रह इत्यादि पुन भूय पठति। तच्छ्रुत्वा स नेपथ्यस्थित पुरुष पुन क्रोधयुक्त सन् आह—आ, मयि स्थिते क एष चन्द्रगुप्तम् अभिभवितुम् आक्रान्तुमिच्छति। सूत्रधार आकर्ण्य श्रुत्वा कथयति

यत् मया ज्ञात स्वरध्वनिना अय कौटिल्य ज्ञायते। अर्धोक्ते एव असमाप्ते एव वचसि नटी भय नाटयति।

अन्वय—येन क्रोधाग्नौ नन्दवश प्रसभमदाहि स एव कुटिलमति कौटिल्य चन्द्रस्य ग्रहणम् इति श्रुते सनाम्न मौर्येन्दो द्विषदभियोग इति अवैति।

सस्कृत व्याख्या—येन पुरुषेण क्रोधाग्नौ कोपवह्नौ नन्दवश प्रसभ शीघ्रम् अदाहि दग्ध स एष नेपथ्यगत जन कुटिलमति दुष्टबुद्धि कौटिल्य चाणक्य चन्द्रस्य इन्दो ग्रहणम् इति श्रुते चन्द्रग्रहण श्रुत्वा सनाम्न समानाख्यस्य मौर्येन्दो इन्दुसदृशस्य चन्द्रगुप्तस्य द्विषदभियोग द्विषता राक्षसेन अभियोगोऽभिभवम् आस्कन्द वेति सभाव्य कोपादेव भाषते।

टिप्पणी

(१) **धरणीगोचर**—धरणी पृथ्वी गोचर देशो यस्य स—धरणी पर रहने वाला, जमीन पर बसने वाला। गाव चरन्ति अस्मिन् इति गो+चर्+घ अधिकरणे (सज्ञायाम्)। (२) **अभियुक्त**—व्यापृत—सावधान। अभि+युज् +क्त। (३) **स्वरव्यक्तिम्**—वि+अञ्ज्+क्तिन् भावे=व्यक्ति, स्वरस्य व्यक्ति ताम्—स्वर का मालूम करना, आवाज की पहचान। (४) **कुटिल-मति**—कुटिला मति यस्य स—कुटिल नीति वाला। चाणक्य वस्तुत कुटिल-मति है। नन्दवश का विनाश इसका उदाहरण है। यह कुटिलता उस समय पराकाष्ठा पर पहुँच जाती है जब पर्वतक का विनाश होता है। पर्वतक ने चन्द्रगुप्त को राज्य पर प्रतिष्ठित करने के लिए इसकी सहायता की थी। (५) **प्रसभम्**—शीघ्रता से। (६) **नन्दवश अदाहि**—नन्दवश भस्म कर दिया गया। चाणक्य ने नन्द के सभी पुत्रो समेत उसका वध कर दिया था। देखिये भूमिका। अदाहि—जला दिया गया। दह्+लुङ कर्मवाच्य। (७) **क्रोधाग्नौ**—क्रोध रूपी आग मे। क्रोध एव अग्निरिति तस्मिन्। (८) **सनाम्न**—समान नाम यस्य सनामा तस्य सनाम्न—समान नाम वाले का। (९) **मौर्येन्दो**—चन्द्रगुप्त मौर्य का। पुराण की कथा के अनुसार नन्द की मुरा नाम की शूद्रा पत्नी थी। चन्द्रगुप्त उसी से पैदा हुआ था। इसी से वह मौर्य कहलाया। मुराया अपत्य पुमान् इति मुरा+ण्य। (कुर्वादिभ्य ण्य)। मौर्य इन्दुरिव इति मौर्येन्दु तस्य मौर्येन्दो। (१०) **द्विषदभियोग**—द्विषदा अभियोग—

शत्रु द्वारा आक्रमण। (११) अवैति—जानता है, समझता है। अव+इ+लट्। इस श्लोक मे प्रहर्षिणी छन्द है। छन्द का लक्षण—'म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयति प्रहर्षिणीयम्'। (१२) प्रस्तावना की परिभाषा भूमिका मे देखिये। नाटक के पूर्व नटी और नट जो प्रस्तावविषयक कथोपकथन करते है उसी को प्रस्तावना कहते है। यह पाँच प्रकार की होती है—उद्घात्यक, कथोद्घात, प्रयोगातिशय, प्रवर्तक और अवगलित। जहाँ पर सूत्रधार की बात को लेकर पात्र प्रवेश करता है वहाँ कथोद्घात नाम की प्रस्तावना होती है—"स्वेति वृत्तसम वाक्यमथवा यत्र सूत्रिण। गृहीत्वा प्रविशेत् पात्रम् कथोद्घातो द्विधैव स" दशरूपक।

(ततः प्रविशति मुक्तां शिखां परामृशंश्चाणक्यः।)

चाणक्यः—कथय क एष मयि स्थिते चन्द्रगुप्तमभिभवितुमिच्छति।

पश्य—आस्वादितद्विरदशोणितशोणशोभां
सन्ध्यारुणामिव कलां शशलाञ्छनस्य।
जृम्भाविदारितमुखस्य मुखात्स्फुरन्तीं
को हर्तुमिच्छति हरेः परिभूय दंष्ट्राम्॥८॥

अन्वय—क जृम्भाविदारितमुखस्य हरे मुखात् आस्वादितद्विरदशोणितशोणशोभा शशलाञ्छनस्य सध्यारुणा कलाम् इव स्फुरन्ती दष्ट्रा परिभूय हर्तुम् इच्छति।

हिन्दी अनुवाद—(अपनी खुली हुई शिखा को हाथ से फटकारते हुए चाणक्य का प्रवेश।) चाणक्य—अरे यह कौन है जो मेरे रहते चन्द्रगुप्त को ग्रसना चाहता है। कौन है जो जँभाई लेते हुए शेर को दबाकर उसके मुँह से उसकी डाढ़ो को, जो सद्य पिए हुए हाथी के रक्त से लाल हो रही है और जो सध्याकालीन लालिमा से लाल चन्द्रमा की तरह चमक रही है, उखाडना चाहता है।

(Feeling the loose tuft of hair on his crest with his hand, enters Chanakya) Who is it that wants to suppress Chandragupta while I am alive Who ventures to extract forcibly, from the mouth of the yawning lion, the fiery tooth, which is red from the elephant's blood just drunk, and hence shining like the digit of the moon made red at dusk

संस्कृत व्याख्या—जृम्भाविदारितमुखस्य क अस्ति स साहसिक य खलु जृम्भया विदारितमुखस्य व्यात्ताननस्य हरे सिंहस्य मुखात् आननात् आस्वादित-द्विरदशोणितशोणशोभाम् आस्वादितम् सपीतम् यत् द्विरदशोणित दन्तावलस्य गजराजस्य सद्योनिपातितस्य रक्त तेन शोणा रक्तवर्णशोभा कान्ति द्युतिर्वा यस्या-स्ताम् अतएव शशलाञ्छनस्य चन्द्रस्य सन्ध्यारुणाम् सन्ध्यया अरुणाम् रक्ताम् कलाम् इव स्फुरन्तीम् अवभासमानाम् दष्ट्राम् तमेव हरिं परिभूय पराजित्य हर्तुमिच्छति समुत्पाटयितुम् इच्छति समीहमान चेष्टते।

टिप्पणी

(१) **मुक्ताम् शिखाम्**—खुली हुई चोटी को, पहले चन्द्रगुप्त को राज्य दिलाने के लिए चाणक्य ने अपनी शिखा खोलकर प्रतिज्ञा की थी। परन्तु अभी चन्द्रगुप्त की स्थिति सुदृढ नही हुई थी अत चाणक्य ने शिखा नही बाँधी थी। **परामृशन्**—छूते हुए। इससे यह प्रकट होता है कि अब वह दूसरी प्रतिज्ञा करने वाला है। जब चाणक्य कोई प्रण करता था तो वह अपनी शिखा को खोल देता था। जब सूत्रधार की बात उसने सुनी तो स्वभावत उसका हाथ उसकी खुली हुई शिखा पर पहुँच गया—देखिये "शिखा मोक्तु बद्धामपि भवति कर" ३-२९। यह दृश्य कुसुमपुर मे चाणक्य के घर का है। परा-आ-मृश्+लट्+शतृ कर्तरि=परामृशन्। (२) **आस्वादितद्विरदशोणितशोणशोभाम्**—आस्वा-दित यत् द्विरदस्य गजस्य शोणितम् रक्तम् तेन शोणा रक्ता शोभा यस्या तादृशीम्—(मारकर)। सद्य पान किए हुए हाथी के रक्त से लाल शोभा-वाली। यह दष्ट्राम् का विशेषण है। द्वौ रदौ दन्तौ अस्य इति द्विरद (ब० स०)। (३) **जृम्भाविदारितमुखस्य**—जृम्भया विदारित मुख यस्य स तस्य—जँभाई लेने के कारण खुला है मुख जिसका। यह हरे का विशेषण है। इससे यह द्योतित हुआ कि चाणक्य रूपी सिह नन्दवश रूपी हाथी को मार कर विश्राम कर रहा है। वह मरा नही है। अभी वह जँभाई ले रहा है। मुख चन्द्रगुप्त है। (४) **परिभूय**—दबाकर, अनादर कर। परि+भू+ल्यप्। इसमे उपमा अलकार तथा वसन्ततिलका छन्द है। छन्द का लक्षण—'ज्ञेय वसन्ततिलक तभजा जगौ ग'। **क एष मयि स्थिते**—प्रस्तावना के अन्त मे इस वाक्य से मुख सधि का आरम्भ होता है। मुख सधि मे "आरम्भ" नामक अवस्था और "बीज" नामक

अर्थप्रकृति का सयोग होता है। राक्षस को वश मे करने की उत्सुकता आरम्भावस्था है। उसे वश मे करना कार्य है। चन्द्रगुप्त को दृढ बनाना कार्य का फल है और चाणक्य की नीति का प्रयोग बीज है।

अपि च

नन्दकुलकालभुजगीं कोपानलबहुलनीलधूमलताम् ।
अद्यापि बध्यमानां वध्यः को नेच्छति शिखां मे ॥९॥

अन्वय—क वध्य नन्दकुलकालभुजगी कोपानलबहुलनीलधूमलता मे शिखाम् अद्यापि बध्यमाना न इच्छति ॥९॥

हिन्दी अनुवाद—मेरी शिखा नन्दकुल की कालसर्पिणी है और क्रोधाग्नि की काली धूम रेखा है। ऐसा कौन मनुष्य है जो अपनी मौत को चाहता हुआ मेरी चोटी को अब भी नहीं बाँधने देना चाहता।

The tuft of hair on my crest is the snake for the Nanda family and (is) the black line of smoke of the fire of my anger, who is that death deserving person who does not like to see my crest being tied even to-day

सस्कृत व्याख्या—क वध्य हन्तु योग्य जन नन्दकुलकालभुजगी नन्दकुलस्य कालभुजगी कालरूपिणी सर्पिणीमिव स्थिता नन्दकृते सक्षोभे यया हि नन्दान्वय एव दष्ट विनाशितश्च ता तथाभूतामथ च कोपानलबहुलनीलधूमलताम् अनल अग्नि इव यो मे कोप क्रोध तस्य बहुलनीलाम् अतिकृष्णाम् धूमलताम् धूमसततिस्तामिव स्फुरन्ती मे मम शिखाम् अद्यापि नन्दान्वयनाशेऽपि बध्यमाना सयम्यमाना नेच्छति। क जन नन्दवशनाशेऽपि माम् क्रोधयुक्त कृत्वा स्ववधमिच्छतीति भाव

टिप्पणी

(१) **वध्य**—वधम् अर्हतीति वध्य। वध+य। वध करने योग्य। (२) **नन्दकुलकालभुजगीम्**—नन्दकुल की कालसर्पिणी के समान। चाणक्य ने प्रतिज्ञा की थी कि जब तक नन्दकुल का नाश न कर लूँगा तब तक शिखा को नही बाँधूंगा यही कारण है कि वह उसे नन्दकुल को डसने वाली कालसर्पिणी बतला रहा है। (३) **कोपानलबहुलनीलधूमलताम्**—कोपानलस्य बहुलनीलधूमलताम्। क्रोधरूप अग्नि की घनीभूत काली धूमरेखा। बहुल—अधिक।

यह शिखाम् का विशेषण है। (४) **अद्यापि**—आज भी। अर्थात् नन्दवश के नाश होने पर भी। (५) **बध्यमानाम्**—बाँधी जाती हुई। ऐसा कौन है जो चाहता है कि मै आज भी अपनी चोटी न बाँधूँ अर्थात् मुझे क्रुद्ध कर दूसरी प्रतिज्ञा करने के लिए बाध्य करता है। बध्+लट्+शानच्+टाप् द्वितीया एकवचन। यहाँ आर्या छन्द है। मालारूपकालङ्कार है।

अपि च—उल्लङ्घयन् मम समुज्ज्वलतः प्रतापं
कोपस्य नंदकुलकाननधूमकेतोः।
सद्यः परात्मपरिमाणविवेकमूढः
कः शालभेन विधिना लभतां विनाशम् ॥१०॥

अन्वय—क परात्मपरिमाणविवेकमूढ मम समुज्ज्वलत नन्दकुलकाननधूमकेतो कोपस्य प्रताप शालभेन विधिना उल्लघयन् सद्य विनाश लभताम्।

हिन्दी अनुवाद—और भी—वह कौन है जो पराए तथा अपने बल को न जानता हुआ नन्दवश की दावाग्नि मेरे देदीप्यमान अग्निरूप क्रोध की भयानक लपटो को लाँघकर कीडे की मौत मरना चाहता है।

Besides, who is that fellow who, being unable to measure the strength of self and of the adversary, wants to die the death of a moth by crossing the flame of my anger, which is like a fire unto the forest like family of Nanda, and which is blazing brighter

सस्कृत व्याख्या—क असौ परात्मपरिमाणविवेकमूढ परस्य आत्मनश्च यत् परिमाण तारतम्य सामर्थ्यमिति यावत् तस्य यो विवेक विमर्श तत्र मूढो मन्दमति शून्यबुद्धिर्वा मम चाणक्यस्य समुज्ज्वलत दीप्यमानस्य नतु प्रशमितस्य नन्दकुलकाननधूमकेतो नन्दकुलमेव कानन तस्य धूमकेतो दावाग्ने भस्मीकृत-नन्दवशस्य कोपस्य क्रोधस्य प्रतापम् प्रभावम् शालभेन विधिना पतङ्ग इव उल्लङ्घयन् अतिक्रमिष्यन् सद्य झटिति विनाश लभता मरण भजताम्।

य चन्द्रगुप्तम् अभिभवितुमिच्छति स मूढ आत्मन परस्य च बल न जानाति। मया नन्दा हता मम कोपानल शमित न अपितु ज्वलन् अस्ति अस्य क्रोधाग्ने शिखा लघयित्वा क शलभायते इति भाव।

टिप्पणी

(१) **परात्मपरिमाणविमूढ**—अपने और शत्रु के बल को न समझ

सकने वाला। परश्च आत्मा च (द्वन्द्वस०), तयो परिमाणम्, तस्य विवेक (षष्ठीतत्०), तस्मिन् मूढ (सुप्सुपा स०)। **समुज्ज्वलत**—जलती हुई, धधकती हुई, यह कोपस्य और धूमकेतो का विशेषण है। धूमकेतो के पक्ष मे इसका अर्थ जलती हुई और कोपस्य के पक्ष मे इसका अर्थ बढता हुआ है। जलती हुई आग और बढता हुआ क्रोध। (२) **नन्दकुलकाननधूमकेतो**—नन्दकुलमेव कानन (मयूरव्यसकादि स०)। तस्य धूमकेतो—नन्दकुलरूपी वन के लिए आग। (३) **शालभेन विधिना**—पतिङ्गे के समान। पतिङ्गा बनकर मेरी क्रोधाग्नि मे जलना चाहता है। यह चाणक्य का भाव है। शलभ+अण् (तस्येद-मित्यण्) तेन शालभेन। (४) **लभताम्**—यहाँ पर 'विधौ लोट्'' है न कि आशिषि। विनाश लभताम्—नाश को प्राप्त होवे। इस श्लोक मे परम्परित रूपक अलकार निदर्शना अलकार से ससृष्ट है। यहाँ वसन्ततिलका छद है।

चाणक्यः—शार्ङ्गरव शार्ङ्गरव !

(प्रविश्य)

शिष्यः—उपाध्याय ! आज्ञापयतु।

चाणक्यः—वत्स ! उपवेष्टुमिच्छामि।

शिष्यः—उपाध्याय ! नन्वियं सन्निहितवेत्रासनैव द्वार-प्रकोष्ठशाला। तदस्यामुपवेष्टुमर्हत्युपाध्यायः।

चाणक्यः—वत्स ! कार्याभिनियोग एवास्मान् व्याकुल-यति, न पुनरुपाध्यायसहभूः शिष्यजने दुःशीलता। (नाट्-येनोपविश्यात्मगतम्) कथं प्रकाशतां गतोऽयमर्थः पौरेषु, यथा किल नन्दकुलविनाशजनितरोषो राक्षसः पितृवधामर्षितेन सकलनन्दराज्यपरिपणनप्रोत्साहितेन पर्वतकपुत्रेण मलयकेतुना सह सन्धाय तदुपगृहीतेन च महता म्लेच्छराजबलेन परिवृतो वृषलमभियोक्तुमुद्यत इति (विचिन्त्य) अथवा येन मया नन्दवंशवधं सर्वलोकप्रकाशं प्रतिज्ञाय निस्तीर्णा दुस्तरा प्रतिज्ञा-सरित् सोऽहमिदानीं प्रकाशीभवन्तमप्येनमर्थं न समर्थः किं प्रशमयितुम् ?

हिन्दी अनुवाद—चाणक्य—शार्ङ्गरव, शार्ङ्गरव !
(प्रवेश कर) शिष्य—गुरु जी, आज्ञा दें।
चाणक्य—वत्स, मैं बैठना चाहता हूँ।
शिष्य—गुरुजी, इस दालान में चटाई बिछी है। आप इस पर बिराजें।
चाणक्य—वत्स, केवल कार्य में तत्परता मुझे व्याकुल कर देती है न कि शिष्यजनों के प्रति उपाध्यायों का जन्मजात रूखापन। (बैठने का अभिनय करके मन में) क्या सभी नागरिक यह जान गए हैं कि नन्दवंश के विनाश से उत्पन्न क्रोध वाला राक्षस पिता के वध से क्रुद्ध तथा समस्त नन्दसाम्राज्य के स्वामित्व प्रदान की शर्त से प्रेरित पर्वतक के पुत्र मलयकेतु से संधि करके उससे जा मिला है और उसके द्वारा इकट्ठी की गई म्लेच्छ राजाओं की सेना से युक्त होकर चन्द्रगुप्त पर चढ़ाई करने के लिए तैयार है। (सोचकर) क्या हुआ जब मैं नन्दवंश-वध की भीषण प्रतिज्ञा रूपी नदी से पार उतर चुका हूँ तब क्या मैं इस समय फैलती हुई इस बात को दबा न सकूँगा।

Chanakya—Sarangrava, Sarangrava
(Entering) *Pupil*—Master, order me
Chanakya—My boy, I wish to sit down
Pupil—Master, there is a cane-seat arranged in the shed at the entrance of the gateway My teacher deserves to sit there
Chanakya—My boy, it is the being busy in the work that makes me annoyed and not the inborn rudeness of teachers towards the disciples (Acting sitting to himself) Has this news spread among the citizens, that Rakshas, with his anger excited by the annihilation of the family of Nanda, has entered into a compact with Parvataka's son Malayaketu, who is enraged by the murder of his father, and is incited by being promised the ownership of the entire kingdom of Nanda is preparing to attack Vrishal, being enforced by a vast army of Mlechhas collected by Malayaketu (Thinking) Well, am I, who have successfully crossed the hardly crossable stream of vow of destroying the family of Nanda, not able to suppress this news which is spreading among the people

संस्कृत व्याख्या—सन्निहितवेत्रासना सन्निहित निकटस्थ वेत्रासन यस्या सा समीपस्थवेत्रासना एव द्वारप्रकोष्ठशाला द्वारप्रकोष्ठे या शाला कुटी। तत् तस्मात् कारणात् अस्याम् शालाया वेत्रासने उपाध्याय गुरु उपवेष्टुमर्हति आसन गृह्णातु इति।

वत्स, कार्याभियोग एव कार्य्यसलग्नता एव अस्मान् मा व्याकुलयति न पुन उपाध्यायानामाचार्याणा सहभू जन्मजाता शिष्यजने छात्र प्रति दु शीलता

उपालम्भनशीलता (व्याकुलयतीति) कार्य्यचिन्ता मा व्याकुल करोति त्वयि दु शीलता न। (नाट्येन उपविश्य आत्मगतम् स्वमनसि) कथम् प्रकाशता गतः आश्चयमिदम् यत् अयम् अर्थ वृत्तान्त सर्वे ज्ञात यथा किल नन्दकुलविनाश-जनितरोष नन्दकुलस्य विनाशेन जनित जात रोष क्रोध यस्य स नन्दकुल-विनाशजातक्रोध राक्षस नन्दस्य अमात्य पितृवधामर्षितेन पितु वधेन हेतुना अमर्षितेन जातरोषेण सकलनन्दराज्यपरिपणनप्रोत्साहितेन सकलनन्दराज्यस्य सम्पूर्णनन्दसाम्राज्यस्य परिपणनेन शुल्कत्वेन अवस्थापनेन प्रोत्साहितेन उत्साहं प्राप्नवता पर्वतकपुत्रेण पर्वतकतनयेन मलयकेतुना सह सधाय सधि कृत्वा तदुपगृहीतेन च तेन मलयकेतुना उपगृहीतेन सभृतेन महता अधिकेन म्लेच्छबलेन यवनवाहिन्या परिवृत युक्त वृषल चन्द्रगुप्तम् अभियोक्तुम् आक्रमितुम् उद्यतः सन्नद्ध । (विचिन्त्य विचार्य) अथवा येन मया चाणक्येन नन्दवशवध नन्दकुल-हत्या सर्वलोकप्रकाश सर्वेषु सम्पूर्णेषु लोकेषु जनेषु यथा स्यात्तथा प्रतिज्ञाय दुस्तरा दुरतिक्रमा प्रतिज्ञासरित् प्रणरूपा नदी निस्तीर्णा अतिक्रान्ता स अहम् इदानीम् एतर्हि प्रकाशीभवन्तमपि प्रचार गच्छन्तमपि एनमर्थ राक्षसाक्रमण-वार्ताम् प्रशमयितु निराकर्त्तु न समर्थ किम् अर्थात् शक्त अस्मि।

टिप्पणी

(१) **उपाध्याय**—उपेत्य अस्मात् अधीयते इति उपाध्याय उप-अधि+इ+घञ् अपादाने सञ्ज्ञायाम्। तस्य सम्बोधने उपाध्याय इति। 'आर्येति ब्राह्मणं ब्रूयान्महाराजेति पार्थिवम्। उपाध्यायेति चाचार्यम्'—। नाट्यशास्त्र। (२) **सन्निहितवेत्रासना**—बेत का आसन जिसके पास है, अर्थात् जिसमे चटाई बिछी है। यह शाला का विशेषण है। (३) **द्वारप्रकोष्ठशाला**—द्वारस्य प्रकोष्ठे या शाला। कुटी—द्वार के पास की कुटी। प्रकोष्ठ—आँगन। (४) **कार्य्या-भियोग**—कार्य की अधिकता, काम की चिन्ता। अभि+युज्+घञ् भावे अभियोग। (५) **उपाध्यायसहभूः**—आचार्य की जन्मजात। उपाध्यायाना सहभू। सह+भू+क्विप्। यह दु शीलता का विशेषण है। इससे सूचित होता है कि उपाध्याय लोग स्वभाव से ही विद्यार्थियो के प्रति कठोर होते है। (६) **अर्थ—बात। प्रकाशता गत पौरेषु**—नागरिको मे फैल गई। (७) **नन्दकुलविनाशजनितरोषः**—नन्दकुलस्य विनाशेन जनित रोष यस्य स—नन्द कुल के नाश होने से क्रोध पैदा हो गया जिसे वह (८) **पितृवधामर्षितेन**—

पितु. वध पितृवध तेन अमर्षित इति पितृवधामर्षित । मर्षण मर्ष मृष्+घञ् भावे। न मर्ष अमर्ष (नञ्तत्०), अमर्ष सञ्जात अस्य इति अमर्ष+इतच्= अमर्षित अथवा अमर्षेण योजित इति अमर्ष+णिच्+क्त कर्मणि+अमर्षित । पिता के वध से क्रोध उत्पन्न हो गया जिसे। (९) **सकलनन्दराज्यपरिपणन-प्रोत्साहितेन**—समास के लिये व्याख्या देखिए। मलयकेतु को उसकी सेवा के बदले मे नन्द का सम्पूर्ण राज्य दिया जाने का प्रलोभन दिया था। सर्वार्थसिद्धि के मरने के बाद नन्द वश मे कोई नही बचा था जो राजा होता। इसी से मलयकेतु को यह लालच दी गई थी। इसी लालच से उसने एक विशाल सेना तैयार की थी जिसमे कई म्लेच्छ राजा शामिल थे। परि+पण् (व्यवहारे)+ल्युट् भावे= परिपणनम्। (१०) **तदुपगृहीतेन**—तेन उपगृहीतेन, उसके द्वारा एकत्रित की गई। उपगृहीत शब्द से सूचित होता है कि यह स्थायी सेना नही थी बल्कि उसी अवसर के वास्ते एकत्रित की गयी थी। **म्लेच्छबलेन**—म्लेच्छ सेना के द्वारा। म्लेच्छन्ति इति म्लेच्छ+अच् कर्तरि=म्लेच्छा । तेषा बलम्, तेन। प्राचीन काल मे आर्य लोग अपने से भिन्न लोगो को म्लेच्छ कहा करते थे। (११) **सर्व-लोकप्रकाशम्**—सब के सामने। (१२) **दुस्तरा प्रतिज्ञासरित्**—मुश्किल से पार की जाने वाली प्रतिज्ञारूपी नदी। (१३) **प्रकाशीभवन्तम्**—फैलता हुआ (समाचार)।

कुतः। यस्य मम—

श्यामीकृत्याननेन्दूनरियुवतिदिशां सन्ततैः शोकधूमैः
कामं मन्त्रिद्रुमेभ्यो नयपवनहृतं मोहभस्म प्रकीर्य।
दग्ध्वा सम्भ्रान्तपौरद्विजगणरहितान् नन्दवंशप्ररोहान्
दाह्याभावान्न खेदाज्ज्वलन इव वने शाम्यति क्रोधवह्निः।।११।।

अन्वय—(यस्य मम) क्रोधवह्नि अरियुवतिदिशाम् आननेन्दून् सन्ततै शोकधूमै श्यामीकृत्य मन्त्रिद्रुमेभ्य नयपवनहृत मोहभस्म काम प्रकीर्य सम्भ्रान्त-पौरद्विजगणरहितान् नन्दवशप्ररोहान् दग्ध्वा वने ज्वलन इव दाह्याभावात् शाम्यति न खेदात् ।।११।।

हिन्दी अनुवाद—मेरी क्रोधाग्नि दिशा रूपी शत्रुओ की स्त्रियों के मुखचन्द्रों को शोकरूपी धूम अर्थात् कालिख (पति आदि के मारे जाने के कारण) से काला

कर वृक्ष रूपी मंत्रियों पर नीति रूपी वायु की सहायता से भस्म अर्थात् राख डालकर (उन्हें मोह में डालकर और उनकी आँखो में धूल झोंक कर) नगर-वासियो को पक्षियो के समान बिना जलाए (जो वन में उडकर अपनी रक्षा कर लेते हैं) और नन्दवंश रूपी बाँस को समूल नष्ट करके इसलिए शान्त हो गई कि जलने वाली कोई वस्तु उसे ईंधन के समान नही मिली न कि उसकी जलाने की शक्ति कम हो गई है।

भाव यह है कि जैसे दावानल वन में चारों दिशाओ को धुयें से मलिन कर देती है, सजीव वृक्षो पर राख फैलाकर और पक्षियो से परित्यक्त बाँसो या सूखे पेड़ो को जलाकर शान्त हो जाती हैं उसी प्रकार चाणक्य की क्रोधाग्नि ने शत्रुओ का नाश करके उनकी नारियों का मुख दु:ख से मलिन कर दिया, नन्द के मंत्रियो को नीति के बल पर किकर्त्तव्यविमूढ बना दिया, कुछ नागरिको को छोडकर सारे नन्दवश को भस्म कर डाला और अब इतना करके वह क्रोधानल शान्त हो गया है, क्योकि अब कुछ जलाने को बाकी न रहा।

Whence (is this assurance ?) The fire of my anger, like the fire in a forest, after having blackened the moon-like faces of the quarters in the shape of the ladies of my enemies, with the incessant smoke of grief, and having abundantly scattered over the ministers, which are tree-like, the ash of delusion spread here and there by my wind-like diplomacy and after having destroyed the bamboo-like Nanda family and its sprouts which were abandoned by the bird-like frightened citizens, is now extinguished (or inactive) not that it has lost the power to consume but because there is nothing left to burn

संस्कृत व्याख्या—मम क्रोधवह्नि क्रोधाग्नि सन्ततै समन्तात् सर्वं व्याप्नुवानै शोकधूमै अरियुवतिदिगाम् अरीणा रिपूणा नन्दाना नन्दवशीयानाम् या युवतय नार्य ता एव दिश दिग्विभागा तासाम् आननेन्दून् मुखचन्द्रान् श्यामीकृत्य मलिनीकृत्य सततरुदितेन रिपुवनिताना मुखानि मलिनयित्वा इत्यर्थ मन्त्रिद्रुमेभ्य मन्त्रिण अमात्या एव द्रुमा वृक्षास्तेभ्य नयपवनहृत नय अन्योन्यसचरिष्णु षाड्गुण्यप्रयोगरूपो यो राजनयस्स एव पवनो वायुस्तेन हृतम् इतस्तत उह्यमान मोहभस्म अज्ञानरूप भस्म काम यथेच्छ प्रकीर्य विक्षिप्य स्वनीतिवैभवेन नन्दामात्यान् मोहयित्वा इत्यर्थ सभ्रान्तपौरद्विजगण-रहितान् सभ्रान्ता व्याकुलीभूता ये पौरा पाटलिपुत्रीया पौरवर्गा त एव द्विजगणा पक्षिण तै रहितान् सुतरा परित्यक्तान् नन्दवशप्ररोहान् नन्दवश एव वशः वेणु तस्य प्ररोहा एव अङ्कुरा तान् दग्ध्वा वने ज्वलन् इव दावाग्निरिव

सम्प्रति यत् शाम्यति निर्वाति तन्न खेदात् दाहशक्तेरभावात् न अपि तु दाह्या-भावात् अपरस्य दाह्यवस्तुन अप्राप्ते विरमति।

टिप्पणी

(१) **अरियुवतिदिशाम्**—शत्रुओ की स्त्रियो के जो दिशा के समान हैं। (२) **श्यामीकृत्य**—काला करके। शोकरूपी धुये से मलिन करके। श्याम+च्वि, ईत्व+कृ+क्त्वा—ल्यप्। (३) **सन्ततै**—निरन्तर। सम्+तत। सन्तत वा सतत 'समो वा ततहितयो' इति कारिकया विकल्पेन मलोपात्। (४) **मन्त्रि-द्रुमेभ्य**—मन्त्रियो से। यहाँ अपादाने पञ्चमी है। मन्त्रियो को वृक्ष इसलिए कहा है कि वे मारे नही गए थे बल्कि बच गए थे। जगल मे जो पेड जलने से बच जाते हैं उनके ऊपर हवा से भस्म (राख) पडती रहती है उसी प्रकार मन्त्रियों को नीतिरूपी हवा से मोहरूपी भस्म के द्वारा किकर्त्तव्यविमूढ बना दिया गया था। 'अत्र क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम्' इति वार्तिकेन सम्प्रदानसज्ञा—चतुर्थी। (५) **संभ्रान्तपौरद्विजगणरहितान्**—समास व्याख्या मे देखिए। डरे हुए पुरवासी रूपी पक्षियो से रहित। भाव यह है कि जगल मे आग लगने से जो पक्षी भाग जाते हैं वे बच जाते हैं उसी प्रकार डरकर जो लोग भाग गए थे क्रोधानल मे भस्म होने से बच गए। द्विज—पक्षी। यहाँ रूपक अलङ्कार है और स्रग्धरा छन्द है।

अपि च—

शोचन्तोऽवनतैर्नराधिपभयाद् धिक्शब्दगर्भैर्मुखै-
र्मामग्रासनतोऽवकृष्टमवशं दृष्टवन्त:पुरा।
ते पश्यन्ति तथैव सम्प्रति जना नन्दं मया सान्वयं
सिंहेनेव गजेन्द्रमद्रिशिखरात् सिंहासनात् पातितम्॥१२॥

अन्वय—पुरा ये नराधिपभयात् अवनतै धिक्शब्दगर्भे मुखै शोचन्त अवशं माम् अग्रासनत अवकृष्ट दृष्टवन्त, ते जना सम्प्रति सिंहेन गजेन्द्रम् अद्रि-शिखरात् इव मया सान्वय नन्द सिहासनात् तथैव पातित पश्यन्ति॥१२॥

हिन्दी अनुवाद—और भी—पहले जिन लोगो ने राजा (नन्द) के डर से सिर झुका कर परन्तु मुँह से बाहर निकलने वाले धिक्कार के शब्दो को मुँह ही

में छिपाकर मुझे विवश किए जाकर प्रधान आसन से हटाए जाते हुए दुःख के साथ देखा था वे इस समय देख रहे हैं कि मैंने कुल समेत नन्द को राजसिंहासन से उसी प्रकार गिराया जिस प्रकार पहाड की चोटी पर से सिंह द्वारा गजराज (बड़ा हाथी) नीचे पटक दिया जाता है।

भावार्थ यह है कि नन्द ने मुझे जब प्रधान आसन से हटाया तो लोगों को इस पर दुःख हुआ और वे मेरे इस अपामन को सहन नही कर सके पर राजा के डर से वे चुप रह कर अपना मुंह नीचे कर लिया और धिक्कार का शब्द उनके मुँह से बाहर न निकल कर भीतर ही रह गया। साथ ही चाणक्य के कहने का भाव यह भी है कि यदि कोई हमसे ऐसा बर्ताव फिर करेगा तो उसकी भी यही दशा होगी जो नन्द की हुई है।

Further more—Those people who, with grief, saw me helpless, being dragged down from the prominent seat, but cast down their faces through the fear of the king, and the cry of "Fie" remaining within their mouths, now see Nanda, with his whole family, cast down by me from the (throne) like a big elephant being dragged down by a lion from the mountain-top

संस्कृत व्याख्या—पुरा पूर्वस्मिन् काले ये जना नराधिपभयात् राजभयात् अवनतै नम्रीकृतै धिक्शब्दगर्भै नन्द धिगितिशब्द उत्क्रोशध्वनि गर्भे येषा तैस्तथाभूतैर्मुखै शोचन्त मामनुकम्पमाना माम् अवश कृपणम् अग्रासनत मुख्या-सनात् अर्थात् यज्ञीयासनात् अवकृष्टम् सनिकारम् उत्थापितम् दृष्टवन्त तथा दृष्ट्वा नतमुखेन धिगिति राजान गर्हयन्त तस्थु सम्प्रति अधुना ते जना सिंहेन मृगराजेन गजेन्द्रम् करिराजम् अद्रिशिखरात् पर्वतशिखरात् मया सान्वय सपरिवार नन्द सिंहासनात् राजासनात् पातितम् तथैव अवशम् निष्प्रतीकार च पश्यन्ति।

टिप्पणी

(१) **नराधिपभयात्**—नराधिपात् भयमिति नराधिपभयम् तस्मात् नराधिप-भयात् हेतौ पञ्चमी है। राजा (नन्द) के डर से। (२) **धिक्शब्दगर्भैः मुखैः**—धिक् इति शब्द (कर्मधारय) स गर्भे येषा (बहुव्रीहि स०) तानि तै धिक्शब्दगर्भै मुखै—धिक्कार का शब्द जिन मुखो मे छिपा था। लोग नन्द के कार्य पर उसे धिक्कारना चाहते थे पर डर के मारे मुँह से धिक् शब्द निकाल न सके। वह उनके मुँह मे ही रह गया। रामचरितमानस मे गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसी

प्रकार का भाव सीता के लिए बालकाण्ड मे व्यक्त किया है—'लोचन जल रह लोचन कोना। जैसे परम कृपण कर सोना।' (३) **अवकृष्टम्**—घसीटा गया। अव+कृष्+क्त। (४) **सान्वय**—अन्वयेन सहित· सान्वय, 'तेन सह'—इति बहुव्रीहि स०, 'वोपसर्जनस्य' इत्यनेन सहस्य सभाव, तम्। सन्तान समेत। यहाँ पूर्णोपमा अलङ्कार तथा शार्दूलविक्रीडित छन्द है। छन्द का लक्षण— 'सूर्याश्वैर्यदि म सजौ सततगा शार्दूलविक्रीडितम्'।

सोऽहमिदानीमवसितप्रतिज्ञाभरोऽपि वृषलापेक्षया शस्त्रं धारयामि। येन मया—

समुत्खाता नन्दा नव हृदयरोगा इव भुवः
कृता मौर्ये लक्ष्मीः सरसि नलिनीव स्थिरपदा।
द्वयोः सारं तुल्यं द्वितयमभियुक्तेन मनसा
फलं कोपप्रीत्योर्द्विषति च विभक्तं सुहृदि च ॥१३॥

अन्वय—भुव हृदयरोगा इव नव नन्दा समुत्खाता सरसि नलिनी इव मौर्ये लक्ष्मी स्थिरपदा कृता कोपप्रीत्यो द्वयो सारम् द्वितयम् फलम् अभियुक्तेन मनसा द्विषति च सुहृदि च तुल्य विभक्तम्।

हिन्दी अनुवाद—वह मै पूर्णप्रतिज्ञ हो चुकने पर भी वृषल (चन्द्रगुप्त) के लिए शस्त्र ग्रहण करूँगा (कर रहा हूँ) जिसमें मैंने—

पृथ्वी के हृदय के रोग के समान नव नन्दो को उखाड़ डाला, सरोवर में कमलिनी के समान चन्द्रगुप्त में राज्यलक्ष्मी को अचल कर डाला है; क्यों न हो अपने शत्रु को अपने क्रोध (निग्रह) और मित्र को प्रेम (अनुग्रह) दोनो को दो प्रकार का न्यायोचित फल बराबर पूरे मनोयोग से बॉट दिया है।

That I, inspite of fulfilling my vow, still handle the weapon out of regard for Vrishala, I by whom, the nine Nandas like the heart-ache of the earth have been uprooted, and Lakshmi has been made to take firm root in Chandragupta, like the lotus in a lake and the proper twofold products of the two, pleasure and anger, have been equally divided, with an attentive mind, between friend and enemy, (That I will now handle the sword, etc)

सस्कृत व्याख्या—येन मया चाणक्येन भुव पृथिव्या हृदयरोगा इव हृदय-पीडा इव नवनन्दा समुत्खाता समुन्मूलिता सरसि सरोवरे नलिनी कमलिनी

इव मौर्य्ये चन्द्रगुप्ते लक्ष्मी राज्यश्री स्थिरपदा कृता निश्चलस्थिति कृता। कोपप्रीत्यो क्रोधप्रसादयो द्वयो समम् सारम् न्याय्य फल निग्रहानुग्रहरूपम् द्वितयम् द्विविधम् फलम् अभियुक्तेन मनसा निविष्टेन चेतसा निपुण निरूप्य इत्यर्थ द्विषति शत्रौ नन्दे च सुहृदि मित्रे चन्द्रगुप्ते च तुल्यम् सम विभक्तम् स्थापितम् (स अहम् शस्त्र धारयामि इति पूर्वेणान्वय)।

टिप्पणी

(१) **अवसितप्रतिज्ञाभरोऽपि**—अवसित समाप्त प्रतिज्ञाभर व्रतपीडा यस्य तादृश अपि पूर्णप्रतिज्ञोऽपि—पूर्णप्रतिज्ञ होने पर भी। यद्यपि मेरा प्रण पूरा हो गया है तथापि। अव+सो+क्त कर्मणि=अवसित। (२) **कोपप्रीत्योः**—क्रोध और प्रेम का, क्रोध का फल निग्रह अपने शत्रु नन्द को और प्रेम का फल अनुग्रह अपने मित्र चन्द्रगुप्त को बाँट दिया गया। (३) **अभियुक्तेन मनसा**—सावधान चित्त होकर खूब सोच विचार कर। (४) **द्वितयम्**—दो प्रकार का। यहाँ उपमा और उत्प्रेक्षा अलङ्कार है और शिखरिणी छन्द है। छन्द का लक्षण—'रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलाग शिखरिणी'।

अथवा, अगृहीते राक्षसे किमुत्खातं नन्दवंशस्य, किं वा स्थैर्यमुत्पादितं चन्द्रगुप्तलक्ष्म्याः। (विचिन्त्य) अहो! राक्षसस्य नन्दवंशे निरतिशयो भक्तिगुणः। स खलु कस्मिंश्चिदपि जीवति नन्दान्वयावयवे वृषलस्य साचिव्यं ग्राहयितुं न शक्यते। तदभियोगं प्रति निरुद्योगः शक्यः अवस्थापयितुमस्माभिः इति अनयैव बुद्ध्या तपोवनं गतोऽपि घातितस्तपस्वी नन्दवंशीयः सर्वार्थसिद्धिः। यावदसौ मलयकेतुमङ्गीकृत्य अस्मदुच्छेदाय विपुलतरं प्रयत्नम् उपदर्शयत्येव। (प्रत्यक्षवदाकाशे लक्ष्यं बद्ध्वा) साधु, अमात्य राक्षस! साधु! साधु, श्रोत्रिय! साधु! साधु, मन्त्रिबृहस्पते! साधु! कुतः—

हिन्दी अनुवाद—अथवा जब तक राक्षस नही पकडा जाता तब तक नन्दवंश का नाश करने से क्या और चन्द्रगुप्त को राज्य मिलने से ही क्या लाभ। (सोचकर) अहा राक्षस की नन्दवंश में कैसी दृढ भक्ति है। जब तक नन्दवंश का कोई भी व्यक्ति जीवित रहेगा तब तक वह किसी प्रकार चन्द्रगुप्त का मंत्री

बनना स्वीकार न करेगा। इसीलिये तो नन्दवंश को राज्य पर प्रतिष्ठित करने के प्रति उसे निरुद्यम बनाने के लिये हमने वन में चले जाने पर भी बेचारे सर्वार्थसिद्धि को मरवा डाला। फिर भी वह मलयकेतु का सहारा लेकर हमारी जड खोदने के लिये यत्न करता ही रहता है। (आकाश में दृष्टि दे कर मानों साक्षात् राक्षस को देख रहा हो) वाह राक्षस मंत्री, वाह! धन्य हो द्विजवर, धन्य हो! धन्य हो बृहस्पति के तुल्य बुद्धि वाले, तुम धन्य हो!

Or, what is the use of giving permanency to the Lakshmi of Chandragupta so long as Rakshas is not captured (or is unsecured) (Thinking) Oh, the unsurpassable devotion of Rakshas to the race of Nanda He can not be made to accept the office of the minister of Chandragupta so long as any member whatsoever of the race of Nanda is alive So with this idea that he can be made to be indifferent towards an invasion, we got the poor Sarvarthsiddhi killed, though he had retired to the forest But he, taking the help of Malayaketu, is indeed making greater effort to uproot us Bravo minister Rakshas, Bravo, Bravo, Oh Brahman, Bravo, Bravo Oh, Brihaspati like minister, Bravo.

संस्कृत व्याख्या—अथवा पक्षान्तरे अगृहीते अवशीकृते राक्षसे किमुत्खातं नन्दवशस्य नन्दवशस्य नाशेन को लाभ चन्द्रगुप्तलक्ष्म्या स्थैर्यम् उत्पादितम् चन्द्रगुप्तराज्यश्रिया स्थैर्येण किमपि प्रयोजन न सिद्ध्यते। (विचिन्त्य विचार्य) अहो राक्षसस्य नन्दवशे निरतिशय भक्तिगुण अधिकतर भक्तिरूप. गुण राक्षसस्य नन्दवशे भक्ति आश्चर्यजनकेति भाव स राक्षस खलु हि कस्मिन् चित् अपि जीवति विद्यमाने सति नन्दान्वयावयवे नन्दवशस्य अशे वृषलस्य चन्द्रगुप्तस्य साचिव्यम् अमात्यताम् ग्राहयितु कारयितु न शक्यते। किन्तु तदभियोग प्रति चन्द्रगुप्तस्य आक्रमणमुद्दिश्य निरुद्योग उद्यमहीन, अवस्थापयितुम् उद्यमहीनता गमयितुम् अस्माभि शक्य इति अनया बुद्ध्या अनेनैव विचारेण नन्दवशीय सर्वार्थसिद्धि तपोवन गत अपि घातित हत नाशितो वा। अय भाव एक एव नन्दवशशेष सर्वार्थसिद्धि यदा न भविष्यति तदा राक्षस अवश्य चन्द्रगुप्तस्य साचिव्य करिष्यतीति बुद्ध्या सर्वार्थसिद्धिर्हत। किन्तु असौ राक्षस मलयकेतुम् अङ्गीकृत्य मलयकेतो साहाय्यम् गृहीत्वा अस्मदुच्छेदाय अस्मान् उन्मूलयितुम् विपुलतरम् प्रबलतरम् प्रयत्नम् उद्योगम् उपदर्शयति एव करोति एव। साधु अमात्य राक्षस साधु एतत् ते श्लाघ्यम् साधु श्रोत्रिय सुब्राह्मण साधु मन्त्रिबृहस्पते बृहस्पतितुल्य अमात्य साधु सदृशम् एतत् ते।

टिप्पणी

(१) **अगृहीते**—विना वश मे किये। राक्षस को वश मे करना नाटक का प्रधान उद्देश्य है। 'यस्य च भावेन भावलक्षणम्' इति सूत्रेण अत्र सप्तमी। (२) **किमुत्खातम्**—नाश करने से क्या लाभ, नाश करना व्यर्थ है। उद्+खन्+क्त कर्मणि=उत्खातम्। (३) **तपस्वी**—बेचारा। (४) **नन्दान्वयावयवे**—नन्दवश के किसी भी अश के (रहने हुए)। (५) **तदभियोगम् प्रति**—चन्द्रगुप्त के ऊपर आक्रमण करने के प्रति। (६) **निरुद्योगः अवस्थापयितुम्**—उद्यम-हीन करने के लिये, निरुत्साहित करने के वास्ते। (७) **सर्वार्थसिद्धि· घातित**—सर्वार्थसिद्धि मारा गया। चाणक्य के कहने का भाव यह है जब नन्दवश का कोई भी व्यक्ति न बच रहेगा तो राक्षस निराश्रय होकर चन्द्रगुप्त का मत्री बन जायगा। अत बेचारे सर्वार्थसिद्धि के वन मे चले जाने पर भी हमने उसका वध करवाया। (८) **अस्मदुच्छेदाय**—हमारे नाश के लिये। यहाँ "तादर्थ्ये" चतुर्थी है। (९) **अमात्य**—मत्री। अमा सह वसति इत्यर्थे अमा+त्यप्। (१०) **श्रोत्रिय**—वेद जानने वाले ब्राह्मण को कहते है। छन्द अधीते इति छन्दस्+घ, छन्दस् इत्यस्य श्रोत्रादेश। (११) **मंत्रिबृहस्पते**—मत्री बृहस्पतिरिव इति मन्त्रिबृहस्पति तत्सबुद्धौ (उपमित समास) बृहस्पति के समान मत्री। बृहता वाचा पति बृहस्पति 'तद्बृहतो करपत्यो'—इत्यनेन सुट् तलोपश्च।

ऐश्वर्यादनपेतमीश्वरमयं लोकोऽर्थतः सेवते
तं गच्छन्त्यनु ये विपत्तिषु पुनस्ते तत्प्रतिष्ठाशया।
भर्तुर्ये प्रलयेऽपि पूर्वसुकृतासङ्गेन निःसङ्गया
भक्त्या कार्यधुरां वहन्ति बहवस्ते दुर्लभास्त्वादृशाः ॥१४॥

अन्वय—अय लोक ऐश्वर्यात् अनपेतम् ईश्वरम् अर्थत सेवते। ये पुन· विपत्तिषु तमनुगच्छन्ति ते तत्प्रतिष्ठाशया। त्वादृशा कृतिन ये भर्तु प्रलयेऽपि पूर्वसुकृतासङ्गेन नि सङ्गया भक्त्या कार्यधुरा वहन्ति ते दुर्लभा ॥१४॥

हिन्दी अनुवाद—संसार के लोग ऐश्वर्य से युक्त स्वामी की सेवा किसी स्वार्थ से ही करते है और जो लोग विपत्ति मे स्वामी का साथ देते है वे इस आशा से ऐसा करते है कि स्वामी को फिर से राज्य मिलेगा। परन्तु तुम्हारे समान कर्मवीर विरले ही होते है जो स्वामी के मर जाने पर भी पहले किये हुए उपकार का ख्याल करके नि·स्वार्थ भक्ति से कार्य-भार को वहन करते है (स्वामी का कार्य करते जाते है)।

Why people serve, with selfish motive, the master possessing riches, those who follow him in adversity do so with the hope that he will again come back to power But workers, like you, who out of regard for the past benefits, bear the burden of work without selfish motive, even after the death of the master, are very rare

संस्कृत व्याख्या—अय ससार अत्रत्या जना ऐश्वर्यात् प्रभुत्वात् अनपेतम् अप्रच्युतम् ईश्वरम् स्वामिनम् अर्थत स्वप्रयोजनसिद्धचै स्वफलाशायै सेवते भजते ये पुन ये जना विपत्तिषु आपत्सु तमनुगच्छन्ति स्वामिनम् तद्दु खदु खिन. सन्त अनुवर्तन्ते तेऽपि हन्त न नि स्वार्थसेवाभावतया अपितु तत्प्रतिष्ठाशया तस्य स्वामिन. या प्रतिष्ठा पुन राज्यप्राप्ति तत्र गतया स्वेष्टसिद्धिरूपया कामनया तथा कुर्वन्ति त्वादृशा कृतिन कृतकर्माण ये भर्तु स्वामिन प्रलये विनाशेऽपि पूर्वकृतासङ्गेन पूर्वोपकारस्य आसङ्गेन सम्पर्केण पूर्वोपकारस्मरणेन नि सङ्गया फलासक्तिरहितया भक्त्या प्रेम्णा कार्यधुरा वहन्ति कर्त्तव्यभार धारयन्ति ते दुर्लभा दुष्प्रापा ।

टिप्पणी

(१) **अनपेतम्**—युक्तम्, युक्त। (२) **अर्थतः**—प्रयोजन से, स्वार्थ-भाव से। (३) **तत्प्रतिष्ठाशया**—प्रति+स्था+अङ भावे=प्रतिष्ठा, तस्य प्रतिष्ठा तत्प्रतिष्ठा तस्याम् आशा इति तया—उसकी प्रतिष्ठा या अभ्युदय की आशा से। अर्थात् इस आशा से कि शायद उसके अच्छे दिन फिर लौटे। (४) **पूर्व-सुकृतासङ्गेन**—पूर्व सुकृतम् पूर्वसुकृतम् (सुप्सुपासमास) तस्य आसङ्गेन इति। हेतौ तृतीया है। पहले के किए हुए उपकार का ख्याल करके। आ+सञ्ज्+घञ् भावे=आसङ्ग । (५) **निस्सङ्गया**—नि स्वार्थ भक्ति से। यहाँ करणे तृतीया है। (६) **कार्यधुराम्**—कार्यस्य धू कार्यधुरा ता कार्यधुरा "ऋक्-पूरब्धू" इससे समासान्त अप्रत्यय हो गया फिर टाप् प्रत्यय लगकर स्त्रीलिङ्ग हो गया। काम के भार को। (७) **कृतिनः**—इसका अर्थ प्राय कृतकार्य (सफल) होता है। पर यहाँ पर "कृतज्ञ" अर्थ ठीक होगा। कृतम् पूर्वोपकार अस्ति एषाम् स्मरणार्थत्वेन इति। कृत+इनि (मत्वर्थे) यह अर्थ "पूर्व सुकृता-सङ्गेन" के साथ ठीक-ठीक बैठ जाता है। (८) **दुर्लभाः**—दु खेन लभ्यन्ते इति दुर्लभा दुर्+लभ्+खल् कर्मणि। इसमे शार्दूलविक्रीडित छन्द है और व्यतिरेक अलङ्कार है।

अतएवास्माकं त्वत्संग्रहे प्रयत्नः, कथमसौ वृषलस्य साचिव्यग्रहणेन सानुग्रहः स्यादिति। कुतः—

अप्राज्ञेन च कातरेण च गुणः स्याद्भक्तियुक्तेन कः
प्रज्ञाविक्रमशालिनोऽपि हि भवेत् किं भक्तिहीनात् फलम्।
प्रज्ञाविक्रमभक्तयः समुदिता येषां गुणा भूतये
ते भृत्या नृपते कलत्रमितरे सम्पत्सु चापत्सु च ॥१५॥

अन्वय—भक्तियुक्तेन अप्राज्ञेन च कातरेण च क गुण स्यात् प्रज्ञाविक्रम-शालिन अपि भक्तिहीनात् कि हि फल भवेत्, समुदिता प्रज्ञा-विक्रम-भक्तय येषा गुणा, ते भृत्या नृपते सम्पत्सु च आपत्सु च भूतये, इतरे कलत्रम्।

हिन्दी अनुवाद—इसीलिए तुम्हें वश में करने का उपाय किया जा रहा है कि तुम (राक्षस) किस प्रकार चन्द्रगुप्त का मंत्रित्व स्वीकार कर हमें अनुगृहीत करोगे। क्योंकि—उस स्वामिभक्त राजसेवक ही से क्या लाभ जिसमें न तो बुद्धि हो और न बल। और उस बुद्धि-विक्रम वाले से ही क्या जिसमें भक्ति नहीं है। राजा की विपत्ति व सम्पत्ति में कल्याण करने वाले तो वे ही होते है जिनमें बुद्धि, विक्रम और भक्ति तीनों गुणो का समावेश हो। और दूसरे सेवक तो स्त्री के समान हैं जिनका भरण-पोषण राजा को अच्छे और बुरे दोनो दिनो में भी करना ही पड़ता है।

This is why our effort is to secure you, our anxiety is 'how would you (Rakshas) do us a favour by accepting the ministership of Vrishala' For—What is the use of that loyal servant who is unwise or coward ? What is the use of that wise and reliant servant who is without devotion Those servants, who possess wisdom, valour and devotion all the three virtues combined, are for the weal of the king in both adversity and prosperity Others are like so many wives (whom the king has to support even in prosperity and adversity both)

संस्कृत व्याख्या—अतएव अस्मात् कारणात् असौ राक्षस केन विधिना वृषलस्य साचिव्यग्रहणेन सानुग्रह स्यात् इति चिन्ता कुर्वताम् अस्माकम् त्वत्सग्रहे भवद्वशीकरणे यत्न आयास। भक्तियुक्तेन भक्तिमता अप्राज्ञेन स्थूलदर्शिना कातरेण च विक्रमहीनेन च राजसेवकेन क गुण को लाभ न कोऽपि लाभ इति भाव। प्रज्ञाविक्रमशालिन अपि प्रज्ञाविक्रमयुक्तात् भक्तिहीनात् निरनुरागात् कि हि फलम् को लाभ न किमपि प्रयोजनम् किन्तु येषा राजसेवापरायणाना प्रज्ञा

बुद्धि विक्रम शौर्यम् भक्ति अनुराग अस्ति येषु सेवकेषु एते त्रय गुणा सन्ति येषु ते नृपते. सम्पत्सु अभ्युदयेषु विपत्तिषु आपत्सु च भूतये कल्याणाय भवन्ति। इतरे च ये केवल सानुरागा ये वा केवल प्रज्ञाविक्रमशालिन ते सर्वे कलत्रमेव कुटुम्बवत् सर्वासु समविषमदशासु राज्ञैव भरणीया न ते राज्ञ सेवा कुर्वन्ति।

टिप्पणी

(१) **सग्रहे**—वश मे करने के लिए। लाने के लिए। सम्+ग्रह्+अप् भावे। (२) **प्रज्ञाविक्रमशालिनः**—बुद्धि तथा विक्रम से युक्त। प्रज्ञा च विक्रमश्च प्रज्ञाविक्रमौ ताभ्या साधु शालते श्लाघते इति साधुकारिणि णिनि। (३) **भृत्याः**—सेवक। भ्रियन्ते इति भृ+क्यप्। भृत्य का लक्षण—'यस्मिन् कृत्य समावेश्य निर्विशङ्केन चेतसा। आस्यते सेवक स स्यात् कलत्रमिव चापरम्॥' (४) **भूतये**—सम्पत्ति के लिए, सम्पत्ति बढाने (वाले) तादर्थ्ये चतुर्थी। (५) **प्रज्ञाविक्रमभक्तय.**—प्रज्ञा च विक्रमश्च भक्ति च इति प्रज्ञा विक्रमभक्तय —बुद्धि, पराक्रम और भक्ति। (६) **कलत्र**—स्त्री या पोष्यवर्ग। स्त्री का भरण-पोषण हर समय करना ही पडता है इसीलिए ऐसे सेवक जिनमे कोई गुण नही है जो केवल पोष्य है कलत्र कहे गए है। गड्+अत्रन्, गकारस्य ककार, डलयोरभेद =कलत्रम्। 'कलत्र श्रोणिभार्ययो' इत्यमर। व्यतिरेकालकार तथा शार्दूलविक्रीडित छन्द है।

तन्मयाप्यस्मिन् वस्तुनि न शयानेन स्थीयते, यथाशक्ति क्रियते तद्ग्रहणं प्रति यत्नः। कथमिव? अत्र तावद् वृषलपर्वतकयोरन्यतरविनाशेनापि चाणक्यस्यापकृतं भवतीति विषकन्या राक्षसेनास्माकमत्यन्तोपकारि मित्रं घातितस्तपस्वी पर्वतक इति सञ्चारितो जगति जनापवादः। लोकप्रत्ययार्थमस्यैवार्थस्याभिव्यक्तये 'पिता ते चाणक्येन घातित' इति रहसि त्रासयित्वा भागुरायणेनापवाहितः पर्वतकपुत्रो मलयकेतुः। शक्यः खलु एष राक्षसमतिपरिगृहीतोऽपि व्युत्तिष्ठमानः प्रज्ञया निग्रहीतुम्। न पुनरस्यै निग्रहात् पर्वतकवधोत्पन्नं राक्षस्यायशः प्रकाशीभवत् प्रमार्ष्टुमिच्छामि।

प्रयुक्ताश्च स्वपक्षपरपक्षयोरनुरक्तापरक्तजनजिज्ञासया बहुविधदेशवेषभाषाचारसञ्चारवेदिनो नानाव्यञ्जनाः प्रणिधयः। अन्विष्यते च कुसुमपुरवासिनां नन्दामात्यसुहृदां निपुणं प्रचारगतम्। तत्तत्कारणमुत्पाद्य कृतकृत्यतामापादिताश्चन्द्रगुप्तसहोत्थायिनो भद्रभटप्रभृतयः प्रधानपुरुषाः। शत्रुप्रयुक्तानां च तीक्ष्णरसदायिनां प्रतिविधानं प्रत्यप्रमादिनः परीक्षितभक्तयः क्षितिपतिप्रत्यासन्नाः नियोजितास्तत्राप्तपुरुषाः। अस्ति चास्माकं सहाध्यायि मित्रमिन्दुशर्मा नाम ब्राह्मणः। स चौशनस्यां दण्डनीत्यां चतुःषष्ट्यङ्गे ज्योतिःशास्त्रे च परं प्रावीण्यमुपगतः। स मया क्षपणकलिङ्गधारी नन्दवंशवधप्रतिज्ञानन्तरमेव कुसुमपुरमुपनीय सर्वनन्दामात्यैः सह सख्यं ग्राहितो विशेषतश्च तस्मिन्राक्षसः समुत्पन्नविश्रम्भः। तेनेदानीं महत्प्रयोजनमनुष्ठेयं भविष्यति।

तदेवमस्मत्तो न किञ्चित् परिहास्यते। वृषल एव केवलं प्रधानप्रकृतिरस्मास्वारोपितराज्यतन्त्रभारः सततमुदास्ते। अथवा यत्स्वयमभियोगदुःखैरसाधारणैरपाकृतं तदेव राज्यं सुखयति। कुतः—

हिन्दी अनुवाद—सो मैं भी इस विषय में कुछ सोता नही हूँ; यथाशक्ति उसी के मिलाने का प्रयत्न करता रहता हूँ। कैसे? (तो सुनो) इस विषय में (पहला प्रयत्न यह है) "चन्द्रगुप्त अथवा पर्वतक इन दोनो में से एक का भी नाश हो जाने पर चाणक्य की हानि होगी" यह सोचकर राक्षस ने विषकन्या के द्वारा हमारे अत्यन्त उपकारी मित्र पर्वतक को मरवा डाला है, यह अपवाद लोगो मे फैला दिया गया है। पर एकान्त मे मैंने भी भागुरायण द्वारा मलयकेतु के मन में यह बात बैठा दी है कि तुम्हारे पिता को चाणक्य ने ही मारा है, इससे वह डर कर भाग गया है। राक्षस के कथनानुसार आचरण करता हुआ युद्ध की तैयारी करता हुआ भी यह (मलयकेतु) बुद्धि के द्वारा वश में किया जा सकता है। पर इसको पकड कर मै यह नही चाहता कि राक्षस की यह अपकीर्ति कि "पर्वतक को उसी ने मारा है" दूर हो जाय। और भी नाना प्रकार के छद्मवेषधारी और भिन्न-भिन्न देश-भाषा-भूषा-आचार और प्रचार में सर्वथा निपुण अनेकों गुप्तचरों को यह जानने के लिए नियुक्त कर दिया है

कि कौन हमारा और हमारे शत्रु का साथ देने वाला है और कुसुमपुर निवासी नन्द के मंत्री और संबधियों के ठीक-ठीक वृत्तान्त का अन्वेषण हो रहा है। वैसे ही भद्रभटादिको को बडे-बड़े पद देकर चन्द्रगुप्त के पास रख दिया है। और भक्ति की परीक्षा लेकर बहुत से सतर्कता से काम करने वाले पुरुष भी शत्रु से रक्षा करने के लिए नियत कर दिए गये हैं। मेरे साथ का पढ़ने वाला इन्दुशर्मा नाम का ब्राह्मण है। वह शुक्राचार्य की बनाई हुई दण्डनीति में और चौसठ अङ्गो वाले ज्योतिष-शास्त्र में पारगत है। नन्दवंश के विनाश की प्रतिज्ञा के बाद ही मैंने उसे बौद्ध संन्यासी के वेष में पाटलिपुत्र में लाकर नन्द के सभी मंत्रियो से उसकी मित्रता करा दी। राक्षस उसमे विशेष रूप से विश्वास करता है। इससे यह बडा कार्य अवश्य पूरा हो जायगा। तो इस तरह मैं कुछ उठा न रखूँगा। केवल चन्द्रगुप्त ही हमारे ऊपर राज्य का सारा भार छोडकर उदासीन रहता है। अथवा वही राज्य सच्चा सुख देने वाला होता है जिसमे उसके संचालन का दु:ख नही भोगना पडता। क्योंकि——

Then, I too, am not idle in this matter To the best of my ability, effort is being made to win him over How ? This report has been circulated among the people that our great friend Parvataka, was killed by Rakshas by means of poison-maid, because by this, injury comes to Chanakya by the death of either Chandragupta or Parvataka To create confidence in the people and to make this very thing clear, Parvataka's son Malayaketu, has been frightened away by Bhagurayan secretly saying that "Your father was murdered by Chanakya" This Malayaketu, guided by the advice of Rakshas and making preparations for war, can be checked by wit On the other hand, by arresting him, I do not wish to wipe out the calumny of Rakshasa which is due to the murder of Parvataka and which is spreading among the public Spies also, conversant with the dress, dialect, manners and movements of the people of different countries, have been employed by me under several disguises to find out who are the persons that are faithful to us and to the enemy The movements of the friends of the ministers of Nanda, residing at Kusumpura, are being watched carefully The high officials like Bhadrabhatta, who were Chandragupta's helpers, have been made well satisfied by being offered high posts. Trustworthy agents, whose loyalty has been tried and who are always cautious and remain near the person of the king, have been warned off beforehand to check the giving of poison (to the king) by the enemy Again, there is a Brahman Indushrama, by name, who is my friend and fellow student He is proficient

in the science of politic of Ushanas (शुक्राचार्य) and in Astrology with its sixty four branches, and just after I had taken a vow to kill Nanda, he was brought by me to Kusumpura under the guise of a Jain saint and (there) he has made friendship with the ministers of Nanda Rakshas has placed special confidence in him.

So in this matter I shall be leaving nothing undone Only Vrishala, the chief member, having placed the burden of administration in us, remains indifferent, or that kingdom alone gives happiness, which is devoid of the trouble of paying personal attention not shared in common by others For—

संस्कृत व्याख्या—तत् तस्मात् मयापि अस्मिन् वस्तुनि राक्षसग्रहणकर्मणि शयानेन अलसेन न स्थीयते निरुद्यमेन न भूयते किन्तु तस्य राक्षसस्य ग्रहण प्रति यथाशक्ति यत्न क्रियते। कथमिव केन वा प्रकारेण—अत्र तावत् खलु अस्मिन् कार्ये खलु लोके राक्षसो निन्द्यो भवतु इत्यभिप्रायेण लोके जनाना पौराणाम् अपवाद जनश्रुति प्रचारित सचारित वृषलपर्वतकयो चन्द्रगुप्तपर्वत-कयो अन्यतरविनाशेनापि उभयो मध्ये एकस्यापि नाशेन वधेन वा चाणक्यस्य अपकृत भवति अनिष्टमापद्यते इति कृत्वा विषकन्यया राक्षसेन अस्माकम् अत्यन्तोपकारि परमोपकारक मित्र तपस्वी वराक पर्वतक घातित हत, लोकप्रत्ययार्थम् जनाना विश्वासार्थम् अस्यैव अर्थस्य अभिव्यक्तये अर्थात् राक्षसेन पर्वतक हत इति प्रकटीभवनाय ते पिता चाणक्येन घातित हत इति रहसि एकान्ते त्रासयित्वा भयम् उत्पाद्य भागुरायणेन अपवाहित अपसारित पर्वतकपुत्र मलयकेतु शक्य खलु एष मलयकेतु राक्षसमतिपरिगृहीतोऽपि राक्षसस्य उप-देशेन कार्यं कुर्वन् व्युत्तिष्ठमान युद्धार्थ यतमान प्रज्ञया बुद्ध्या निग्रहीतुम् वशीकर्तु शक्य पुनरस्य मलयकेतो निग्रहात् पर्वतकवधोत्पन्नम् पर्वतकवधेन उत्पन्नम् राक्षसस्य अयश अपकीर्त्ति प्रकाशीभवत् प्रचार गच्छत् प्रमार्ष्टुम् प्रक्षालयितु न इच्छामि। यदि मलयकेतुम् इदानी दण्डयामि तर्हि लोको ज्ञास्यति यत् राक्षस. निर्दोष अस्ति तथा च प्रतिज्ञात राज्यार्धदानमनिच्छता चाणक्येन सपुत्र पर्वतक हत। स्वपक्षपरपक्षयो स्वपक्षे आत्मन पक्षे परपक्षे शत्रो. पक्षे च अनुरक्तापरक्तजनजिज्ञासया अनुरक्ता भक्ता अपरक्ता विरक्ता च ये जना तेषा जिज्ञासया परिज्ञानार्थ बहुविधदेशवेषभाषाचारसञ्चारवेदिनः बहुविधाना नानाप्रकाराणा देशाना यो वेष परिच्छद या च भाषा य आचारः

व्यवहार यश्च सञ्चार आवागमन तत् सर्वं विदन्ति जानन्ति ये ते तथाविधा नानाव्यञ्जना बहुरूपधारिण प्रणिधय दूता प्रयुक्ता नियुक्ता कुसुमपुरवासिनाम् पाटलिपुत्रनिवासिनाम् नन्दामात्यसुहृदा नन्दामात्यस्य राक्षसस्य सुहृदा मित्राणा प्रचारगतम् गमनागमनविषयक सर्वं निपुण सावधानतया अन्विष्यते निरीक्ष्यते तैं प्रणधिभिरिति। तत्तत्कारणमुत्पाद्य तोषकारणम् उत्पाद्य कृतकृत्यतामापादिता कृतार्थताम् आपादिता गमिता चन्द्रगुप्तसहोत्थायिन चन्द्रगुप्तेन सह उत्थायिन एकनिष्ठ या ये उद्यमपरा बभूवु ते भद्रभटप्रभृतय भद्रभटादय प्रधानपुरुषा। शत्रुप्रयुक्ताना शत्रुणा राक्षसेन प्रयुक्तानां व्यापारितानाम् तीक्ष्णरसदायिनां विषदायिना प्रतिविधान नियमन प्रति अप्रमादिन. सावधाना परीक्षितभक्तय येषा भक्ति परीक्षिता एवविधा क्षितिपतिप्रत्यासन्ना क्षितिपते नृपते चन्द्रगुप्तस्य प्रत्यासन्ना समीपस्थायिन आप्तपुरुषा विश्वस्ता भृत्या नियोजिता नियुक्ता। अस्माक सहाध्यायि मित्रं इन्दुशर्मा नाम ब्राह्मण अस्ति। स च औशनस्याम् शुक्राचार्यनिर्मिताया दण्डनीत्याम् चतु षष्ट्यङ्गे ज्योति शास्त्रे च पर प्रावीण्यम् अतिदक्षताम् चोपगत प्राप्त। स मया क्षपणकलिङ्गधारी क्षपणकस्य बौद्धसन्यासिन लिङ्गधारी वेषभृत् नन्दवशवधप्रतिज्ञानन्तरमेव कुसुमपुरम् उपनीय आनीय सर्वनन्दामात्यै सर्वै समग्रै नन्दामात्यै नन्दमन्त्रिभि सह सख्यम् मित्रता ग्राहित विशेषतश्च तस्मिन् इन्दुशर्मणि राक्षस समुत्पन्नविश्रम्भ जातविश्वास तेन इदानीम् सम्प्रति महत् प्रयोजन गुरुकार्यम् अनुष्ठेयम् साधनीय भविष्यति तत् एवम् अनेन प्रकारेण अस्मत्त मत्त चाणक्यात् न किंचित् किमपि परिहास्यते ऊन भविष्यति। वृषल एव केवल प्रधानप्रकृति मुख्यप्रकृतिस्वामी अस्मासु आरोपितराज्यतन्त्रभार अस्मासु मयि आरोपित न्यस्त राज्यस्य यत् तत्र शासन तस्य भार येन तादृश सततम् निरन्तरम् उदास्ते उदासीन एव तिष्ठति। अथवा यत् स्वयम् अभियोगदु खै स्वयमभियोगस्य आत्मव्यापारस्य यत् दु ख तै असाधारणै अपाकृतम् वर्जित तदेव राज्य सुखयति सुख ददाति कुत कस्मात्।

टिप्पणी

(१) **न शयानेन स्थीयते**—(मैं भी इस विषय मे) असावधान नही हूँ। (२) **वृषलपर्वतकयोः अन्यतरविनाशेनापि**—चन्द्रगुप्त तथा पर्वतक दोनो मे एक का भी नाश होने से। (३) **विषकन्यया**—विषतुल्या वा विषदिग्धा वा

विषम परिस्थितियों में भी विचलित न होने वाले तथा भार उठाने में समर्थ इनके पिता ने अपने विश्वासपात्र मन्त्रियों की सहायता से जिस कठिन राज्यभार को धारण किया, उसी भारी बोझ को नई अवस्था में वहन करने के लिए उद्यत मनस्वी चन्द्रगुप्त अनुभव न होने के कारण दुःखों को सह रहा है किन्तु गिरता (डिगता नहीं)। भाव यह है कि अभी चन्द्रगुप्त को राज्य करने का अनुभव नहीं है। उसकी नई जवानी है। कभी-कभी त्रुटियाँ भी हो जाती हैं पर वह मनस्वी उस भार को वहन करने के लिए उद्यत है और डिगता नहीं।

(In the sky) Do you say that we are making haste Gentlemen make haste, Sire Chandragupta has indeed arrived He it is who—In his attempt to bear in young age the very same heavy burden of the earth, which, though heavy, was borne by his father, with the help of well-trusted ministers. bears it with difficulty due to inexperience yet does not falter for he is a man of strong will

संस्कृत व्याख्या—विषमेषु अपि पथिषु उन्नतावनतेषु अपि मार्गसङ्क्रमेषु इव अचलता अनिष्क्रम्यगतिना अतएव धुर्येण धूर्वहनसमर्थेन धुरन्धरेण अस्य चन्द्रगुप्तस्य गुरुणा तातेन महाराजनन्देन सुविस्रब्धैः अङ्गैः विश्वसनीयैः शरीरावयवैः राज्यतन्त्रावयवैः मन्त्रिभिरित्यर्थः भुवः पृथिव्याः गुरुः अपि दुःशक्यवहनापि धूः चिरम् बहुकालपर्यन्तम् ऊढा धृता तामेव उच्चैः धुरम् भारम् वोढुम् धारयितुम् नववयसि तारुण्ये एव वयसि उद्यतः मनस्वी महासाहसिकः दम्यत्वात् भारवहनाऽनभ्यस्त-

त्वादेव न तु न्यूनबलप्रकर्षत्वात् दु ख वहति क्लेश प्राप्नोति न स्खलति च भ्रश्यति न। बालत्वादय राज्यरक्षा कर्मणि क्लिश्यते सत्य किन्तु महोत्साहतया किञ्चिदपि नासौ हीयते इति भाव ।

टिप्पणी

(१) **सुविस्रब्धै**—विश्वासपात्र, वि+स्रम्भ्+क्त। अतिशयेन विस्रब्धा इति। यह अङ्ग का विशेषण है, बलशाली। (२) **अङ्गै**—राज्यकार्य चलाने के लिए आवश्यक अङ्ग—स्वामी, अमात्य, सुहृत्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग, बल"। बैल पक्ष मे शरीर। नन्द राज्य का कार्यभार इसलिए वहन कर सका कि उसके उपरोक्त अङ्ग प्रबल थे। (३) **पथिषु**—मार्ग मे अर्थात् काम करने के मार्ग मे। (४) **विषमेषु**—कठिन, ऊँचा-नीचा। विभिन्ना समेभ्य इति विषमा (सुप्सुपा स०), तेषु। (५) **धुर्येण**—धुरा धारण करने वाले से। धुरि साधुता वहनि वा इति धुर्+यत् तेन धुर्येण। राज्य का भार धारण करने मे अभ्यस्त। वृषभ-पक्ष मे भार वहन करने वाला। (६) **गुरुणा**—पिता से, नन्द के वास्ते यह शब्द आया है। (७) **नववयसि**—नई उम्र (जवानी मे) भाव यह है कि अभी चन्द्रगुप्त को राज्य करने का अनुभव नही है। (८) **व्यवसितः**—उद्यत, तैयार। वि+अव+सो+क्त। (९) **मनस्वी**—महामना, उत्साही। प्रशस्त मन अस्य इति मनस्+विनि। (१०) **दम्यत्वात्**—शिक्षा समाप्त न होने के कारण। चन्द्रगुप्त को दम्य इसलिए कहा गया कि अभी राजकार्य सचालन मे उसकी शिक्षा पूर्ण नही हुई थी। बैल पक्ष मे—नौजवान होने के कारण। चन्द्रगुप्त को अनुभव न होने से कभी-कभी दु ख होता था पर वह मनस्वी होने के कारण डिगता नही था। कार्यभार को वहन करने का प्रयत्न करता था। हेतौ पञ्चमी है। दम्+यत् कर्मणि=दम्य। तस्य भाव इति दम्य+त्व, तस्मात्। हेतौ पञ्चमी। (११) **स्खलति**—गलती करता है। बैल पक्ष मे—इधर-उधर लडखडाता नही।

यह श्लोक दो अर्थ वाला है। चन्द्रगुप्त की तुलना एक बलवान् बैल से की गई है। बलवान् बैल जैसे अपने मजबूत अङ्गो से बोझ को धारण करता है और विषम (ऊँची-नीची) जगहो मे भी नही गिरता। उसी प्रकार चन्द्रगुप्त राज्य-कार्य को सँभाल रहा है और विषम (कठिन) परिस्थितियो मे भी घबडाता नही, क्योकि वह मनस्वी है।

यहाँ पर भारी राज्यभार वहन मे क्लेश आदि का होना नही होता। इसलिए व्यतिरेकालकार हुआ। दृढगात्र के कारण दुर्गम मार्गरूपी राज्यभार वहन के लिए प्रस्तुत युवा चन्द्रगुप्त का अप्रस्तुत नववृषभ के साथ साम्य है, इसलिए समासोक्ति अलङ्कार है। शिखरिणी छन्द है।

(नेपथ्ये) इत इतो देवः।

(ततः प्रविशति राजा प्रतीहारी च)

राजा—(स्वगतम्) राज्यं हि नाम राजधर्मानुवृत्तिपरस्य नृपतेर्महदप्रीतिस्थानम्। कुतः—

परार्थानुष्ठाने रहयति नृपं स्वार्थपरता
परित्यक्तस्वार्थो नियतमयथार्थः क्षितिपतिः।
परार्थश्चेत् स्वार्थादभिमततरो हन्त परवान्
परायत्तः प्रीतेः कथमिव रसं वेत्ति पुरुषः॥४॥

अन्वय—परार्थानुष्ठाने स्वार्थपरता नृप रहयति। परित्यक्तस्वार्थः क्षितिपति नियतम् अयथार्थ। परार्थ स्वार्थात् अभिमततरश्चेत् हन्त परवान्। परायत्त पुरुप प्रीते रस कथमिव वेत्ति॥४॥

हिन्दी अनुवाद—(नेपथ्य मे) इधर आवें महाराज!

(प्रतीहारी के साथ महाराज चन्द्रगुप्त का प्रवेश)

राजा—(स्वगत) राजा तो कभी भी स्वतन्त्र नही। राज्यधर्म का पालन उसे परतत्र बनाए है। यह राज्य भी कैसी दु.खद वस्तु है। राजा यदि प्रजा के स्वार्थो को सिद्ध करता है तो स्वार्थपरता उसे त्याग देती है। (अर्थात् वह अपने स्वार्थ से वञ्चित रह जाता है।) वह राजा ही क्या जो अपने स्वार्थ से ही सर्वथा विमुख रहकर नाम का ही राजा कहलाता रहे। यदि दूसरे का हित अपने हित से अधिक वाञ्छनीय है तो दु.ख की बात है कि (वह राजा) पराधीन है। और भला जो पराधीन है उसे कौन-सा सुख कौन-सा आनन्द।

(*In the dressing room*) This way Maharaj, this way (*Then enter the king and the warder*)

King (*to himself*)—A kingdom is indeed a great source of trouble to the king who is always engaged in doing good to the people If the king looks after the interest of other, self-interest forsakes him He is verily not a king in the real sense if self-interest leaves him If others' interest is preferable to self-interest, then alas, he (the king) is not independent How can a man, controlled, by another enjoy pleasure

संस्कृत व्याख्या—परार्थानुष्ठाने स्वव्यतिरिक्तस्य अमात्यजनपदादिप्रकृतिवर्गस्य ये अर्था अभिलषितानि कार्याणि तेषा सम्पादने क्रियमाणे स्वार्थपरता स्वाभिलषितसिद्धि नृपम् राजानम् रहयति परित्यजति। परकार्य्यकरणेन राज्ञ स्वकार्यनाश इत्यर्थ। परित्यक्तस्वार्थ परित्यक्त उत्सृष्ट स्वार्थ येन तादृश क्षितिपति राजा नियतम् अयथार्थ नास्त्येव सत्यभूत राजेति। परार्थ परप्रयोजनम् स्वार्थात् आत्मप्रयोजनात् अभिमततर ईप्सिततर अर्थात् यदि परार्थ एव कर्त्तव्यबुद्ध्या साधनीय हन्त यो वा नृपस्स तु परवान् परवश पराधीन एव न स्ववश स्वतत्रो वा, परायत्त पराधीन पुरुष प्रीते सुखस्य रसम् स्वादम् कथमिव केन वा प्रकारेण वेत्ति जानाति अर्थात् न केनापि।

टिप्पणी

(१) **परार्थानुष्ठाने**—दूसरो का काम साधने मे। (२) **रहयति**—त्यजति—त्याग देती है। यदि राजा दूसरे का स्वार्थ साधन करता है तो उसका स्वार्थ नष्ट होता हे। (३) **परित्यक्तस्वार्थ**—जो राजा अपनी स्वार्थसिद्धि का परित्याग कर देता है। परित्यक्त स्वार्थ येन स (ब० व्री०)। (४) **अयथार्थ**—सुखभिलाषी सामारिक व्यक्ति राजा होने की कामना करते है। उनकी दृष्टि मे राजा का अर्थ है—सुख-भोग करने वाला व्यक्ति। किन्तु कर्तव्यपरायण राजा के जीवन मे सुख कहाँ वह प्रजा के सुख के लिए ही सदा खिन्न रहता है। अत उपर्युक्त अर्थ मे वह वास्तविक राजा नही है। (५) **परवान्**—पराधीन। (६) **परायत्तः**—दूसरे के अधीन। परस्य आयत्त इति परायत्त। इस श्लोक मे काव्यलिंग अलकार तथा शिखरिणी छन्द है।

अपि च, दुराराध्या हि राजलक्ष्मीरात्मवद्भिरपि राजभिः। कुतः ?—

तीक्ष्णादुद्विजते मृदौ परिभवत्रासान्न सन्तिष्ठते
मूर्खान द्वेष्टि न गच्छति प्रणयितामत्यन्तविद्वत्स्वपि।
शूरेभ्योऽप्यधिकं बिभेत्युपहसत्येकान्तभीरूनहो
श्रीर्लब्धप्रसरेव वेशवनिता दुःखोपचर्या भृशम् ॥५॥

अन्वय—तीक्ष्णात् उद्विजते परिभवत्रासात् मृदौ न सन्तिष्ठते, मूर्खान् द्वेष्टि, अत्यन्तविद्वत्स्वपि प्रणयिता न गच्छति, एकान्तभीरून् उपहसति, शूरेभ्यो-

ऽपि अधिक बिभेति। अहो लब्धप्रसरा वेशवनिता इव श्री भृशम् दु खोपचर्या (भवति) ॥५॥

हिन्दी अनुवाद—और भी चाहे कैसे भी अपने को सँभाल कर रहे, राज्यलक्ष्मी को प्रसन्न रखना राजा के लिए असभव है। क्यो न हो? राज्यलक्ष्मी उग्रस्वभाव वाले से उद्विग्न हो जाती है और मृदु स्वभाव वालो के पास अपमानित होने के भय से नही ठहरती, वह मूर्ख से द्वेष करती है और अधिक विद्वान् से भी वह प्रेम नही करती, जो अत्यन्त डरपोक है उनका वह मजाक करती है और अति शूरवीर से डरती है। आश्चर्य है कि आधिपत्य को प्राप्त वेश्या की तरह लक्ष्मी अत्यन्त कष्ट से सेवा के योग्य होती है।

Moreover, Royal Fortune is difficult to serve even by kings who have command over self She suffers anxiety from the stern, she does not live with the mild because she apprehends insult She dislikes the fool, she does not like to be-friend those who are highly educated, she ridicules the timid and is afraid of the mighty ones Fortune, like a public woman, that has gained sway (over one) is very difficult to please

संस्कृत व्याख्या—तीक्ष्णात् उग्रात् वा राज्ञ उद्विजते उद्विग्ना भवति परिभवत्रासात् परिभवात् अवमानात् य त्रास भय तस्मात परिभवत्रासात् मृदौ विगततैक्ष्ण्ये न सन्तिष्ठते न स्थितिमात्मन करोति मूर्खात् अविवेकिन भूपालात् द्वेष्टि न कामयते अत्यन्तविद्वत्स्वपि महाविवेकिषु अपि राजसु प्रणयिता न गच्छति निकाममनुरक्ता न भवति शूरेभ्योऽपि नृपेभ्य अधिक बिभेति भृश त्रस्यति एकान्तभीरून् सदैव ये भीरव भीता तान् उपहसति तिरस्करोति अहो महदाश्चर्यम् श्री राजलक्ष्मीर्लब्धप्रसरा अस्मद्वशीकरणेन प्राप्तप्रागलभ्या वेशवनिता वाराङ्गना इव भृशम् नितान्तम् दु खोपचर्या क्लेशेन सेव्या दुराराध्या वा।

टिप्पणी

(१) **दुराराध्या**—दु ख से (कठिनाई से) प्रसन्न होने वाली। आ+राध्+णिच्+यत्=आराध्या। दु खेन आराध्या दुराराध्या (प्रादिस०)। (२) **आत्मवद्भि**—दृढ चित्त तथा चरित्र वाले। (३) **तीक्ष्णात्**—कठोर से, (४) **सन्तिष्ठते**—रुकती है, ठहरती। "समवप्रविभ्य स्थ" स्था धातु के साथ यदि सम्, अव, प्र उपसर्ग हो तो उसका आत्मने पद मे रूप हो जाता है। सन्तिष्ठते, प्रतिष्ठिते, अवतिष्ठते। (५) **एकान्तभीरून्**—अति डरपोक। एक अन्त स्वरूप यस्मिन् तत् यथा तथा भीरव (सुप्सुपा समास), तान्। (६) **लब्धप्रसरा**—अधिकार प्राप्त किए हुए। प्र+सृ+अप् भावे=प्रसरः। लब्ध-

प्रसरो यया। (७) वेशवनिता—वेश्या। इस श्लोक मे काव्यलिग एव उपमा अलकार तथा शार्दूलविक्रीडित छन्द है।

अन्यच्च, कृतककलहं कृत्वा स्वतन्त्रेण त्वया कञ्चित् कालं व्यवहर्तव्यमित्यार्योपदेशः। स च कथमपि मया पातकमिवाभ्युपगतः। अथवा शश्वदार्योपदेशसंस्क्रियमाणमतयः सदैव स्वतन्त्रा वयम्। कुतः?—

हिन्दी अनुवाद—और भी आर्य चाणक्य का उपदेश है कि ऊपरी (नकली) झगडा करके तुम कुछ समय तक अपने मन की करना। उस उपदेश को मैंने किसी प्रकार पातक के समान स्वीकार किया। अथवा आर्य के उपदेश से सदा शुद्ध बुद्धिवाले हम लोग स्वतत्र ही हैं।

Moreover, the command of the precepter is that for some time I have to manage affairs independently after making an artificial quarrel with him This I have accepted unwillingly like sin, Or we are always independent, being guided by the preceptor's instruction

इह हि रचयन् साध्वीं शिष्यः क्रियां न निवार्यते
त्यजति तु यदा मार्गं मोहात् तदा गुरुरङ्कुशः।
विनयरुचयस्तस्मात् सन्तः सदैव निरङ्कुशाः
परतरमतः स्वातन्त्र्येभ्यो वयं हि पराङ्मुखाः॥६॥

अन्वय—इह हि शिष्य साध्वी क्रिया रचयन् न निवार्यते, यदा तु मोहात् (स) मार्गं त्यजति तदा गुरु अङ्कुश। तस्मात् विनयरुचय. सन्त. सदैव निरङ्कुशा। अत स्वातन्त्र्येभ्य वय परतर हि पराङ्मुखा॥६॥

हिन्दी अनुवाद—अच्छे कार्य को करने वाले शिष्य को गुरु रोकता नही अर्थात् जब तक शिष्य अच्छा कार्य करता है गुरु उसे नही रोकता पर जब वह अज्ञानता के कारण कुमार्ग पर चलने लगता है तो गुरु अंकुशरूपी वचन से उसे निवारण करता है। इसलिए विनय में रुचि रखने वाले सज्जन सदा स्वतत्र ही हैं। अतः स्वेच्छाचारो से हम सदा पराङमुख हैं।

Here (in this world) a pupil is not checked from doing good work, but, if through ignorance, he quits the right path, the teacher is a check for him Hence the good, with a liking for discipline, are always unrestrained Therefore we are averse to an independence other than this

संस्कृत व्याख्या—इह अस्मिन् जगति शिष्य साध्वीम् क्रियाम् विरचयन् अनिन्द्य कर्म कुर्वन् न निवार्यते न निषिध्यते यदा तु मोहात् मार्ग त्यजति मति-भ्रशात् कुमार्गेण गच्छति तदा गुरुरङ्कुश तत तस्य निवारयिता भवति तस्मादेवं भूताद् गुरुस्वाभाव्याद् विनयरुचय गुरुकृतशिक्षणे बद्धश्रद्धा सन्त सदाचारा" शिष्या इति शेष सदैव निरङ्कुशा सर्वदा एव स्वतत्रा न दण्डभागिन गुरूणा भवन्ति, अर्थात् सदाचारसततनिक्रान्ता कदापि न निवार्यन्ते अत अस्मादेव कारणात् वयम् स्वातन्त्र्येभ्य स्वच्छन्दानुवर्तनेभ्य परतरम् हि नितान्तमेव पराङमुखा वितृष्णा । यादृश स्वातत्र्यम् सदाचाररता सन्त. नित्य हि लभन्ते तादृशमेव प्रार्थयामहे नाधिक कञ्चित्कालमपि इति भाव ।

टिप्पणी

(१) **कृतककलहम्**—बनावटी झगडा । चन्द्रगुप्त और चाणक्य का झगडा दिखावटी था। यह राक्षस को धोखा देने के लिए किया गया था। कृत एव कृतक, तादृश कलह (कर्म० स०)। (२) **आर्य्योपदेशसंस्क्रियमाणमतयः**—गुरु के उपदेश मे जिनकी बुद्धि शुद्ध कर दी जाती है। आर्यस्योपदेशेन सस्क्रियमाणा मति येषा ते आर्योपदेशसम्स्क्रियमाणमतय । (३) **साध्वीं क्रियां रचयन्**—अच्छा काम करता हुआ। (४) **विनयरुचय**—विनय (शिक्षा) मे रुचि रखने वाले। चन्द्रगुप्त के कहने का भाव यह है अगर शिष्य अच्छा काम करता है तो गुरु मना नही करेगा और यदि वह बुरा कार्य करेगा तो गुरु निवारण करेगा। इसलिए जो शिक्षा चाहने वाले लोग है वे हमेशा इस माने मे स्वतत्र है कि अच्छा काम करे। (५) **स्वातंत्र्येभ्य· पराङमुखाः**—स्वतत्रता से विमुख। दूसरे प्रकार की स्वतत्रता हम लोग नही चाहते। इस श्लोक मे परिणाम अलकार तथा हरिणी छन्द है। छन्द का लक्षण—'नसमरसलाग षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता'।

(प्रकाशम्) आर्य वैहीनरे! सुगाङ्गप्रासादमार्गमादेशय।

कञ्चुकी—इत इतो देवः।

राजा—(परिक्रामति।)

कञ्चुकी—(परिक्रम्य) अयं सुगाङ्गप्रासादः। शनैरारोढुमर्हत्यार्यः।

राजा—(नाट्येनारुह्य दिशोऽवलोक्य) अहो! शरत्समयसम्भृतशोभाविभूतीनां दिशामतिरमणीयता!! कुतः?—

हिन्दी अनुवाद—(प्रकट) आर्य वैहीनरि, सुगाङ्ग भवन का रास्ता बताओ
कञ्चुकी—इधर से, महाराज इधर से।
राजा—(घूमता है)।
कञ्चुकी—(घूमकर) यह सुगाङ्गप्रासाद है। आप धीरे-धीरे चढे।
राजा—(चढने का अभिनय करके और दिशाओ को देखकर) ओह! जिधर देखता हूँ उधर ही शरद् काल की शोभा छाई दिखाई दे रही है।

(*Aloud*) Noble Vaihinari show me the way to the Sugang Palace

Chamberlain—This way sire, this way (*Acting going round* This is the Suganga Palace Let your honour ascend slowly

King (*Acting ascending and seeing the quarters*)—Oh, how beautiful are the quarters with the beauty of the autumnal season mixed with their beauty

शनैः शान्ता भूताः सितजलधरच्छेदपुलिनाः
समन्तादाकीर्णाः कलविरुतिभिः सारसकुलैः।
चिताश्चित्राकारैर्निशि विकचनक्षत्रकुमुदै-
र्नभस्तः स्यन्दन्ते सरित इव दीर्घा दश दिशः ॥७॥

अन्वय—शनै शान्ता भूता सितजलधरच्छेदपुलिना कलविरुतिभि सारसकुलै समन्नात् आकीर्णा दश दिश चित्राकारै विकचनक्षत्रकुमुदै चिता (सत्य) दीर्घा सरित इव नभस्त स्यन्दन्ते ॥७॥

हिन्दी अनुवाद—धीरे-धीरे निर्मल होते हुए श्वेत मेघ-खण्ड रूपी सिकतामय तटो से युक्त, मधुर तथा अव्यक्त ध्वनि करने वाले सारसो से परिव्याप्त और रात्रि के संयोग से विचित्र शोभा देने वाले नक्षत्ररूपी विकसित कुमुदो से अलकृत सुदीर्घ दसो दिशाये आकाश से नदी के समान प्रवाहित होती है। भाव यह है कि शरत्काल की बडी-बडी नदियाँ दिशाओ की भाँति मालूम पड रही है और दसो दिशाये नदियो की भाँति लग रही है। एक ओर तो मधुर स्वर करते हुए सारसो की पक्तियो से भरे हुए बालुकापुञ्ज ऐसे शान्त है मानो सफेद मेघ-खण्ड हो। दूसरी ओर धवल मेघो के टुकडे ऐसे नीरव दिखाई दे रहे है जैसे नदी-पुलिन हो। रग-बिरगे कुमुदो से भरी हुई नदियाँ एसी मालूम पड रही है मानो रग-बिरगे तारो से भरी हुई दिशाये हो। दूसरी ओर आकाश की ये दिशाये ऐसी लग रही है मानो चित्र-विचित्र कुमुदो से भरी नदियाँ हो। दिशाएँ नदी के समान और

नदी दिशाओं के समान होने से पारस्परिक उपमानोपमेय हुआ। इसलिए उपमानो-पमालंकार है। पर कुछ लोगों का मत है कि यह उपमा अलंकार ही है।

Gradually [illegible] dry and being crowded all round with flocks of [illegible] sweet [illegible], and being strewn at night with [illegible] stars uncovered [illegible] ten quarters, extend from the [illegible] like so many great rivers, and the masses of white clouds seem [illegible] banks.

संस्कृत व्याख्या—शनैः शनैः शान्ता भूता वर्षमुक्ता सितजलच्छेद-पुलिना सिता शुभ्रा जलधरच्छेदा पुलिनानीव सैकतानीव यासां ताः धवल-जलदवद्धकण्ठा कलविरुतिभिः मधुरमधुरध्वनिभिः सारसकुलैः समन्तात् सर्वत आकीर्णा व्याप्ता [illegible] ता निशि रात्रौ चित्राकारैः अद्भुत-दर्शनैः विकचनक्षत्रकुमुदैः विकचानि ज्योतिर्मयानि नक्षत्राणि कुमुदानीव तैः प्रफुल्लकुमुदसदृशनक्षत्रैः चिता आकुला समाकीर्णाः सत्यः दीर्घा आयताः सरित इव नद्य इव नभस्तः आकाशात् स्यन्दन्ते प्रसरन्ति।

टिप्पणी

(१) **वैहीनरे**—विहीनो नरः कामभोगात् स्यात् इति विहीनरः पृषोदरादित्वात् नलोपः। विहीनरस्य अपत्यं वैहीनरिः विहीनर+इञ्, तत्सम्बोधने वैहीनरे इति। यह कञ्चुकी का नाम है। (२) **शरत्समयसम्भृतशोभानाम्**—शरद् समय के कारण बढ़ी हुई शोभा के ऐश्वर्य से युक्त। यह दिशाम् का विशेषण है। शरदेव समयः तेन सम्भृता उपचिता शोभा यासाम् ताः तासाम्। (३) **सितजल-धरच्छेदपुलिनाः**—बालुकामय तट के समान उज्ज्वल मेघ-खण्डों से युक्त। जलानां धराः जलधराः तेषां छेदाः जलधरच्छेदाः सिताः जलधरच्छेदाः ते पुलिनानि इव इति सितजलधरच्छेदपुलिनानि तानि सन्ति आसाम् इति सितजलधरच्छेदपुलिन+अच् मत्वर्थे। यह दिशः का विशेषण है। (४) **आकीर्णाः**—व्याप्त। आ+कॄ+क्त। (५) **विकचनक्षत्रकुमुदैः**—विगताः कचाः एषाम् इति विकचानि (जिनके बाल नहीं हैं अर्थात् बादल के पर्दे से रहित) तादृशानि नक्षत्राणि तानि कुमुदानि इव तैः। नक्षत्र हैं कुमुद के समान। (६) **नभस्तः**—आकाश से। (७) **स्यन्दन्ते**—निकलती हैं, प्रवाहित हो रही हैं। इसमें उपमेयोपमा अलंकार है। शिखरिणी छन्द है। पर कुछ लोग इसमें उपमा ही अलंकार मानते हैं।

अपामुद्धत्तानां निजमुपदिशन्त्या स्थितिपदं
दधत्या शालीनामवनतिमुदारे सति फले।

मयूराणामुग्रं विषमिव हरन्त्या मदमहो
कृतः कृत्स्नस्यायं विनय इव लोकस्य शरदा ।।८।।

अन्वय—अहो ! उद्वृत्तानाम् अपा निज स्थितिपदम् उपदिशन्त्या शालीना फले उदारे नति अवनति दधत्या मयूराणा विषमिव उग्र मद हरन्त्या शरदा कृत्स्नस्य लोकस्य अय विनय कृत इव ।।८।।

हिन्दी अनुवाद—आश्चर्य है कि किनारो को तोड कर बहने वाले जलो को स्वाभाविक स्थान का ज्ञान कराती हुई, फल लगने पर (पक जाने पर) धानों को नम्र बनाती हुई और मोरो के तीक्ष्ण विष के समान मद को हरती हुई मानो शरद् ने सारे संसार को इस विनय की शिक्षा दी है।

भाव यह है कि शरद् ऋतु को एक शिक्षक के समान माना है जो सारे संसार को नम्रता का भाव सिखा रही है। वर्षा में नदियाँ उमड कर बहती है पर शरद् में उनका जल कम हो जाता है, और बाढ समाप्त हो जाती है। इससे यह बताया कि मनमानी करने वाली प्रजा को मर्यादा में रहना सिखा रही है। एक तरफ भरपूर पके धानो के गुच्छो से लदे हुए धान के खेत धरती पर ऐसे झुके बना दिए गए है जैसे मनोवाछित धन-सम्पदा को पाकर प्रजा राजा के सामने झुकने को बाध्य कर दी जाती है। चारो ओर मयूरो की केका-ध्वनि का मद इस प्रकार चूर किया जा रहा है जैसे प्रजाओ में राज-विद्रोह का भयङ्कर विष शान्त किया जाता है।

O, it seems as if the autumn is teaching modesty or manners to the whole world, by pointing out their natural place and location to waters that had overflown the banks (of rivers), by making the paddies stoop when the crop becomes mature, by removing the turbulence of peacoks unbearable like poison

संस्कृत व्याख्या—उद्वृताना वर्षर्तौ जलप्लावेन स्वप्रवाहपथमुत्सृज्य यत्र कुत्रचित् सर्वत्र वा प्रवृत्तानाम् उन्मार्गगामिनाम् अपा जलसम्पदा नन्दानुरक्ताना प्रजानामिति ध्वनि निज स्वाभाविक स्थितिपद प्रवाहस्थान मर्यादामितिध्वनि उपदिशन्त्या बोधयन्त्या शालीना धान्यविशेषाणाम् फले प्रसवे उदारे परिणते सति अथवा सस्यादौ फले प्रभूते सजाते अवनति नम्रता दधत्या धारयन्त्या मयूराणाम् बर्हिणा प्रतिपक्षिवर्त्तिना विशिष्टपुरुषाणामितिध्वनि विषमिव गरलमिव उग्रम् तीक्ष्णम् मद गर्व हरन्त्या दूरीकुर्वन्त्या अनया शरदा कृत्स्नस्य सम्पूर्णस्य लोकस्य चराचरस्य जगत प्रकृतिवर्गस्येति ध्वनि अयम् एष विनय उपदेश कृत इव विहित इव।

टिप्पणी

(१) **उद्वृत्तानाम्**—किनारों को काटकर बहने वाले। अपा का विशेषण है। उद्—वृत्—क्त। वर्षा में नदी-नाले उमड पडते हैं पर शरद् में सब शान्त हो जाते हैं। इसमें यह उत्प्रेक्षा की है कि शरद् सब को नम्रता सिखाती है। उद—वृत्—क्त कर्तरि=उद्वृत्ता। उत्क्रान्ता वृत्तम् इति उद्वृत्ता 'अत्यादय क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया' इत्यनेन प्रादिसमास। (२) **उपदिशन्त्या**—उपदेश देती हुई। उप—दिश्+शतृ—ङीप् (३) **स्थितिपदम्**—स्वाभाविक स्थान, मर्यादा। (४) **मयूराणाम् मदम्**—वर्षा में मोर खूब नाचते हैं, शोर करते हैं पर शरद् में वे शान्त रहते हैं इस प्रकार शरद् मानो नम्रता की शिक्षा दे रही है। इसी प्रकार धान के पौधे भी फलभार में झुक जाते हैं वे भी विनीत होने की शिक्षा दे रहे हैं। यहाँ तीन बातों की ओर सकेत किया गया है—(१) अत्यन्त उच्छृङ्खल मलयकेतु का भावी निग्रह। (२) राक्षस के, विष के समान अत्यन्त उग्र पराक्रम और नीतिविषयक गर्व का अपहरण। (३) साम्राज्य रूपी फल को प्राप्त करने वाले अत्यन्त उन्नतिशील चन्द्रगुप्त की विनय सम्पत्ति। इसमें शिखरिणी छन्द है। पूर्णोपमा और उत्प्रेक्षालकार का योग है।

अपि च—भर्तुस्तथा कलुषितां बहुवल्लभस्य
मार्गे कथञ्चिदवतार्य तनूभवन्तीम्।
सर्वात्मना रतिकथाचतुरेव दूती
गङ्गां शरन्नयति सिन्धुपतिं प्रसन्नाम्॥९॥

अन्वय—तथा कलुषिता तनूभवन्ती सर्वात्मना प्रसन्ना गङ्गा रतिकथा-चतुरा दूती इव शरत् बहुवल्लभस्य भर्तुर्मार्गे कथञ्चित् अवतार्य सिन्धुपति नयति॥९॥

हिन्दी अनुवाद—प्रेम की कथाओ में दक्ष दूती जिस प्रकार खंडिता नायिका को बहुपत्नीक स्वामी के पास जाने के मार्ग पर उपस्थित कर उसे प्रसन्नचित्त कर स्वामी से मिलाती है। उसी प्रकार शरद् ऋतु कृशसलिला गंगा को सागराभिमुखी कर और उसको निर्मलता तथा कृशता द्वारा प्रसन्न कर समुद्र से मिलाती है। गंगा की उपमा एक खीझी हुई नायिका से दी गई है और शरद्-ऋतु की उपमा एक दूती से दी गई है जो प्रेम कथा कहने में दक्ष हो। नायिका को जैसे दूती उसके अनेक पत्नीवाले स्वामी से मिलाती है उसी प्रकार शरद्

ऋतु गगा का जल निर्मल कर उसे समुद्र से, जिसकी पत्नियाँ नदियाँ हैं, मिलाती है। इसमे अर्थश्लेषानुप्राणित पूर्णोपमालकार है।

The autumn, like a female messenger clever at talking of love leads Ganga, clear all over to the sea who is the lord of streams Ganga who is somehow brought down and is now becoming thin is like a lady who is angry with her many-wived husband

सस्कृत व्याख्या—तथा तेन प्रकारेण कलुषिताम् तनूभवन्तीम् सर्वात्मना प्रसन्नाम् इमा गङ्गामपि रतिकथाचतुरा प्रियवार्तानिवेदननिपुणा दूती इव बहुवल्लभस्य अनेकसरिद्भार्यस्य भर्तुः सरितामाने समुद्रस्य मार्गे कथञ्चित् तत्-प्रापणपथे अवतार्य नीत्वा सिन्धुपति सागर नयति प्रापयति। प्रावृषि सर्वतः प्रधाविता गङ्गा अधुना शरदि निजप्रवाहाणामुचितेन मार्गेण वहति इति भाव। नायिका पक्षे बहुवल्लभस्य भर्तुः कलुषिता मनोमालिन्यवतीम् अतएव तनूभवन्तीम् अल्पीभवन्तीम् अनुपसर्पणात् दृष्टेरविषयीभवन्तीम् गङ्गामपि नायिका कथचित् मार्गे अवतार्य उन्मार्गगमनात् रक्षित्वा रतिकथाचतुरा दूतीव शरत् सर्वात्मना साकल्येन प्रसन्नाम् इमाम् अकलुषा सिन्धुनायक पति नयति।

टिप्पणी

(१) **कलुषिताम्**—वर्षा मे कीचड की अधिकता से गन्दी (गगा), पति का अनेक पत्नियो मे प्रेम करने के कारण ईर्ष्यालु (नायिका)। (२) **तनूभवन्तीम्**—वर्षा बीतने पर पतली या क्षीण धारावाली (गङ्गा), दुबली पतली (नायिका)। अतनु तनु भवन्ती इति तनु+च्वि, दीर्घ—भू+शतृ (स्त्रियाम्) ङीप्। (३) **रतिकथाचतुरा दूती**—प्रेमवार्ता कहने मे चतुर दूती (के समान शरद्) जैसे चतुर दूती रुष्ट नायिका को पति से मिला देती है उसी प्रकार शरद् गङ्गा को निर्मल कर समुद्र मे मिलाती है। (४) **अवतार्य्य**—उतार कर, ले जाकर। अव+तॄ+णिच्+ल्यप्। (५) **सिन्धुपतिम्**—समुद्ररूपी पति अथवा सिधूनाम् नदीनाम् पति अर्थात् नदियो का पति समुद्र। इस श्लोक मे चन्द्रगुप्त के अभ्युदय की ध्वनि निकलती है। चाणक्य की नीति राज्यलक्ष्मी को चन्द्रगुप्त के पास लाती है। इस श्लोक मे उपमा अलकार तथा वसन्ततिलका छन्द है।

(समन्तान्नाट्येनावलोक्य) अये कथमप्रवृत्तकौमुदीमहोत्सवम् कुसुमपुरम्। आर्य्य वैहीनरे अथ अस्मद्वचनात् आघोषितः कुसुमपुरे कौमुदीमहोत्सवः।

कञ्चुकी—देव ! अथ किम् ?

राजा—आर्य ! तदेवं किं न परिगृहीतमस्मदवचनं पौरजनेन ?

कञ्चुकी—(कर्णौ पिधाय) देव ! शान्तं पापं, शान्तं पापं, पृथिव्यामस्खलितपूर्वं देवस्य शासनं कथं पौरेषु स्खलितुमर्हति ?

राजा—आर्य वैहीनरे ! तत् कथमप्रवृत्तकौमुदीमहोत्सव-मद्युनाऽपि कुसुमपुरं पश्यामि ? पश्य—

हिन्दी अनुवाद—(चारो तरफ अभिनय पूर्वक देखकर) अरे ! कुसुमपुर मे कौमुदी महोत्सव क्यो नही मनाया जा रहा है ? आर्य वैहीनरि, क्या मेरी आज्ञा से कुसुमपुर मे कौमुदी-महोत्सव घोषित कर दिया गया था ?

कञ्चुकी—हाँ

राजा—आर्य, तो पुरवासियो ने मेरी बात क्यो नही मानी ?

कञ्चुकी—(कान बन्द करके) महाराज, पाप शान्त हो, पाप शान्त हो। पाटलिपुत्र के लोग भला आप की आज्ञा कैसे न मानेगे जब सारा संसार मान रहा है।

राजा—आर्य वैहीनरि, तो मैं अब भी कुसुमपुर को बिना कौमुदीमहोत्सव के क्यो देख रहा हूँ ? देखो—

(*Acts looking all round*) Ha, how is it that Kaumudi festival is not being celebrated in Kusumpura Noble Vaihinari, was the celebration of Kaumudi festival proclaimed in my name at Kusumpura ?

Chamberlain—Yes

King—Then why my orders were not carried out by the citizens ?

Chamberlain (*closing his ears*)—Begone sir, Begone sir. Why will not the citizens of Pataliputra carry out your orders, when the whole world is carrying it out

King—Noble Vaihinari, how is it that even now Kusumpura has not commenced the Kaumudi festival

टिप्पणी

(१) **अप्रवृत्तकौमुदीमहोत्सवम्**—जहाँ कौमुदी महोत्सव नही मनाया जा रहा है। अप्रवृत्त कौमुदीमहोत्सव यस्मिन् स तम् (ब० व्री०)। (२) **अस्खलित-पूर्वम्**—पहले जो कभी नही खाली गया था या अमान्य था। स्खल्+क्त कर्तरि=

स्खलिनम्, पूर्वं स्खलिनम् (सुप्सुपा स०) 'भूतपूर्वे चरट्' इति निर्देशात् पूर्वशब्दस्य परनिपात । न स्खलितपूर्वम् इति अस्खलितपूर्वम् नञ् समास ।

धूर्तैरन्वीयमानाः स्फुटचतुरकथाकोविदैर्वेशनार्यो
नालङ्कुर्वन्ति रथ्याः पृथुजघनभराक्रान्तिमन्दैः प्रयातैः ।
अन्योन्यं स्पर्धमाना न च गृहविभवैः स्वामिनो मुक्तशङ्काः
साकं स्त्रीभिर्भजन्ते विधिमभिलषितं पार्वणं पौरमुख्याः ।।१०।।

अन्वय—स्फुटचतुरकथाकोविदै धूर्तै अन्वीयमाना वेशनार्य पृथुजघनभराक्रान्तिमन्दै प्रयातै रथ्या न अलङ्कुर्वन्ति। स्वामिनो मुक्तशङ्का पौरमुख्याश्च गृहविभवै अन्योन्य स्पर्धमाना (सन्त) स्त्रीभि साकम् अभिलषित पार्वण विधि न भजन्ते ।।१०।।

हिन्दी अनुवाद—बातचीत में निपुण धूर्त नागरिकों के साथ भारी नितम्बो के बोझ से धीरे-धीरे चलने वाली वेश्यायें राजमार्ग को सुशोभित नही कर रही हैं। ऐश्वर्यशाली नगरवासी भी अपने वैभवो के प्रदर्शन मे पारस्परिक स्पर्धा दिखलाते हुए निश्शक स्त्रियो के साथ इस उत्सव में योग नही दे रहे हैं।

Public women, followed by gay lovers versed in free clever conversation, do not adorn the street with slow movements due to the weight of the heavy hips Even the leading citizens, with their fear from the king being removed, do not compete with one another in the decoration of their houses and take part in the celebration of the Kaumudi festival along with their women

सस्कृत व्याख्या—वेशनार्य्य बारवनिता स्फुटचतुरकथाकोविदै स्फुटा स्पष्टा अगूढा इत्यर्थ चतुरा कुशला या कथा वाच तासु कोविदै विचक्षणै धूर्तै विटै अन्वीयमाना अनुगम्यमाना पृथुजघनभराक्रान्तिमन्दै पृथो स्थूलस्य जघनस्य यो भर गुरुता तस्य आक्रान्त्या आरोपणेन मन्दै अलसै प्रयातै स्वगमनागमै रथ्या राजमार्गान् न अलङ्कुर्वन्ति न शोभयन्ति न भूषयन्ति वा। स्वामिन मुक्तशङ्का भूपात् शङ्कारहिता भूत्वा पौरमुख्याश्च नगरवासिप्रमुखा गृहविभवै स्वगृहसम्पत्तिभि अन्योन्य स्पर्धमाना परस्पर विजयैषिण स्त्रीभि साकम् स्वपत्नीभि समम् अभिलषित ईप्सितम् पार्वणम् विधिम् पूर्णिमाचारम् कौमुदीमहोत्सवम् इत्यर्थ न भजन्ते न सेवमाना दृश्यन्ते ।

टिप्पणी

(१) **स्फुटचतुरकथाकोविदै.**—स्पष्ट एव चातुर्यपूर्ण वार्तालाप मे प्रवीण। कौति इति कु (शब्दे)—विच् कर्तरि=को=वेद । वेत्ति इति विद्+क कर्तरि= विद । को विद कोविद (षष्ठीतत्०)। (२) **वेशनार्य्य.**—वेश्याये। (३) **अन्वीयमाना:**—अनुमरण की जाती हुई, अनु+इ+शानच्। (४) **स्वामिनः**—मालिक से, राजा से। स्व धनमस्तीति अस्य। स्व+आमिन् मत्वर्थे तस्मात्—यह स्वामिन् का पञ्चमी का रूप है। (५) **मुक्तशङ्का:**—निर्भय होकर। चन्द्रगुप्त के राज्य मे यह भय नही था कि राजा उनके धन को छीन लेगा। पर नन्द के राज्य मे धनियो का धन राजा द्वारा ले लिया जाता था, अत वे उसका प्रदर्शन नही करते थे। पर चन्द्रगुप्त के राज्य मे वे शङ्कारहित थे। (६) **पार्वणम्**—कौमुदी महोत्सव। अमावास्या और पूर्णिमा को पर्व कहते है। यहाँ पूर्णिमा से मतलब है। पर्वणिभव इति पार्वण। पर्वन्+अण्। (७) **पृथुजघनभराक्रान्तिमंदैः प्रयातैः**—मोटे नितम्बो के भार के कारण मद गमनो से। पृथो जघनस्य यो भर तस्य आक्रान्त्या मन्दै प्रयातै गमनै। प्र+या+क्त, तृतीया बहुवचने विभक्तिकार्यम्=प्रयातै। यहाँ स्रग्धरा छन्द है, स्वभावोक्ति अलकार है।

कञ्चुकी—देव ! एवमेतत्।

राजा—किमेतत् ?

कञ्चुकी—देव ! अत इदम्—।

राजा—आर्य ! स्फुटमभिधीयताम्।

कञ्चुकी—'देव ! प्रतिषिद्धः कौमुदीमहोत्सवः।

राजा—(सक्रोधम्) आः केन ?

कञ्चुकी—नातः परमस्माभिर्देवो विज्ञापयितुं शक्यते।

राजा—न खल्वार्येण चाणक्येनापहृतः प्रेक्षकाणामतिशयरमणीयश्चक्षुषो विषयः ?

कञ्चुकी—देव ! कोऽन्यो जीवितुकामो देवस्य शासनमतिवर्तेत ?

राजा—शोणोत्तरे ! उपवेष्टुमिच्छामि।

प्रतीहारी——देव ! एदं सिंहासणं । उपविसदु देवो । (देव ! एतत् सिंहासनम् । उपविशतु देवः ।)

राजा——(नाटयेनोपविश्य) आर्य वैहीनरे ! आर्यचाणक्यं द्रष्टुमिच्छामि ।

कञ्चुकी——यदाज्ञापयति देवः । (इति निष्क्रान्तः)

(ततः प्रविशत्यासनस्थः स्वभवनगतः कोपानुविद्धां चिन्तां नाटयन् चाणक्यः ।)

चाणक्यः——(आत्मगतम्) कथं स्पर्धते मया सह दुरात्मा राक्षसहतकः ! कुतः ?——

हिन्दी अनुवाद——कञ्चुकी——महाराज, यह ऐसा ही है।

राजा——यह क्या है ?

कञ्चुकी——महाराज, इसलिए यह।

राजा——आर्य, साफ-साफ कहिए।

कञ्चुकी——महाराज, कौमुदीमहोत्सव मना कर दिया गया है।

राजा——(क्रोध से) अरे किसके द्वारा ?

कञ्चुकी——इसके आगे मै महाराज से नही कह सकता।

राजा——क्या आर्य चाणक्य ने देखने वालो को आँखो के इस सुन्दर दृश्य से तो वचित नही कर दिया ?

कञ्चुकी——महाराज, दूसरा अपने जीवन से ममता रखने वाला ऐसा कौन है जो आपकी आज्ञा का उल्लंघन करे।

राजा——शोणोत्तरे, मैं बैठना चाहता हूँ।

प्रतीहारी——महाराज, यह सिहसान है, आप विराजे।

राजा——(बैठने का अभिनय करके) आर्य वैहीनरि, आर्य चाणक्य को देखना चाहता हूँ।

कञ्चुकी——जो महाराज की आज्ञा (बाहर जाता है)।

(तब अपने भवन में आसन पर विराजमान क्रोधपूर्वक चिन्ता का अभिनय करते हुए चाणक्य का प्रवेश)

चाणक्य——(मन में) दुष्ट राक्षस मेरे साथ क्यो स्पर्धा कर रहा है क्योकि——

Chamberlain—It is indeed so

King—What is it ?

Chamberlain—Sire, therefore this

King—Speak out plainly

Chamberlain—Sire, the Kaumudi festival has been forbidden.

King (With anger)—Ha, by whom ?

Chamberlain—Sire, I cannot tell you anything more than this

King—Really, has this scene delightful to the eyes of on-lookers been removed by Noble Chanakya ?

Chamberlain—Sire who else with the desire of living, can over-rule sire's command ?

King—Sonottara I wish to sit down

Warder—Sire here is the throne

King (Acting sitting down)—Noble Vahinari, I wish to see Noble Chanakya

Chamberlain—As Sire commands (*Goes out*)

(Then enter on a seat, in his own house Chanakya acting anxiety mixed with anger)

How so, this wicked Rakshas wants to compete with me

कृतागाः कौटिल्यो भुजग इव निर्याय नगराद्
यथा नन्दान् हत्वा नृपतिमकरोन्मौर्यवृषलम् ।
तथाहं मौर्येन्दोः श्रियमपहरामीति कृतधीः
प्रभावं मद्बुद्धेरतिशयितुमेष व्यवसितः ॥११॥

अन्वय—यथा कृतागा कोटिल्य भुजग इव नगरात् निर्याय नन्दान् हत्वा मौर्यवृषलं नृपतिम् अकरोत् तथा अहं मौर्येन्दो श्रियम् अपहरामि इति कृतधी एष मद्बुद्धे प्रभावम् अतिशयितु व्यवसित ।

हिन्दी अनुवाद—कृतानिष्ट सर्प के समान अपमानित होकर जिस प्रकार चाणक्य ने नगर से निकल कर नन्दो का नाश करके वृषल मौर्य को राजा बनाया "उसी प्रकार मैं भी चन्द्रगुप्त की राज्यलक्ष्मी का अपहरण करूँगा" ऐसा सकल्प कर यह राक्षस मेरी महद्बुद्धि का अतिक्रमण करना चाहता है।

Has this fellow Rakshasa made up his mind to surpass me in wit with this intention—"I will wrest the fortune of the moon-like Maurya just as Kautilya who, being insulted, went out of the city like a molested snake and, having destroyed all the Nandas, made Maurya a king"

सस्कृत व्याख्या—यथा कृतागा नन्देन कृताप्रिय कौटिल्य चाणक्य भुजग इव पादादिप्रहत सर्प इव नगरात् पाटलिपुत्रात् निर्याय बहि नि सृत्य नन्दान् नन्दवंशीयान् हत्वा मौर्यवृषलम् चन्द्रगुप्त राजानमकरोत् तथा एष राक्षस मौर्येन्दो मौर्यवंशचन्द्रमस चन्द्रगुप्तस्य श्रियम् राज्यलक्ष्मीम् अपहरामि आत्मसात्

करिष्यामि इति अनेन प्रकारेण कृतधी कृता कल्पिता धी मति येन तादृश कृतसकल्प मद्बुद्धे मदीयाया नीते प्रभावम् सामर्थ्यम् अतिशयितुम् अतिवर्तितु व्यवसित उद्यत । स हि मन्यते मद्बुद्धे अपि आत्मन बुद्धि प्रकृष्टा इति अहो भ्रम इति भाव ।

टिप्पणी

(१) **कोपानुविद्धाम्**—क्रोध से मिली हुई। कोपेन अनुविद्धाम् इति । अनु+व्यध्+क्त । (२) **भुजग इव**—सर्प के समान । भुजेन कुटिलगत्या गच्छतीति भुज+गम्+ड । पादाहत साँप जैसे क्रुद्ध होकर बदला लेने की सोचता है उसी प्रकार कौटिल्य ने भी बदला लेने को सोच लिया था। (३) **कृतागाः**—जिसका अनिष्ट किया गया हो । नन्दो ने एक बार ब्राह्मणभोज के अवसर पर चाणक्य का अपमान किया था । उन लोगो ने उसे यथोचित आसन नही दिया तथा तिरस्कारपूर्वक वहाँ मे निकाल दिया था । कृतम् आचरितम् आग अपराध यस्मिन् स कृतागा (ब० व्री०) (४) **मौर्येन्दोः**—मौर्यवश के चन्द्रमा का। (५) **प्रकर्षम्**—बडप्पन, श्रेष्ठता । प्र+कृष्+घञ् । (६) **अतिशयितुम्**—बढने के लिए। अति+शी+तुमुन् । (७) **व्यवसित**·—उद्यत । तैयार । वि+अव+सो+क्त । राक्षस मेरी बुद्धि को भी अतिक्रमण करना चाहता है। यह उसका भ्रम है। यहाँ उपमा अलङ्कार और शिखरिणी छन्द है।

(प्रत्यक्षवदाकाशे लक्ष्यं बद्ध्वा) राक्षस ! राक्षस ! विरम्यतामस्माद्दुर्व्यवसितात् ।

उत्सिक्तः कुसचिवदृष्टराज्यतन्त्रो
नन्दोऽसौ न भवति चन्द्रगुप्त एषः ।
चाणक्यस्त्वमपि च नैव केवलं ते
साधर्म्यं मदनुकृतेः प्रधानवैरम् ॥१२॥

अन्वय—एष चन्द्रगुप्त उत्सिक्त कुसचिवदृष्टराज्यतन्त्र असौ नन्द न भवति । त्वमपि च नैव चाणक्य । केवल प्रधानवैर ते मदनुकृते साधर्म्यम् ॥१२॥

हिन्दी अनुवाद—(आकाश में प्रत्यक्ष देखते हुए की तरह दृष्टि बाँधकर) राक्षस, राक्षस, इस दुष्प्रयत्न को त्याग दो। चन्द्रगुप्त उद्धत नन्द नहीं है जिसका राजकाज दुष्ट मंत्रियों के ही ऊपर निर्भर था और न तुम चाणक्य ही हो। हमारे और तुम्हारे कामो में यही समता है कि दोनों ने राजाओ से बैर मोल लिया।

भाव यह है कि चाणक्य की बराबरी करना तुम्हारी धृष्टता है। साम्य यही है कि तुम चन्द्रगुप्त के वैसे ही शत्रु बन रहे हो जैसे मैं नन्द का। चन्द्रगुप्त कहाँ और कहाँ तुम्हारे सरीखे विवेकहीन मंत्रियो पर राज्य-भार छोड़ने वाला नन्द।

(*Looking at the sky*) Rakshasa, Rakshasa, desist from this mad pursuit This is King Chandragupta, not the haughty Nanda whose state-affairs were managed by bad ministers You too are not Chanakya In imitating me the common quality is our enemity with kings (I am enemy of Nanda and you are the enemy of Chandragupta)

संस्कृत व्याख्या—राक्षस ! कि न जानीषे यदेष चन्द्रगुप्त मौर्यवशेन्दु मही विजिगीषु उत्सिक्त गर्वित कुसचिवदृष्टराज्यतत्र कुसिचवै दृप्ट सचालित राज्यतत्र यस्य स तथाविधोऽसौ मृतो नन्दो न भवति। नन्दमौर्ययो महदन्तर-मिति भाव त्वमपि च नैव चाणक्य कौटिल्य केवलम् एकम् प्रधानवैरम् मुख्य-शत्रुता ते तव मदनुकृते ममानुकरणस्य साधर्म्यम् मादृश्यम्। अर्थात् मम इव तवापि राज्ञा विरोध एतन्मात्रम् आवयो समता। चन्द्रगुप्तात् हीन नन्दः त्वम् च चाणक्यात् हीन । तस्मात् विरम्यताम् अस्माद्दुर्व्यसनात्।

टिप्पणी

(१) **दुर्व्यसनात्**—बुरे काम मे। "जुगुप्साविराम" आदि से यहाँ पञ्चमी हुई है। (२) **साधर्म्यम्**—समानता। बरावरी। समानो धर्म सधर्म (कर्म० स०), समान इत्यस्य सादेश । स एव इति सधर्म+ष्यञ् स्वार्थे। (३) **प्रधानवैरम्**—राजा से वैर। चाणक्य के कहने का भाव यह है कि हमारी तुम्हारी बुद्धि बराबर नही हो सकती। समानता केवल यही है कि हम और तुम दोनो ने राजा से वैर मोल लिया है। परन्तु चन्द्रगुप्त नन्द से अच्छा है। अत तुम अपने काम से विरत हो जाओ। इसमे परिकर तथा व्यतिरेकालकार है और प्रहर्षिणी छन्द है।

(विचिन्त्य) अथवा नातिमात्रमस्मिन् वस्तुनि मया मनः खेदयितव्यम्। कुतः ?—

मद्भृत्यैः किल सोऽपि पर्वतसुतो व्याप्तः प्रविष्टान्तरै-
रुद्युक्ताश्च नियोगसाधनविधौ सिद्धार्थकाद्याः स्पशाः।
कृत्वा सम्प्रति कैतवेन कलहं मौर्येन्दुना राक्षसं
भेत्स्यामि स्वमतेन भेदकुशलो ह्येष प्रतीपं द्विषः॥१३॥

अन्वय—स पर्वतसुत अपि प्रविष्टान्तरै मद्भृत्यै व्याप्त किल च सिद्धार्थकाद्या स्पशा नियोगसाधनविधौ उद्युक्ता । सम्प्रति भेदकुशल (अहम्) कैतवेन मौर्येन्दुना कलह कृत्वा प्रतीप राक्षसम् एष स्वमतेन द्विष भेत्स्यामि ॥१३॥

हिन्दी अनुवाद—(सोचकर) अथवा इस विषय मे मुझे अपने मन को अधिक खिन्न नही करना चाहिए। क्योकि—वह पर्वतेश्वर का पुत्र मलयकेतु भी हृदय में पैठे हुए मेरे अनुचरो से घिरा हुआ है और सिद्धार्थक आदि गुप्तचर अपने कर्तव्य पालन मे लगे है। इस समय चन्द्रगुप्त से बनावटी कलह करके भेद नीति मे कुशल मै प्रतिकूल राक्षस को अपनी बुद्धि से शत्रु (मलयकेतु) से अलग कर दूँगा।

(*Thinking*) Or I should not trouble my mind too much in this matter why—He too, the son of Parvatak, is surrounded by my spies that have won his heart, spies like Siddharthaka and others are engaged in doing their duty I, who am expert in the policy of alienation, will alienate the enemical Rakshas from our enemy (Malayaketu) by my wit by picking up an artificial quarrel with Chandragupta

संस्कृत व्याख्या—स पर्वतसुत मलयकेतुरपि प्रविष्टान्तरै आयत्तीकृतशत्रुहृदयै मद्भृत्यै अस्मत्पक्षीयै सेवकै व्याप्त किल च समन्तात् सवृत एव तिष्ठति सिद्धार्थकाद्या सिद्धार्थकप्रमुखा स्पशा चरा नियोगसाधनविधौ अस्मदाज्ञानुष्ठानमहाकर्मणि च उद्युक्ता तत्परा । सम्प्रति इदानीम् भेदकुशल अहम् भेदे पार्थक्ये कुशल चतुर अहम् कैतवेन व्याजेन न तु वस्तुत मौर्येन्दुना चन्द्रगुप्तेन कलह कृत्वा विवाद कृत्वा प्रतीप मन्त्रीतिप्रभावात् प्रतिकूलतया प्रख्यायमान राक्षसम् एष अहम् स्वमतेन आत्मच्छन्देन द्विष शत्रो मलयकेतोरित्यर्थ भेत्स्यामि पृथक् करिष्यामि ।

टिप्पणी

(१) **प्रविष्टान्तरै**—अन्त करण मे प्रवेश पाने वालो से अर्थात् जिन लोगो ने हृदय मे विश्वास जमा लिया है। प्रविष्टम् आयत्तीकृतम् अन्त अन्त करण यै ते तै । (२) **उद्युक्ता**—तत्पर है। उद्+युज्+क्त । (३) **स्पशा**—गुप्तचरा । (४) **कैतवेन**—नकली । (५) **स्वमतेन**—अपनी बुद्धि से । (६) **भेत्स्यामि**—फूट पैदा कर दूंगा अर्थात् राक्षस को मलयकेतु से शत्रुता कराकर अलग कर दूँगा । क्योकि भागुरायण आदि चाणक्य के गुप्तचर है । इन लोगो ने मलयकेतु को अपने वश मे कर रखा है । सिद्धार्थक आदि भी चाणक्य

का ढेर है। चारों ओर छप्पर पर सुखाई जाने वाली समिधा के भार से घर झुका जा रहा है और दीवारें भी टूटी-फूटी हैं।

(*Going round and observing*) This is the house of Noble Chanakya (*Entering and seeing*) Oh, the magnificience of the minister of the king of kings. Thus on one side there is a piece of stone to break the cowdung, on the other side there is the heap of Kusa grass collected by the disciples, the house too is seen with old and broken walls and the corners of the roof are bending with the burden of sacrificial fuel that is being dried.

संस्कृत व्याख्या—शुष्काणाम् गोमयानाम् गोपुरीषपिण्डानाम् भेदकम् चूर्णनसाधकम् एतत् उपलशकलम् प्रस्तरखण्ड दृश्यते वटुभि शिष्यभूतै ब्राह्मणैः उपहृतानामानीतानाम् बर्हिषा कुशानाम् स्तोम समूह (दृश्यते) शुष्यमाणाभि शुष्यन्तीभि शुष्काभि च आभि दृश्यमानाभि. समिद्भि काष्ठै विनमितपटलान्तम् भाराधिक्यात् जीर्णशीर्णत्वाद्वा विभग्नतृणच्छादिप्रान्त जीर्णकुड्यम् विशीर्णमिति शरणमपि गृहमपि दृश्यते। अनेन अस्य अनासक्तियोगत्व दृश्यते।

टिप्पणी

(१) **राजाधिराजमन्त्रिणः**—राजाओ के राजा के मत्री का। अधिको राजा अधिराज (प्रादितत्०), समासान्तटच्प्रत्यय। राज्ञाम् अधिराज तस्य मन्त्री (षष्ठीतत्०), तस्य। (२) **उपलशकलम्**—पत्थर का टुकडा। (३) **गोमयानाम् भेदकम्**—कण्डो को तोडने के लिए। (४) **स्तोम**—समूह। (५) **शरणम्**—घर। (६) **विनमितपटलान्तम्**—जिसके छप्पर की ओलती झुक गई है। विनमित पटलान्त यस्य तत्। यह शरणम् का विशेषण है। (७) **जीर्णकुड्यम्**—पुरानी दीवालो वाला। जीर्णं कुड्य यस्य तत् शरणम्। "भित्ति स्त्री कुड्यम्" इत्यमर। इससे चाणक्य के घर की सादगी दिखाकर यह बताया है कि चाणक्य अपने वैभव के लिए कार्य नही कर रहा था। वह चन्द्रगुप्त के लिए कर रहा था। इससे बढकर अनासक्ति योग का क्या उदाहरण हो सकता है। इस श्लोक मे स्वभावोक्ति अलकार तथा मालिनी छन्द है। छन्द का लक्षण—'ननमयययुतेय मालिनी भोगिलोकै'।

तत् स्थाने खल्वस्य वृषलो देवश्चन्द्रगुप्त इति। कुतः—

स्तुवन्त्यश्रान्तास्याः क्षितिपतिमभूतैरपि गुणैः
प्रवाचः कार्पण्याद् यदवितथवाचोऽपि कृतिनः।

प्रभावस्तृष्णायाः स खलु सकलः स्यादितरथा
निरीहाणामीशस्तृणमिव तिरस्कारविषयः ।।१६।।

अन्वय—अवितथवाच कृतिन अपि यत् कार्पण्यात् प्रवाच (सन्त) अश्रान्तास्या (भूत्वा) अभूतैरपि गुणै क्षितिपति स्तुवन्ति स खलु तृष्णाया सकल प्रभाव । इतरथा निरीहाणाम् ईश तृणमिव तिरस्कारविषय स्यात् ।।१६।।

हिन्दी अनुवाद—तो चाणक्य का चन्द्रगुप्त को वृषल कहना उचित ही है, क्योंकि सत्य वचन बोलने वाले बडे-बड़े विद्वान् भी दीनतावश वाचाल होते हुए, राजा की झूठ ही प्रशंसा करते हैं जो गुण उसमें नही है उन गुणों का भी वे उसमें आरोप करके धन की लालच से उसकी स्तुति करते हैं। यह अवश्य ही तृष्णा का प्रभाव है। अन्यथा निरीह व्यक्ति के लिए तो राजा तृण के समान तिरस्कार का विषय है।

It is but proper that to him Sire Chandragupta is only a Vrishal For—It is due to greed that even learned men of truthful speech being helpless, flatter and praise a king with mouths untired even for those virtues which are not in him (*king*) But for those who have no desire the king is, like a straw, an object of contempt

संस्कृत व्याख्या—अवितथवाच सत्यवादिन कृतिन यशस्विन अपि यत् कार्पण्यात् दारिद्र्यात् प्रवाच वाचाला सन्त अश्रान्तास्या अश्रान्त श्रमरहित आस्यम् मुख येषा बहुभाषणेऽपि श्रमरहिता भूत्वा अभूतैरपि गुणै अविद्यमानैरपि गुणै क्षितिपति भूपाल स्तुवन्ति गायन्ति स खलु निश्चयेन तृष्णाया लोभस्य प्रभाव । इतरथा अन्यथा असति लोभे निरीहाणाम् तृष्णारहितानाम् ईश प्रभु राजा वा तृणमिव तिरस्कारविषय अनादरपात्रम् इति ।

टिप्पणी

(१) **तत्स्थाने खल्वस्य**—शूद्र स्त्री के गर्भ से उत्पन्न होने के कारण चन्द्रगुप्त को चाणक्य 'वृषल' कहता है। 'वृषल' का अर्थ है—शूद्र। किन्तु अब चन्द्रगुप्त सम्राट् है। उसे वृषल कहना विपत्ति को बुलाना है। परन्तु धन्य है चाणक्य की नि स्पृहता जिससे वह सम्राट् को भी दास के समान वृषल कहकर पुकारता है। (२) **अवितथवाचः**—सत्यवादी लोग। अवितथा वाक् येषा ते। (३) **कृतिनः**—विद्वान् लोग। (४) **अश्रान्तास्या**—मुँह थकता नही जिनका। अश्रान्तम् आस्य येषा ते अश्रान्तास्या । प्रशसा करते-करते उनका मुँह थकता

नहीं। (५) अभूतैरपि गुणैः—जो गुण राजा मे नही है उन गुणो का भी आरोप करके। (६) इतरथा—नही तो। यह तृष्णा का ही प्रभाव है कि बडे-बडे सत्यवादी विद्वान् राजाओ की झूठी प्रशसा करते है। एक हिन्दी कवि ने भी कहा है—'दिए लोभ चशमा दृगन लघु पुनि बडो दिखात'। उपमा अलकार और शिखरिणी छन्द है।

(अवलोक्य सभयम्) तदयमार्यचाणक्यस्तिष्ठति।

यो नन्दमौर्यनृपयोः परिभूय लोक-
मस्तोदयौ प्रतिदिशन्नविभिन्नकालम्।
पर्यायपातितहिमोष्णमसर्वगामि
धाम्नातिशाययति धाम सहस्रधाम्नः ॥१७॥

अन्वय—य लोक परिभूय अविभिन्नकाल नन्दमौर्यनृपयो अस्तोदयौ प्रतिदिशन् सहस्रधाम्न असर्वगामि पर्यायपातितहिमोष्ण धाम धाम्ना अतिशाययति ॥१७॥

हिन्दी अनुवाद—(देखकर भयभीत होकर) **अरे यह आर्य चाणक्य विराजमान है। जो अपने तेज से सहस्र किरण वाले सूर्य के भी तेज को नीचा दिखाते है। कहाँ तो इनका तेज सारे ससार का सहसा आक्रामक और नन्दराज और मौर्यराज का अस्त और उदय करने वाला और कहाँ सूर्य का तेज जो सर्दी और गरमी का क्रमश. करने वाला है।**

(*Observing with awe*) Oh, here is sitting Noble Chanakya who—Simultaneously caused the fall and the rise of the Nandas and the Maurya king respectively defying the world and thus causes his glory to surpass the glory of the thousand-rayed sun, which does not reach everywhere at the same time and imparts heat and cold by turns

संस्कृत व्याख्या—य चाणक्य लोकम् ससारम् परिभूय अगणयित्वा अविभिन्नकालम् युगपत् नन्दमौर्यनृपयो नृपस्य नन्दस्य मौर्यस्य च अस्तोदयौ ह्रासोपचयौ प्रतिदिशन् ददत् सहस्रधाम्न सूर्यस्य असर्वगामि युगपदेव सकल लोक गन्तु यन्न शक्नोति तादृशम् पर्यायपातितहिमोष्णम् पर्यायेण कालक्रमेण पातितम् अवतारितम् हिम शीतम् उष्णम् आतपश्च येन तादृश धाम तेज धाम्ना स्वतेजसा अतिशाययति अतिक्रामयति।

टिप्पणी

(१) **लोकम्**—ससार को। ढुण्डिराज टीकाकार का कहना है कि सूर्य पक्ष मे लोकम् का अर्थ है लोकालोक पर्वत। (२) **पर्यायपातितहिमोष्णम्**—बारी-बारी से गर्मी और शीत का करने वाला। परि+आ+इ+अच् अथवा अय्+घञ् भावे=पर्याय। हिमम् च उष्ण च हिमोष्णे। पर्यायेण पातिते हिमोष्णे येन तत्। यह धाम का विशेषण है। (३) **असर्वगामि**—जो सब जगह नही जा सकता। (४) **अतिशाययति**—अतिक्रमण कर रहा है। भाव यह है कि सूर्य तो बारी-बारी से सरदी और गर्मी देता है पर चाणक्य ने साथ ही साथ नन्दवश का नाश (शीत) और मौर्य-वश का उदय (गर्मी) किया। इसलिए चाणक्य का तेज अधिक हुआ, क्योकि वह साथ ही साथ दोनो वस्तुओ का करने वाला है। यहाँ अतिशयोक्ति अलकार और वसन्ततिलका छन्द है।

(जानुभ्याम् भूमौ निपत्य) जयतु जयत्वार्यः।

चाणक्यः—(नाट्येनावलोक्य) वहीनरे! किमागमनप्रयोजनम्!

कञ्चुकी—आर्य! प्रणतसम्भ्रमसमुच्चलितभूमिपालमौलिमालामाणिक्यशकलशिखापिशङ्गीकृतपादपद्मयुगलः सुगृहीतनामधेयो देवश्चन्द्रगुप्त आर्यं शिरसा प्रणिपत्य विज्ञापयति—'अकृतक्रियान्तरायमार्यं द्रष्टुमिच्छामि' इति।

चाणक्यः—वृषलो मां द्रष्टुमिच्छति? वैहीनरे! न खलु वृषलश्रवणपथगतोऽयं मत्कृतः कौमुदीमहोत्सवप्रतिषेधः?

कञ्चुकी—आर्य! अथ किम्?

चाणक्यः—(सक्रोधम्) आः! केन कथितम्?

कञ्चुकी—(भयं नाटयित्वा) प्रसीदत्वार्यः। स्वयमेव सुगाङ्गप्रासादशिखरगतेन देवेनावलोकितमप्रवृत्तकौमुदीमहोत्सवं कुसुमपुरम्।

चाणक्यः—आः! ज्ञातम्। भवद्भिरेव मदन्तरा प्रोत्साह्य रोषितो वृषलः। किमन्यत्?

कञ्चुकी—(सभयं तूष्णीमधोमुखस्तिष्ठति।)

हिन्दी अनुवाद (घुटनों के बल जमीन पर पडकर) आर्य की जय हो, जय हो।

चाणक्य—(देखने का अभिनय करके) वैहीनरि, किस प्रयोजन से आगमन हुआ ?

कञ्चुकी—प्रातःस्मरणीय महाराज चन्द्रगुप्त ने, जिनके चरणकमल निरन्तर अभिनन्दनार्थ झुककर आने वाले और जाने वाले राजाओ के मौलिमुकुटों के मणि-माणिक्यो की रश्मि-शिखाओ से लाल और पीला बने रहते है, सिर झुकाकर आप से निवेदन किया है कि यदि आर्य के किसी अन्य कार्य में कोई विघ्न न पड़े तो दर्शन करने की इच्छा है।

चाणक्य—क्या वृषल मुझे देखना चाहता है ? वैहीनरि, ऐसा तो नहीं है कि मेरे द्वारा किया गया कौमुदीमहोत्सव का निषेध वृषल के कान तक पहुँच गया हो ?

कञ्चुकी—आर्य, ऐसी ही बात है।

चाणक्य—(क्रोध से) अरे किसने बताया है ?

कञ्चुकी—(भय का अभिनय करके) आर्य प्रसन्न हो। सम्राट् ने स्वयं सुगाङ्गप्रासाद के शिखर से आकर देखा कि कुसुमपुर में कौमुदी-महोत्सव नहीं मनाया जा रहा है।

चाणक्य—अरे, समझ गया। तुम्हीं लोगो ने मेरे विषय में कुछ इधर-उधर की बात कह कर वृषल को नाराज कर दिया। और क्या ?

कञ्चुकी—(डर के मारे सिर नीचे किए खड़ा रहता है।)

(*Touching the ground with the knees*) Victory to the Noble Sir.

Chanakya—Vahinari, what is the purpose of your coming ?

Chamberlain—Noble Sir, king Chandragupta of auspicious name, whose both lotus-like feet are made red and yellow by shoots of lustre of the pieces of gems that are moved on the crest of kings while they are bowing before him, after having saluted Noble Sir, says this, "I wish to see the Noble Preceptor if his other works are not interfered with"

Chanakya—Does the Vrishal wish to see me ? Vahinari, is it not that the prohibition by me of the celebration of Kaumudi festival has reached the ears of the Vrishal ?

Chamberlain—Yes, Noble Sir

Chanakya (*With anger*)—Ah, who told this ?

Chamberlain (*With fear*)—Noble Sir, the king himself came to the Suganga Palace and from there he saw Kusumpura was without the celebration of kaumudi festival

Chanakya—Ah, I understand Then at this occasion you people told something against me and enraged the Vrishal.

Chamberlain—(Stands silent with face downcast and acts to be afraid)

टिप्पणी

(१) **प्रणतसम्भ्रम ··युगल**.—जिनके दोनो चरण कमल प्रणामार्थ झुके हुए तथा जल्दी के कारण कॉपते हुए राजाओ की चूडामणि की किरणो से लाल-पीले बने रहते है। प्रणता कृतप्रणामा अतएव सत्वर समुच्चलिता ये भूमिपाला तेषा मौलय चूडा तेषा मालासु यानि माणिक्यशकलानि रत्नखण्डानि तेषा शिखाभि पिशङ्गीकृतम् पादपद्मयुगल यस्य स । (२) **अकृतक्रियान्तरायम्**—जिसके अन्य किसी कार्य मे विघ्न न पडा हो, अकृत क्रियाया अन्तराय यस्य तादृशम्। अन्त मध्ये अयनम् इति अन्तर्+अय्+घञ् भावे=अन्तराय । क्रियाया अन्तराय (प० त०), अकृत क्रियान्तरायो येन यस्य वा (ब० स०), तम्। (३) **अन्तरा**—बीच मे। मौका पाकर, मेरे न रहने पर । (४) **प्रोत्साह्य**—उत्तेजित करके। प्र+उद्+सह्+णिच्+ल्यप्।

चाणक्यः—अहो ! राजपरिजनस्य चाणक्योपरि विद्वेष-पक्षपातः। अथ क्व वृषलस्तिष्ठति ?

कञ्चुकी—(भयं नाटयन्) आर्य ! सुगाङ्गप्रासादगतेन देवेनाहमार्यपादमूलं प्रेषितः।

चाणक्यः—(उत्थाय) कञ्चुकिन् ! सुगाङ्गप्रासादमार्ग-मादेशय।

कञ्चुकी—इत इत आर्यः। (इत्युभौ परिक्रामतः।)

कञ्चुकी—अयं सुगाङ्गप्रासादः, शनैरारोढुमर्हत्यार्यः।

चाणक्यः—(नाट्येनारुह्यावलोक्य च सहर्षमात्मगतम्।) अये ! सिंहासनमध्यास्ते वृषलः। साधु साधु !—

हिन्दी अनुवाद—चाणक्य—ओह ! चाणक्य के साथ राजा के नौकरों का अतिशय द्वेष है। अच्छा, वृषल कहाँ है ?

कंचुकी—(भय का अभिनय करते हुए) आर्य, सुगाङ्गप्रासाद में गए हुए महाराज ने मुझे आपके पास भेजा है।

चाणक्य—(उठकर) कञ्चुकी, सुगाङ्गप्रासाद का मार्ग बताओ।

कंचुकी—इधर से आर्य, इधर से (दोनों घूमते हैं)।

कंचुकी—यह सुगाङ्गप्रासाद है। आर्य धीरे से (सँभाल कर) चढ़ें।

चाणक्य—(चढ़ने का अभिनय करके, देखकर प्रसन्नता के साथ, स्वगत) अहा, वृषल सिंहासन पर विराजमान है। बहुत अच्छा, बहुत अच्छा।

Oh, the leaning of the king's servants to the side of hatred towards Chanakya Well where is Vrishala ?

Chamberlain (Acting fright)—Noble Sir, I have been sent to you by the king sitting on the Suganga

Chanakya (getting up)—Chamberlain, show me the way to the Suganga

Chamberlain—This way Noble Sir, this way (*both move*)

Chamberlain—This is the Suganga Palace Let Noble Sir, move slowly

Chanakya (Acts ascent and noticing)—Ha, Vrishala is seated on the throne Bravo

टिप्पणी

(१) **राजपरिजनस्य**—राजा के नौकरों का। (२) **विद्वेषपक्षपातः**—द्वेष मे पक्षपात अर्थात् द्वेष करना। पक्षे पात पक्षपात (सुप्सुपा स०), विद्वेषे पक्षपात विद्वेषपक्षपात (सुप्सुपा स०)। (३) **सिंहासनमध्यास्ते**—सिंहासन पर विराजमान है। "अधिशीङ्स्थासां कर्म" मे द्वितीया हुई।

नन्दैर्वियुक्तमनपेक्षितराजवृत्तै-
रध्यासितञ्च वृषलेन वृषेण राज्ञाम्।
सिंहासनं सदृशपार्थिवसङ्गतञ्च
प्रीतिं परां प्रगुणयन्ति गुणा ममैते ॥१८॥

अन्वय—सिंहासनम् अनपेक्षितराजवृत्तै नन्दै वियुक्त, राज्ञा वृषेण वृषलेन अध्यासित च, सदृशपार्थिवसङ्गत च—एते गुणा मम परा प्रीति प्रगुणयन्ति ॥१८॥

हिन्दी अनुवाद—राजधर्म को न मानने वाले नन्द से वियुक्त और राजाओं में श्रेष्ठ वृषल से सुशोभित तथा अपने अनुरूप राजा से युक्त सिंहासन इन तीनों गुणो को देखकर मुझे बड़ा आनन्द हो रहा है।

The throne has been vacated by the Nanda's who did not carry out the duties of a king, and has been occupied by Vrishala, the best of kings, and is now under a king deserving it—these three virtues give me great pleasure

संस्कृत व्याख्या—सिंहासनम् राजासनम् अनपेक्षितराजवृत्तै न अपेक्षितम् अनादृतम् राजवृत्तम् राजधर्म यै तादृशै नन्दै वियुक्तम् रहितम् राज्ञा वृषेण

राजराजेश्वरेण वृषलेन चन्द्रगुप्तेन अध्यासितम् अधिष्ठितम् अनया च आक्रान्त्या इद सदृशेन योग्येन आत्मानुरूपेण पार्थिवेन अद्य सगत च विभूषित च । एते गुणा अभ्युदया मम परा प्रीतिम् आनन्दम् प्रगुणयन्ति जनयन्ति समाहरन्तीत्यर्थ ।

टिप्पणी

(१) **अनपेक्षितराजवृत्तै**—राजधर्म की उपेक्षा करने वाले नन्द वश के राजा लोग । अनपेक्षित राजवृत्तम् यै तादृशै । (२) **राज्ञा वृषेण**—राजाओ मे श्रेष्ठ । (३) **सदृशपार्थिवसगत च**—उपयुक्त राजा से युक्त होने पर । सदृशेन योग्येन पार्थिवेन सगतमिति (तृ० तत्पु०) । (४) **प्रगुणयन्ति**—पैदा कर रहे है । एते गुणाः—तीन गुणो मे पहला तो नन्द से वियुक्त होना, दूसरा राजाओ मे श्रेष्ठ वृषल से अधिष्ठित होना, तीसरा यह कि सदृश राजा से युक्त होना । सिहासन के योग्य बतलाकर प्रशसा करने से 'सम' नामक अलकार हुआ । सतोष के कारण होने से समुच्चय अलकार हुआ । वसन्ततिलका छन्द है ।

(उपसृत्य) विजयतां वृषलः ।

(सिंहासनादुत्थाय चाणक्यस्य पादौ गृहीत्वा) आर्य ! चन्द्रगुप्तः प्रणमति ।

चाणक्यः—(पाणौ गृहीत्वा) उत्तिष्ठोत्तिष्ठ वत्स !—

आ शैलेन्द्राच्छिलान्तःस्खलितसुरनदीशीकरासारशीता-
त्तीरान्तान्नैकरागस्फुरितमणिरुचो दक्षिणस्यार्णवस्य ।
आगत्यागत्य भीतिप्रणतनृपशतैः शश्वदेव क्रियन्तां
चूडारत्नांशुगर्भास्तव चरणयुगस्याङ्गुलीरन्ध्रभागाः ॥१९॥

अन्वय—शिलान्त स्खलितसुरनदीशीकरासारशीतात् शैलेन्द्रात् आ, नैकरागस्फुरितमणिरुच दक्षिणस्य अर्णवस्य तीरान्तात् आगत्य आगत्य भीतिप्रणतनृपशतै. तव चरणयुगस्य अङ्गुलीरन्ध्रभागा. शश्वदेव चूडारत्नाशुगर्भा. क्रियन्ताम् ॥१९॥

हिन्दी अनुवाद—(पास जाकर) वृषल की जय हो ।

(सिंहासन से उठकर चाणक्य के पैर पकड़ कर) आर्य, चन्द्रगुप्त प्रणाम करता है ।

चाणक्य—(हाथ पकड़कर) बेटा, उठो, उठो ।

गंगा जी के जलकण से शीतल होने वाले हिमालय के शृंग जहाँ तक है और दक्षिण की ओर जहाँ तक अनेक रंगों वाले रत्नों से रंजित समुद्र बहते हैं, वहाँ तक

के (इन दोनों सीमाओं के बीच के) सभी राजा तुम्हारे आतंक से नम्र होकर आकर तुम्हारे दोनो चरणों की उँगलियो के छिद्र-भाग को मुकुटो में जडे हुए रत्नों की किरणों से सुशोभित करें।

(*Going near*)—Victory to Vrishala

King (*Rising from the seat*)—Noble Preceptor, Chandragupta salutes you (*falls at his feet*)

